

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक राष्ट्रीय संस्करण RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 36 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 17 नवम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# भारतीय रेलवे की सभी को कंफर्म टिकट देने की तैयारी, समय सीमा भी तय

**समाज जागरण**

नई दिल्ली ट्रेनों से सफर करने वालों के लिए अच्छी खबर है. वेटिंग टिकट बीते दिनों की बात हो जाएगी. भारतीय रेलवे सभी यात्रियों को कंफर्म टिकट देने की तैयारी कर रहा है. आपको यह जानकारी और खुश कर देगी कि इसके लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा. रेलवे ने समय सीमा तय कर दी है. इस समय सीमा के बाद ट्रेनों से सफर करने वाले यात्री अपनी-अपनी सीटों में बैठकर या सोते हुए गंतव्य तक पहुंच सकेंगे.



मौजूदा समय 800 करोड़ यात्री सालाना ट्रेनों से सफर कर रहे हैं. इनके लिए मेल, पैसेंजर, सबअरबन और पैसेंजर को मिलाकर 10748 ट्रेनों का संचालन हो रहा है. इन 800 करोड़ यात्रियों में सभी को कंफर्म टिकट नहीं मिल पाता है. इनमें से तमाम लोगों को वेटिंग टिकट में यात्रा करना पड़ता है, जो काफी असुविधाजनक होता है. रेलवे की योजना 2027 तक सभी को कंफर्म टिकट देने की है. इस दिशा में काम भी शुरू हो चुका है.

रेलवे की योजना प्रति वर्ष 1000 करोड़ यात्रियों को सफर कराना है. इसके लिए 3000 अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन किया जाएगा, जिससे सभी को कंफर्म टिकट दिया जा सके. इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ट्रैकों की क्षमता बढ़ाने से लेकर ट्रेन बढ़ाने की दिशा में भारतीय रेलवे लगातार काम कर रहा है. रेलवे का लक्ष्य सभी को सुविधाजनक सफर कराना है.

### सात माह में 390 करोड़ ने किया सफर

अप्रैल से अक्तूबर के बीच सभी ट्रेनों में कुल 390.20 करोड़ यात्रियों ने सफर किया. इनमें ज्यादातर संख्या नॉन एसी एसी यानी स्लीपर और जनरल क्लास के यात्रियों की रही. नॉन ऐसी में 372 करोड़ यात्रियों ने सफर किया. यह ट्रेनों में सफर करने वाले कुल यात्रियों का 95.3 फीसदी है. कुल यात्रियों में एसी क्लास में 18.2 करोड़ ने यात्रा की. यह रेलवे के सभी क्लासों में सफर करने वालों के मुकाबले महज 4.7 फीसदी है.

## अब 20 नवंबर तक आवेदन

# BHU में सिविल सर्विसेज फ्री कोचिंग की एडमिशन डेट बढ़ी



**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। बीएचयू के डा. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र में एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए संचालित सिविल सर्विसेज फ्री कोचिंग में दाखिले की तिथि बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से नोटिफिकेशन जारी करते हुए आवेदन की अंतिम तिथि अब 20 नवंबर तक कर दिया है। पहले यह तिथि 15 नवंबर तक ही थी।

कोचिंग में एससी व एसटी अभ्यर्थियों को ही एडमिशन दिया जाता है। यहां कुल 100 सीटें हैं। इसमें 70 फीसद सीट अनुसूचित जाति और 30 फीसद ओबीसी कैटेगरी के लिए आरक्षित हैं। वहीं 100 सीटों में से 30 सीटें महिला अभ्यर्थियों के लिए भी रिजर्व हैं। कोचिंग संस्थान में अभ्यर्थियों के लिए स्मार्ट क्लासरूम, लाइब्रेरी, हाई स्पीड वाई-फाई की सुविधा दी जाती है। 100 छात्रों में से 10 को प्री एग्जाम क्वालिफाई कराने का टारगेट रखा जाता है।

# 4 करोड 38 लाख रुपए से होगा नादेश्वर मंदिर और माता मंदिर लखनई का पर्यटन विकास

### दोनों मंदिरों के पर्यटन विकास कार्यों हेतु टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ, शीघ्र प्रारंभ होगा कार्य

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज। प्रदेश सरकार के पर्यटन एंव संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जनपद में पर्यटन विकास की संभावनाओं पर गंभीरतापूर्वक ध्यान दिया है। उनके प्रयास से जनपद की ऐतहासिक धरोहरों का विकास हो रहा है। योजनाबद्ध तरीके से लगातार जनपद के प्राचीन मंदिरों का पर्यटन विकास कराया जा रहा है। सिरसागंज क्षेत्र के लोगों की आस्था का केन्द्र बने सिरसाखास स्थित प्राचीन नादेश्वर शिव मंदिर और लखनई के माता मंदिर का 4 करोड 38 लाख रुपए से पर्यटन विकास कार्य होगा।



पर्यटन मंत्री के प्रतिनिधि एवं जिला सहकारी बैंक फिरोजाबाद के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह ने बताया कि इन दोनों मंदिरों के लिये विभाग द्वारा जो कार्ययोजना तैयार की गयी थी, उसे सरकार द्वारा मंजूरी दे दी गयी है। नादेश्वर मंदिर के पर्यटन विकास के लिये 2 करोड 42 लाख की धनराशि और माता मंदिर लखनई के लिये 1 करोड 96 लाख की धनराशि स्वीकृत कर दी गयी है। जिसके लिये सम्बन्धित कार्यदायी संस्था द्वारा टेंडर निकाले जा चुके है। शीघ्र ही इन मंदिरों पर पर्यटन विकास कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इस धनराशि से प्रवेश द्वार, मल्टीपर्पज हॉल, मंदिर के चारों ओर सौन्दर्यीकरण, शौचालय, पर्यटक कियोस्क, आंतरिक फ्लोरिंग, पार्क निर्माण, स्टोन बैंच, साइनेज, म्यूरल वॉल, सीसी सडक आदि का निर्माण कराया जायेगा।

# दिल्ली की महिला खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय सेस्टोबॉल प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**दैनिक समाज जागरण**

दिल्ली की महिला खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय सेस्टोबॉल प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक, दिल्ली के अंकुर सिंघल, भारतीय सेस्टोबॉल टीम के कोच की अगुवाई में मिला स्वर्ण पदक, आठ से ग्यारह नवंबर तक थाईलैंड और श्रीलंका में आयोजित हुई थीं प्रतियोगिता



एशियन सेस्टोबॉल फेडरेशन द्वारा थाईलैंड और श्रीलंका में आयोजित सेस्टोबॉल अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय सेस्टोबॉल टीम के कोच अंकुर सिंघल की अगुवाई में भारतीय पुरुष व महिला टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस जीत में भारतीय महिला टीम के सदस्य रहीं दिल्ली की इनाया खान और तिष्या समाजदार का रहा महत्वपूर्ण योगदान।

सेस्टोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव श्री आकिब मोहम्मद जी ने यह जानकारी स-झा करते हुए बताया की आठ से ग्यारह नवंबर तक थाईलैंड और श्रीलंका में प्रतियोगिता आयोजित हुई थीं। इस प्रतियोगिता में दिल्ली की इनाया और तिष्या ने भारतीय महिला टीम में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भारत को गोल्ड दिलाकर अपने देश और राज्य का नाम रोशन किया।

भारतीय पुरुष टीम ने थाईलैंड को 3 - 0 ½ श्रीलंका को 2 - 1 से हराकर भारतीय महिला टीम ने थाईलैंड को 3 - 0 व श्रीलंका को 2 - 0 से हराकर प्रतियोगिता में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया ।। दिल्ली सेस्टोबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री दीन दयाल शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री लिरिल बंसल , उपाध्यक्ष श्रीमती अफशां जपानवाला , श्रीमती शमीर्ला शर्मा जी ने भारतीय महिला टीम की मैनेजर रहीं श्रीमती आस्था सिंघल, कोच अंकुर सिंघल , खिलाडी इनाया खान और तिष्या समाजदार को बधाई दी।।

# सीएम खट्टर की युवाओं को नसीहत, बोले- नौकरी करने वाला नहीं, देने वाला बनो

## परिवार पहचान पत्र डिजिटल क्रांति का नया उदाहरण

चंडीगढ़ (संदीप शर्मा)हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में आईटी के अधिकतम उपयोग के कारण हरियाणा डिजिटल क्रांति में अग्रणी बन गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि हरियाणा के युवाओं का रूझान आईटी की ओर बढ़ा है। चंद्रयान- 3 में हरियाणा के युवाओं का भी अतुलनीय योगदान रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए आज के युवा हमारी समृद्ध हरियाणवी संस्कृति को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए भी काम कर रहे हैं।आगे कहा कि आईटी ने सरकारी विभागों की कार्यशैली में व्यवस्था परिवर्तन का नया अध्याय जोड़ दिया है।

मिशन- 2024 को आईटी से जोड़कर हरियाणा को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य भी रखा गया है। इस दिशा में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के युवाओं से आह्वान किया है कि वे आईटी का उपयोग कर स्टार्टअप शुरू कर अन्य युवाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करें।सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने में हरियाणा को अन्य राज्यों की तुलना में राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान मिली है. परिवार पहचान पत्र इस डिजिटल क्रांति का एक नया उदाहरण है जिसमें प्रदेश के हर परिवार की जानकारी उपलब्ध है। मुख्यमंत्री का कहना है कि आज के युवा ही देश के भविष्य का आधार हैं।

# बीमारू राज्य नहीं, आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है यूपी : योगी आदित्यनाथ

## नई दिल्ली में इंडियन इंटरनेशनल ट्रेड फेयर- 2023 में पहुंचे सीएम योगी



- मुख्यमंत्री ने ट्रेड फेयर में यूपी पॉवेलियन का किया उद्घाटन, बढ़ाया एग्जीबिटर्स का उत्साह
- ओडीओपी स्टालों का मुख्यमंत्री ने लिया जायजा
- मुख्यमंत्री ने कहा- उत्तर प्रदेश में निवेशकों के लिए एक अच्छा माहौल

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, 16 नवंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 42वें इंडियन इंटरनेशनल ट्रेड फेयर- 2023 में पहुंचकर प्रदेश के कारीगरों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही शिल्पकारों और एग्जिबिटर्स का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां उत्तर प्रदेश मंडप का उद्घाटन किया। उन्होंने व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश पवेलियन के ओडीओपी मार्ट में हस्त निर्मित उत्पादों के विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया और कारीगरों एवं हस्तशिल्पियों से संवाद किया। उत्तर प्रदेश पवेलियन में प्रदेश के सभी जनपदों के ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।

ट्रेड शो में प्रदर्शित की जा रही यूपी की विकास गाथा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने इंटरनेशनल ट्रेड फेयर के जरिए पिछले पांच-छह वर्षों में बहुत अच्छा कार्य किया है। ऐसी उम्मीद है कि लगातार दूसरे वर्ष भी यूपी के खाते में गोल्डेन ट्रॉफी आ सकती है। सीएम योगी ने बताया कि प्रधानमंत्री के विजन वोकल फॉर लोकल में यूपी का ओडीओपी पूरे प्रदेश को एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित कर रहा है। इससे लाखों नौजवानों के लिए नौकरी और रोजगार के द्वार खुले हैं। सीएम योगी ने बताया कि ट्रेड फेयर में मौजूद यूपी पॉवेलियन में ओडीओपी के साथ-साथ नये भारत के नये उत्तर प्रदश में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए क्या हो रहा है, उसे भी शोकेस करने का प्रयास हुआ है। साथ ही विभिन्न डेवलपमेंट अथॉरिटी के द्वारा यूपी का कैसे कायाकल्प किया गया है, इसे भी ट्रेड फेयर के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास हुआ है। यूपी में पिछले 6 वर्ष में बिमारू राज्य से उबरने में सफलता प्राप्त की है। आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में इसकी पहचान हो रही है। यूपी में औद्योगिकीकरण के लिए एक नया माहौल बना है।

### यूपी का एक्सपोर्ट हुआ तीन गुना

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश कारीगरी के लिए बहुत मशहूर है। प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई का बड़ा क्लस्टर क्रियाशील है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले ही उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ था। तब वहां 70 हजार से भी अधिक देसी-विदेशी खरीददार आए थे। ओडीओपी के माध्यम से प्रत्येक जिले की पहचान वाले उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय मार्केट में निर्यात किए जाने पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। आज उत्तर प्रदेश का एक्सपोर्ट 86 करोड़ से बढ़कर 1.74 लाख करोड़ हो गया है, जोकि तीन गुना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं डिजिटलाइजेशन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के प्रोडक्ट देश-विदेश में पॉपुलर हो रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए एक हब तथा ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि फरवरी माह में जब उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन हुआ था तब इसके माध्यम से अबतक 38 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सहित वरिष्ठ अधिकारीगण एवं एमएसएमई से संबंधित अफसर उपस्थित रहे।

# पंजाब में बदलते मौसम को देखते हुए बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी का समय बदला

**समाज जागरण**

जैतो ,16 नवंबर (रघुनंदन पराशर): पंजाब मे ठंड ने दस्तक दे दी है जिस कारण फिरोजपुर में भारत-पाकिस्तान हुसैनीवाला बॉर्डर पर होने वाली रिट्रीट सेरेमनी का समय बदल दिया गया है। अब सेरेमनी शाम पांच बजे के बजाय साढ़े चार बजे होगी। यह जानकारी बीएसएफ के प्रवक्ता ने दी है।हुसैनीवाला बार्डर पर रोजाना सुबह भारत और पाकिस्तान अपने-अपने एरिया में अपने राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं। शाम के समय दोनों देशों की ओर से बेहतरीन परेड प्रस्तुत की जाती है। भारत की ओर से दिलावर खान टॉवर पोस्ट पर तैनात बीएसएफ के जवान परेड को करते हैं।यह रिट्रीट सेरेमनी अमृतसर में अटारी बार्डर, फज्लिका में सैदेके चौकी और फिरोजपुर में हुसैनीवाला बार्डर पर होती है, इस रिट्रीट सेरेमनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में देश-विदेश के पर्यटक पहुंचते हैं। लगभग 40 मिनट तक होने वाली इस रिट्रीट सेरेमनी के दौरान पूरा माहौल देशभक्ति से सराबोर हो जाता है। भारत की सरहद पर भारतीय तो पाकिस्तान की तरफ पाक नागरिक अपने देश के नारे लगा अपने देश-प्रेम को उजागर करते हैं। लोग देशभक्ति के गानों से झूमते हुए दिखाई देते हैं।



शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के स्मारक हुसैनीवाला बॉर्डर के नजदीकी हैं। 1962 तक यह क्षेत्र पाकिस्तान के पास रहा और उन्होंने भारत के इन महान शहीदों की याद में कोई भी स्मारक बनाने की परवाह नहीं की, जिन्होंने दोनों देशों की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। 1962 में भारत ने सुलेमानकी (फाजिल्का) के पास के 12 गांव पाकिस्तान को दे दिए थे और बदले में इस शहीद स्मारक की जमीन मिली थी।

# इस्कॉन के दीपदान महोत्सव में भगवान कृष्ण, बलभद्र और सु भद्रा की तस्वीर पर की गई पु ष्पांजलि

**समाज जागरण**

खगड़िया(बिहार)। ज़िला मुख्यालय के बबुआगंज स्थित श्री बड़ी दुर्गा स्थान परिसर में इस्कॉन नामहट्ट द्वारा श्री श्री राधा दामोदर भगवान का दीपदान महा महोत्सव मनाया गया। वरिष्ठ पत्रकार डॉ अरविन्द वर्मा, सुशांत कुमार, जाय श्री माता जी, मधु, कविता, मिठू सहित सैंकड़ों पुतुल नामहट्ट भक्तवृंद ने दीपदान किया। हरे रामा, हरे कृष्णा से सम्बंधित प्रार्थना और भजन पर लोग झूम उठे। कुछ भक्त नृत्य भी करते नजर आए। भगवान कृष्ण, भगवान बलभद्र और उनकी बहन सुभद्रा की तस्वीरों पर पुष्पांजलि भी अर्पित की गई। समपके उपरांत महाप्रसाद का भी वितरण किया गया।



# पूर्वांचल मित्र मंडल छठ पूजा समिति ने छठ घाट को किया बड़ा

पूर्वांचल मित्र मंडल छठ पूजा समिति द्वारा सेक्टर 31 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में आयोजित चार दिवसीय छठ पूजा महोत्सव में छठ घाट की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। छठ व्रतियों की सुविधा के लिए छठ घाट को बड़ा किया जा रहा है। छठ घाट के आस पास के पेड़ों को छांटा जा रहा है।आयोजन समिति के महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने बताया कि चार दिवसीय छठ पूजा महोत्सव के प्रथम दिवस 17 नवंबर को छठ व्रती नहाय खाय के साथ वृत शुरू करेंगे वहीं 18 नंबर को खरना करेंगे जिसका मतलब होता है शुद्धिकरण। इस दिन छठ व्रती पूरे दिन उपवास रखते हैं और शाम को गन्ने के रस या गुड़ से बनी खीर का भोग लगाने के बाद उपवास तोड़ते हैं इसके बाद 36 घंटे के निर्जल व्रत के लिए तैयार होते हैं। 19 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा वहीं 20 नवंबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर वृत का पारायण होगा

इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक अर्जुन प्रजापति, अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता, तरुण , मयंक सिंह, सुधीर राय सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सनातन वैदिक संस्कृति और साहित्य वर्तमान परिपेक्ष्य में सार्थक

**दैनिक समाज जागरण**

साहित्य सत्य की साधना शिवत्व की कामना और सौंदर्य की अभिव्यंजना है' शुद्ध, जीवंत एवं उत्कृष्ट साहित्य मानव एवं समाज की संवेदना और उसकी सहज वृत्तियों को युगों युगों तक जनमानस में संचारित करता आ रहा है और यही कारण है कि कालिदास, सूरदास, कबीर, प्रेमचंद, शेक्सपियर की कृतियाँ आज भी लोगों के मध्य अपनी रस सुधा से हृदय को भिगोती रहती है' राजनैतिक और भौगोलिक दृष्टि से विश्व कितने ही भागों में बट जाए, मतभेद और विवादों की खाई कितनी भी गहरी हो जाए, पर साहित्य धरातल पर सब सामान्य और एक हैं। दुनिया में मानव एक है। उनकी रचनाएं सभी जगह एक और समान है' यह भी सत्य है कि किसी भी देश की भाषा और साहित्य के अध्ययन के आधार पर वहां की सभ्यता संस्कृति के विकास का सहज विधि का अनुमान लगाया जा सकता है। साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा, उत्थान पतन का स्पष्ट चित्रण होता है। साहित्य की इन्हीं विशेषताओं के कारण साहित्य कालजई और सास्वत होता है। मुंशी प्रेमचंद जी ने साहित्य को "जीवन की आलोचना" भी कहा है।

साहित्य एक स्वायत्त आत्मा है, और उसकी सृष्टि करने वाला भी ठीक से नहीं घोषणा कर सकता है कि उसके द्वारा रचे गये साहित्य की अनुगूंज कब और कहां तक जाएगी। इस तरह साहित्य का सत्य समाज की नैतिक चिंता है। समाज की विसंगतियों को दूर करने वाला एक बड़ा रक्षक भी है। प्राचीन मनीषियों द्वारा लिखा गया साहित्य अत्यंत आकर्षक एवं प्रिय इसलिए भी लगता है कि मनुष्यता का एक संपूर्ण चरित्र चित्रण होता है। साहित्य और संस्कृति एक दूसरे से गहरे जुड़े हुए हैं। मानवी जीवन की तरह साहित्य मैं भी संघर्ष और निरंतरता की निरंतरता समाहित होती है। समय और परिस्थिति की संस्कृति का प्रभाव साहित्य पर निरंतर परिलक्षित होता रहता है। यह साहित्य ही है जो वर्तमान को सामने रख भविष्य की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज की सुषुप्त विवेक शक्ति को जागृत कर समाज का दिशा दर्शन भी करता है। अपने समय की विसंगतियों को दूर करने के साथ ही गुणात्मक साहित्य सदैव प्रासंगिक बना रहता है। समाज और जनमानस को आलोक स्तंभ की तरह पल्लवित एवं प्रकाशित करता है। वर्तमान के भौतिक समय में जब मानवता और संवेदना की पीड़ा की गूंज सभी जगह फैली हुई है, ऐसे में सत साहिब से और अवार्चीन संस्कृति दिशा दर्शन और माननीय संवेदनाओं को संबल देने में अत्यंत प्रासंगिक भी है। यह कतई कहने की आवश्यकता नहीं है कि श्रेष्ठ साहित्य वही है जो मनुष्य के भीतर और बाहर प्रासंगिक मूल्यों,संदेश और उद्देश्यों को समाए रखता है। कबीर दास रविंद्र नाथ टैगोर, शरद चंद, जयशंकर प्रसाद, रेणु, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर, मिल्टन आदि का साहित्य जनमानस के मन में और जीवन में रच बस गया है। इन्होंने प्रतिभा सापेक्ष श्रेष्ठ रचनाएं समाज को दी हैं। और यही कारण है इनकी रचनाओं से संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। साहित्य सदैव सामाजिक प्रक्रिया के आर्थिक राजनीतिक और समकालीन विचारधारा से बहुत ज्यादा प्रभावित रहा है। उनको प्रभावित भी करता है। इस तरह साहित्य संस्कृति के परिपेक्ष में देश कालिक होता है। शाहिद आदर्शवादी हो या आशावादी इस संदर्भ में अलग-अलग विद्वानों के अलग-अलग मत हैं। इस जीवन की आपाधापी में जहां निराशा कुंठा और समाजिक अंधविश्वास का भ्रम फैला है। वहां आशावादी दृष्टिकोण साहित्य के दायित्व को और गहरा बनाता है। इन दोनों बातों के समाधान के लिए जयशंकर प्रसाद की चंद पंक्तियां बहुत ही प्रासंगिक होगी कि "जीवन की अभिव्यक्ति यथार्थवाद है और अभाव की पूर्ति आदर्शवाद। साहित्य की पूर्णता के लिए यथार्थवाद और आशावाद दोनों का समन्वित रूप होना चाहिए", वास्तव में संस्कृति साहित्य के लिए एक प्रेरणा है।और संस्कृति साहित्य पर समय और काल पर अवलंबित होती है। साहित्य और संस्कृति दूसरे एक दूसरे के निश्चित तौर पर पूरक हैं। वर्तमान संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक भी। आशा करते हैं कि हिंदी साहित्य वैश्विक फलक पर बहुत ही शीघ्र अपना परचम स्थापित करेगा।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# विश्व के बारह अर्क स्थलों में एक है द्वापरकालीन भक्ति व आस्था का पवित्र ऐतिहासिक केंद्र ओलार्क सूर्य मंदिर

## *श्रीकृष्ण ने अपने पुत्र राजा शाम्ब को श्रापमुक्त होने के लिए कराया था स्थापना*

**दैनिक समाज जागरण**

**वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल**

लोकेशनः- दुल्हिन बाजार/ प्रखण्ड के उलार गांव में स्थित भक्ति व आस्था का ऐतिहासिक केंद्र ओलार्क सूर्य मंदिर का सम्बन्ध द्वापर युग से बतलाया जाता है। यह मंदिर पटना जिले के दुल्हिन बाजार प्रखण्ड अंतर्गत उलार गांव में स्थित है। यहां पहुंचने के लिए दुल्हिन बाजार व पालीगंज के बीचोबीच रकसिया गांव के पास पाली पटना मुख्य मार्ग से एक पक्की सड़क जाती है। वही रकसिया गांव के पास से मात्र 500 मीटर की दूरी पर स्थित यह मंदिर सूर्य उपासकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इस मंदिर में दो प्रवेश द्वार पूरब व पश्चिम दिशा की ओर है। पश्चिमी द्वार पर



उलार्क सूर्य मंदिर का मुख्य द्वार

एक चमत्कारी तालाब है। कहा जाता है कि तालाब में स्नान करनेवालों को कुष्ठ व चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है

### * धार्मिक मान्यताएंः-

हिन्दुओ के प्रसिद्ध धर्मग्रन्थ शाम्ब पुराण में वर्णित कथाओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण के जाम्बन्ति पुत्र राजा शाम्ब सुंदर स्त्रियो व युवतियो के साथ सरोवर में स्नान कर रहे थे। उसी समय महर्षि गर्ग सरोवर के नजदीक वाले रास्ते से कही जा रहे थे जिन्हें देखने के बावजूद भी राजा शाम्ब ने उनकी न तो अभिवादन किया बल्कि युवतियो से अलग तक नही हटे। वही राजा शाम्ब ने महर्षि का उपहास किया



उलार्क मंदिर का ऊपरी हिस्सा

जिससे क्रोधित होकर महर्षि गर्ग ने राजा शाम्ब को कुष्ठ रोगी होने का श्राप दे दिया। घटना की जानकारी पाकर भगवान श्रीकृष्ण को बहुत दुख हुआ। उन्होंने राजा शाम्ब को इस श्राप से मुक्ति के लिए शाकद्वीप से बैद्य व सूर्य उपासक ब्राह्मणों को बुलाकर उपचार व भगवान सूर्य की उपासना करवाया। वही जिन नदियो व तालाबो के किनारे की मिट्टी व जल में गन्धक की मौजूदगी पायी गयी वहा यज्ञ का आयोजन करवाकर अर्क स्थल के रूप में प्रतिष्ठापित किया। जिसमे बारह अर्क स्थल शामिल है जैसे उलार के ओलार्क, उड़ीसा के कोणार्क, दे० के देवार्क, पंडारक के पुण्यार्क, अङ्गरी के औंगार्क, काशी के लोलार्क, कन्दाहा सहरसा के मार्कण्डेयार्क, उत्तराखण्ड कटारमल के कटलार्क, बड़गांव के बालार्क, चंद्रभागा नदी किनारे चानार्क, पंजाब के चिनाव नदी किनारे आदित्यार्क व गुजरात के पुष्पावती नदी किनारे मोढेरार्क। तब से आज तक हिन्दू धर्म को माननेवाले लोग इन स्थलों पर पूजा अर्चना कर रोगों व ब्याधियो से मुक्ति पा रहे है।

### * इतिहासः-

भारतीय इतिहास के अनुसार मुगल शासक औरंगजेब ने इस स्थान पर बने मंदिर को तोड़वा दिया था। पर भक्तगण जीर्ण शीर्ण मंदिर के ऊपर लगे पीपल के पेड़ व जंगलरूपी स्थान में भगवान सूर्य की प्रतिमा की पूजा करते रहे। अचानक 1948 में पहुंचे सन्त सदुरु अलबेला बाबाजी महाराज ने कठिया बाबा के बगीचा में रहनेवाले एक सन्त नारायण दास उर्फ सुखलु दास के आग्रह पर पीपल के पेड़ की पूजा अर्चना किये जिसके प्रभाव से पीपल का पेड़ सुख गया। उसके बाद अलबेलाजी महाराज ने स्थानीय लोगो व भक्तो के सहयोग से इस स्थान पर सूर्य मंदिर का निर्माण कराया। लोगो को मानना है कि मंदिर के पास बने चमत्कारी सरोवर में स्नान करने से थकावट दूर हो जाती है व चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है.इसके जल व आस पास के मिटटी की जाँच के उपरांत गन्धक की मौजूदगी पायी गयी है।

### * स्थितिः-

मंदिर के महंत व पुजारी अवध बिहारी दासजी महाराज ने बतलाया की प्रत्येक रविवार को हजारो की संख्या में श्रद्धालु यहां आकर सरोवर में स्नान कर मंदिर में स्थापित भगवान सूर्य को दूध से अभिषेक कराते है। वही उन्होंने बताया कि छठ पूजा के अवसर पर राज्य व देश के बिभिन्न क्षेत्रो से आये श्रद्धालूओ की भीड़ से मंदिर परिसर मानव जमघट में तब्दील हो जाती है। श्रद्धालुओं व ब्रतियो की सुविधाओं के लिये पूर्व में मंदिर पूजा कमिटी की ओर से ही सभी ब्यवस्था की जाती थी लेकिन वर्ष 2016 में छठ पूजा की ब्यवस्था की जायजा लेने पहुंचे पटना जिला विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार ने बिहार सरकार की ओर से पांच लाख की राशि उपलब्ध



उलार्क मंदिर का आंतरिक भाग की सजावट

कराई थी। तब से कार्तिक छठ पर के अवसर पर आयोजित होनेवाली उलार महोत्सव को संचालन के लिए सरकार की ओर से भी आर्थिक सहयोग किया जा रहा है. साथ ही इस मंदिर को राष्ट्रीय पञ्चांग से भी जोड़ दिया गया है। लेकिन कोरोना काल के समय सरकार की ओर से उलार महोत्सव बन्द करवा दी गयी है तब से



उलार्क मंदिर में स्थापित सूर्य की प्रतिमा

आजतक बन्द ही है।

### * पूजा की तैयारियांः-

तैयारी के सम्बंध में पालीगंज एसडीओ जयचन्द्र यादव ने बताया कि मंदिर परिसर में स्थित तालाब में चारो ओर बेरिकेटिंग सहित एसडीआरएफ के जवान तैनात होंगे। साथ ही ब्रतीयो कि शुरक्षा को लेकर सड़को पर बेरिकेटिंग व पर्याप्त पुलिस बल के साथ कंट्रोल रूम की ब्ययवस्था होगी। पेयजल, शौचालय, लाइटिंग सहित अन्य सभी प्रकार की सुविधाओ का उचित प्रबंध होगी।

# 'टू प्लस टू' वार्ता से चीन को मिर्ची क्यों लग रही है !

**दैनिक समाज जागरण**

पिछले सप्ताह भारत और अमेरिका के बीच टू प्लस टू वार्ता व्यवस्था के तहत पांचवीं बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुआ। दो जोड़ दो वार्ता के मतलब अमेरिका और भारत के विदेश और रक्षा मंत्रीयों के बीच की बैठक, जिसमें भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन एवं रक्षामंत्री लोयड आस्टिन शामिल हुए। यह टू प्लस टू वार्ता व्यस्था दोनों देशों के बीच कूटनीतिक व रणनीतिक संबंधों पर फैसला लेने के लिए गठित हुआ है। हिन्द प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभुत्व को इस क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए खतरनाक माना जा रहा है। भारत और अमेरिका इस स्थिति की गंभीरता को भापते हुए अपनी रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने का फैसला इस बैठक में किया ।

बैठक के दौरान चर्चा के मुद्दों में रक्षा क्षेत्र में सहयोग और सह-उत्पादन की प्रक्रिया और तेज करना, हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में क्वाड संगठन को और गतिशील बनाना, पश्चिम एशिया युद्ध, युक्रेन-रूस युद्ध और भारत-कनाडा कूटनीतिक विवाद जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया गया। इतना ही नहीं देनों देशों के नागरिकों की आवागमन में कैसे सहूलियत प्रदान की जाय, आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को कैसे प्रगाढ़ किया जाय तथा सप्लाई चेन का एक मजबूत वैश्विक विकल्प किस तरह तैयार हो ये मुद्दें भी चर्चा में रहे। इससे साफ पता चलता है कि दोनों देश अपने हितों के बीच सामंजस्य बिठाने की प्राथमिकता पर जोर देते हुए दिखाई दे रहे है ।

प्रश्न उठता है कि जब दोनों देश अपने अपने हितों की रक्षा और बढ़ावा देने की बात कर रहे है तो चीन को परेशान क्यों होना चाहिए? बैठक में भारत के दो विरोधी देशों चीन और पाकिस्तान की तरफ से पैदा होने वाली समस्याओं पर भी परोक्ष रूप से चर्चा की गई और अमेरिका में दोनों मामलें में भारत के हितों के पक्ष में आवाज उठाई है। जैसे बैठक के बाद संयुक्त बयान में मुंबई हमले, पठानकोट हमले का न केवल जिक्र किया गया बल्कि इसके शाजिश रचने वाले संगठनों के खिलाफ करवाई सुनिश्चित करने की मांग भी दोहराई गई. दोनों देशों ने कहा कि भारत और अमेरिका कानून सम्मत अंतराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थन करते है जिसमें संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पालन ही न हो बल्कि दुसरे देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का आदर भी हो। भारत पूर्वी लद्दाख में चीनी सैनिकों की घुसपैठ को अपना संप्रभुता का उल्लंघन करार देता रहा है ।

जाहिर है कि भारत अमेरिका के बीच प्रगाढ़ हो रहे संबंध चीन की नाराजगी का एक बड़ा कारण बनना वाजिब है. हालांकिं इसके लिए चीन द्वारा भारत की सीमा पर अतिक्रमणकारी नीतियाँ को जिम्मेदार माना जा सकता है, जो भारत को अमेरिका के निकट ले जाने को विवश की। वस्तुतः कुछ वर्षो से देखा जाय तो चीन अमेरिका को हर क्षेत्र में चुनौती दे रहा है। दक्षिण एशिया में चीन का प्रभुत्वा लगातार बढ़ रहा है। चीन के प्रभुत्व को यदि कोई मजबूती के साथ रोक सकता है तो वो है भारत ऐसा अमेरिका भी मानता है। क्वाड की स्थापना कही न कही इस उद्देश्य को पूरा करते हुए दिखाई देता है। हालाँकि ऐसा देखा गया है कि भारत अपनी गुटनिरपेक्षता वाली निति को ध्यान में रख कर ही अपनी विदेशनीति बनता है ।

टू प्लस टू वार्ता में क्वाड गठबंधन की मजबूत करने की बात हुई। ज्ञातव्य है की इस गठबंधन का उद्देश्य ही एक स्वतंत्र और खुले और समावेशी हिन्द- प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देना है। चीन इसे क्षेत्र में अपना प्रभाव रोकने की कोशिश के तौर पर देखता है। बैठक में बेसिक एक्सचेंज एंड कोओपरेशन एग्रीमेंट (बीईसीए) पर हस्ताक्षर किया गया, जो उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी और खुफिया जानकारी साझा करेने की बात करता है। चीन इसको सैन्य चुनौती के रूप में देख रहा है। जाहिर है भारत और अमेरिका अपने आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर जो बाते की है उसपर चीन कैसे न लाल-पिला हो, क्योकि चीन जो दोनों देशों के लिए एक प्रमुख आर्थिक प्रतिस्पर्धी बनकर जो बैठा है। अमेरिका का दक्षिण चीन सागर पर भारतीय दावों का समर्थन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के विस्तारवादी नीतियों का विरोध पर चीन का आग बबूला होना वाजिब है।



**शगुन चतुर्वेदी, शोध अध्येता और चीनी भाषा जानकर**

# जसवंत सिंह रावत

जसवंत सिंह रावत (जन्म- 19 अगस्त, 1941; शहादत- 17 नवंबर, 1962) भारतीय थल सेना के जांबाज सैनिकों में से एक थे। उत्तराखण्ड की पावन भूमि एक ओर धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक अनुष्ठान की स्थली रही है, वहीं यह भूमि अन्यानेक वीर एवं वीरांगनाओं की जन्म स्थली भी रही है। इस कड़ी में सूबेदार बलभद्र सिंह नेगी, 'विक्टोरिया क्रास' विजेता सूबेदार दरबान सिंह, 'विक्टोरिया क्रास' विजेता रायफलमैन गब्बर सिंह नेगी, कर्नल बुद्धीसिंह रावत, मेजर हर्षवर्धन बहुगुणा आदि के नाम अमर हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध में 72 घंटे तक अकेले बॉर्डर पर लड़कर शहीद होने वाले भारतीय सैनिक जसवंत सिंह रावत आज भी अमर हैं। 24 घंटे उनकी सेवा में सेना के पांच जवान लगे रहते हैं। यही नहीं, रोजाना उनके जूतों पर पॉलिश की जाती है और कपड़े प्रेस होते हैं।

**परिचय**

देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले रायफलमैन जसवंत सिंह रावत का जन्म 19 अगस्त, 1941 को ग्राम बाडयू पट्टी खाटली, पौढ़ी (गढ़वाल) में हुआ। इनके पिता गुमान सिंह रावत देहरादून में मिलेट्री डेयरी फार्म के कर्मचारी थे। उनकी माता का नाम लीलावती था। इनके भाई विजय सिंह एवं रणवीर सिंह हैं। नौवीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त करने के बाद जसवंत सिंह रावत के मामा प्रताप सिंह नेगी, सेवानिवृत्त मेजर ने उन्हें 16 अगस्त, 1960 को चौथी गढ़वाल रायफल लैन्सडाउन में भर्ती करा दिया। उनकी ट्रेनिंग के समय ही चीन ने भारत के उत्तरी सीमा पर घुसपैठ कर दी थी। धीरे-धीरे उत्तरी-पूर्वी सीमा पर युद्ध शुरू कर दिया। सेना को कूच करने के आदेश दिये गये। चौथी गढ़वाल रायफल नेफा क्षेत्र में चीनी आक्रमण का प्रतिरोध करने को भेजी गई।

जसवंत सिंह रावत के पूर्वज गढ़-कॉंडा-गुराडगढ़ के अधिपति वीर सेनानी भुपु रौत एवं तीलू रौतली थे, जो गढ़वाल के राजा के दरबारी थे। इन्होंने अपने अदम्य साहस व अनुकरणीय वीरता के कारण गढ़वाल के इतिहास में अपना नाम सम्मान से दर्ज कराया है। तीलू रौतेली को तो 'गढ़वाल की रानी लक्ष्मीबाई' भी कहा जाता है।

**चीनी आक्रमण**

प्रशिक्षण समाप्त करते ही 17 नवम्बर 1962 को चौथी गढ़वाल रायफल को नेफा, अरुणाचल प्रदेश की टवांग वू नदी पर नूरनांग पुल की सुरक्षा हेतु लगाया गया था, पर चीनी सेना ने हमला बोल दिया। यह स्थान 14,000 फीट की ऊँचाई पर था, चीनी सेना टिड्डियों की तरह भारत पर टूट पड़ी। चीनी सैनिकों की अधिक संख्या एवं बेहतर सामान के कारण सैनिक हताहत हो रहे थे। दुश्मन के पास एक मीडियम मशीनगन थी, जिसे कि वे पुल के निकट लाने में सफल हो गये। इस एल.एम.जी. से पुल व प्लाटून दोनों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी।

**मोर्चे पर अडिग**

यह सब देखकर जसवंत सिंह रावत ने पहल की व मशीनगन को लूटने के उद्देश्य से अपने आपको स्वेच्छा से समर्पित कर दिया। तब उनके साथ लान्सनायक त्रिलोक सिंह व रायफलमैन गोपाल सिंह भी तैयार हो गये। ये तीनों जमीन पर रेंगकर मशीनगन से 10-15 गज की दूरी पर ठहर गये। उन्होंने हथगोलों से चीनी सैनिकों पर हमला कर दिया। उनकी एल.एम.जी. ले आये और गोली बरसाने लगे। जसवंत सिंह रावत ने बहादुरी दिखाते हुए बैरक नं. 1, 2, 3, 4 एवं 5 से निरन्तर, कभी बैरक नं. 1 से तो कभी बैरक न. 2 से गोलियों की वर्षा कर शत्रु को 72 घंटे रोके रखा। वह कभी एक बंकर में जाते, वहाँ से गोली चलाते, फिर दूसरे बंकर में जाते। उन्हें स्थानीय महिला शीला ने बड़ी मदद दी। उन्हें गोला बारूद व खाद्य सामग्री निरन्तर उपलब्ध करवायी। जसवंत सिंह रावत देशभक्ति के दीवाने थे। वह निरन्तर गोलियां चलाते रहे। उन्हें उस समय परमपिता परमात्मा ने असीम शक्ति प्रदान कर दी थी। उनकी पूर्वज वीर बाला तीलू रौतेली उनकी आदर्श थीं। इस रणनीति के कारण दुश्मन यह समझता रहा कि भारतीय सेना बड़ी मात्रा में उन्हें रोक रही है।

**शहादत**

1962 के इस भयंकर युद्ध में 162 सैनिक वीरगति को प्राप्त हो गये। 1264 को दुश्मनों ने कैद कर लिया। 256 सैनिक बफीर्ली हवाओं में तितर-बितर हो गये। उस समय भारतीय सेना के पास युद्ध के अनुकूल गोला-बारूद्ध, युद्ध का साजो सामान भी नहीं था और न ही उनकी तैयारी थी। वहाँ पर मठ के गद्दार लामा ने चीनी सेना को बताया कि एक आदमी ने आपकी ब्रिगेड को 72 घंटे से रोक रखा है। इस समाचार के बाद उन्होंने चौकी को चारों ओर से घेर लिया और जसवंत सिंह रावत का सर कलम करके अपने सेनानायक के पास ले गये। चीनी सेना के डिब कमाण्डर ने सम्मान के साथ उनका शव सन्दूक में बंदकर एक पत्र के साथ भेजां कि- "भारत सरकार बताये कि इस वीर को क्या सम्मान देंगे, जिसने 3 दिन व 3 रात तक हमारी ब्रिगेड को रोके रखा।" वीर तो वह है, जिसकी वीरता का शत्रु भी सम्मान करे। तेजपुर से तवांग रोड पर 425 कि.मी. पर शिलालेख पर वीरगति प्राप्त शहीदों के नाम अंकित हैं व उनकी स्मृति स्वरूप समाधि मंदिर बनाया गया है।

लैफ्टिनेन्ट जनरल कौल ने अपनी पुस्तक 'दि अनटोल्ड स्टोरी' में लिखा है कि- "जिस तरह से चीन का यह युद्ध गढ़वाल रायफल के सैनिकों ने लड़ा, उसी तरह अन्य बटालियन भी युद्ध लड़ती तो इस युद्ध का परिणाम कुछ और ही होता। नेफा की जनता जसवंत सिंह रावत को देवता के रूप में पूजती है और उन्हें 'मेजर साहब' कहती है। उनके सम्मान में जसवन्त गढ़ भी बनाया गया है। उनकी आत्मा आज भी देश के लिए सक्रिय है। सीमा चौकी के पहरेदारों में से यदि कोई ड्यूटी पर सोता है तो वह उसे चाटा मारकर चौकन्ना कर देती है।

**सम्मान**

हीरो ऑफ नेफा जसवंत सिंह रावत को मरणोपरान्त 'महावीर चक्र' प्रदान किया गया एवं सेना द्वारा उनकी याद में हर वर्ष 17 नवम्बर को 'नूरानांग दिवस' मनाकर अमर शहीद को याद किया जाता है।

**आज भी मुस्तैद**

वहां रहने वाले जवानों और स्थानीय लोगों का मानना है कि जसवंत सिंह रावत की आत्मा आज भी भारत की पूर्वी सीमा की रक्षा कर रही है। उनके नाम से नूरानांग में

# भारत भाग्य विधाता जय हे

स्वास्थ्य कभी औषधियों के बल
किसी का नही निखारा जाता है,
मन का संतोष कभी धन की ताकत
से नही किसी को मिल पाता है।

आत्मा का संयम, संतोष हृदय का
शरीर को स्वस्थ बनाए रखते हैं,
हँसी खुशी और अनुरागी जीवन
से तन मन सभी स्वस्थ रहते हैं।

परिवेश हमारा अपना हो, अपने
देश के पुरखों का पूरा सपना हो,
गांधी, गौतम की पावन धरती पर,
ही जीवन की यह यात्रा पूरी हो।

जिस धरती पर हम जन्मे, उस धरती
की सेवा में साँसो की गिनती पूरी हो,
पुनर्जन्म यदि होता हो तो हे ईश्वर
अपनी मातृभूमि से कभी न दूरी हो।

भारत की रक्षा में जैसे बलिदान
दिया है इस देश के बीर सपूतों ने,
मेरा तन-मन सभी निछावर हो उन
असंख्य शहीदों की श्रद्धांजलि में।

स्वस्थ देश के जन हों सारे, सारी
जनता भारत भक्ति की कायल हो,
जनता जनार्दन की सेवा में नेता,
मंत्री, अधिकारी सब हाज़िर हों।

हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई उत्तर
दक्षिण तक पावन पर्वत नदियाँ,
लहराये तिरंगा प्यारा कोने कोने में,
गर्मी, सर्दी, वसंत, शरद हर ऋतु में।

हो मेरे भारत की एकता अखण्ड,
जन, गण, मन अधिनायक जय हे,
हे भारत भाग्य विधाता जय हे,
आदित्य सदा जय हे जय हे जय हे।



कर्नल आदि शंकर आदित्य
लखनऊ

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# आगामी 09 दिसंबर को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में आगामी 09 दिसंबर को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विषेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेषन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि के लिए इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे। लोक अदालत द्वारा जारी किए गए फैसले को दीवानी अदालत के डिक्री का दर्जा प्राप्त होता है। यह फैसले बाध्यकारी होते हैं और इनके खिलाफ अपील नही की जा सकती। लोक अदालत का कोई न्यायालय शुल्क नहीं है और यदि न्यायालय शुल्क का भुगतान पहले ही कर दिया गया है, तो लोक अदालत में विवाद का निपटारा होने पर राशि वापस कर दी जाती है।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# कल 17 नवंबर से नहाय-खाय के साथ होगी चार दिवसीय छठ पूजा की शुरूआत, छठव्रतियों को सभी सुविधाएं देने की मांग

नोएडा,16 नवंबर 2023 अखिल भारत हिन्दू महासभा एवं अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम.,जिलाधिकारी मनीष वर्मा एवं पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह से नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं गौतमबुद्धनगर के सभी छठव्रतियों को पानी, प्रकाश, सफाई, सुरक्षा आदि उपलब्ध कराने की मांग की है।उन्होंने कहा है कि छठ पर्व भगवान सूर्य की उपासना का महानतम पर्व है।इस पर्व को बिहार एवं पूर्वांचल के लोग भारी संख्या में मनाते हैं।इसलिए छठव्रतियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाये।श्री शर्मा ने बताया है कि सेक्टर-75, 71, 66, 62, 82, 93, 110, 12, 19, 20, 21ए स्टेडियम, 22,31,45,55, छीजारसी, चोटपुर,ममूरा,होशियारपुर,मोरना,



छलेरा,सदरपुर, भंगेल में कृत्रिम तालाब बनाकर छठ पर्व मनाया जाता है।हिंडन तथा यमुना किनारे भी हजारों छठव्रती अर्घ्य देते हैं।

महासभा अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया है कि कल 17 नवंबर को नहाय-खाय के साथ सूर्य उपासना का महान छठ पर्व प्रारम्भ हो जायेगा।उस दिन छठव्रती चावल, चना दाल और घीया की सब्जी स्वयं बनाकर प्रसाद ग्रहण करेंगे तथा परिवार के समस्त सदस्योंको वितरित करेंगे।इसके साथ छठव्रतियों का व्रत शुरू हो जाएगा।18 नवंबर को सायं काल खरना की पूजा होगी।छठव्रती खीर, पिट्ठा, सादा रोटी, दूध, गुर आदि का प्रसाद स्वयं ग्रहण कर परिवार के सदस्यों एवं सभी परिचितजनों को देंगे।खरना के साथ छठव्रतियों का 36 घन्टे का निर्जला व्रत शुरू हो जायेगा।19 नवंबर,कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी सायं काल को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा।20 नवंबर, कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी को प्रातःकाल उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा।इसके साथ ही छठव्रतियों का 36 घन्टे का निर्जला व्रत समाप्त हो जायेगा तथा चार दिवसीय छठ पर्व का समापन हो जायेगा।

आप सभी देशवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ

# संभल चंदौसी मार्ग पर लगा लंबा जाम, जाम खुलवाने में छूटे पसीने

## टीआई अनुज मलिक ने पहुंचकर संभाली स्थिति, तब खुल सका जाम

दैनिक समाज जागरण संभल। संभल में लगे जाम से वाहनों को निकलने में खासी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

ऑटो रिक्शा एवं चार पहिया वाहनों को लंबी कतार लग गई। सभी वाहन जाम में धीरे धीरे निकलने का प्रयास कर रहे थे। संभल चंदौसी चौराहे पर भारी जाम लगने से वाहनों की लंबी लाइन लग गई। जाम के चलते लोग अपनी गाडियां धीरे धीरे आगे निकालते देखे गए। जाम के समय यातायात कर्मियों की संख्या कम थी जिसके कारण वे जाम खुलवाने में असमर्थ दिखाई दे रहे थे। जब जाम को काबू करना मुश्किल होता जा रहा था तभी हल्के के दरोगा और अन्य पुलिस कर्मी वहां पहुंचे। उन्होंने भी स्थिति संभालने का प्रयास किया। अंत में टीआई अनुज मलिक



अन्य यातायात पुलिस कर्मियों सहित पहुंचे जिसके बाद जाम से लोगों को निजात मिल सकी।

त्यौहारों का मौसम चल रहा है, एक दूसरे के यहां अतिथियों का आना जाना लगा हुआ है। इसे देखते हुए संभल में ट्रैफिक पुलिस की व्यस्तता भी बड़ गई है। प्रत्येक चौराहे पर पुलिस के जवान अपनी ड्यूटी अंजाम दे रहे हैं। हालांकि चंदौसी चौराहे पर जाम की स्थिति का एक कारण लोगों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के बाहर मोटर साइकिल तथा कार खड़ी करना भी है। संभल बहजोई मार्ग पर स्थित एक निजी अस्पताल के बाहर मरीज और तीमारदारों की खड़ी मोटरसाइकिलों और एंबुलेंस से भी जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

# अल अमीन एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया!

दैनिक समाज जागरण सम्भल । राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम का अयोजन किया गया!

सोसाइटी अध्यक्ष मुहम्मद शारिक जीलानी ने बताया कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस 16 नवंबर देश में एक जिम्मेदार और स्वतंत्र प्रेस का प्रतीक है. विभिन्न कार्यक्रमों के इतर पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है. सोसाइटी के तत्वाधान में एक बैठक कर आयोजन तय किया गया जल्द ही दिनांक घोषित करके पत्रकार सम्मान समारोह कार्यक्रम का अयोजन किया जायेगा सोसाइटी हमेशा पत्रकार साथियों की आभारी रहेगी जिस ने समय समय पर सोसाइटी के



कार्यक्रम को कवरेज कर के कार्यक्रम को सफल बनाया है! मीर शाह हुसैन आरिफ ने कहा कि भारत में प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है. आजादी के समय से लेकर अब तक भारत में प्रेस की बहुत बड़ी भूमिका रही है. ! अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया

संचालन शावेज खान ने किया ! मुहम्मद शारिक जीलानी ने सभी का आभार व्यक्त किया! मीर शाह हुसैन आरिफ, नाजिश खान, मुहम्मद शारिक जीलानी, फाजिल खान, शावेज खान, आदि मौजूद रहे!

# महिला सुरक्षा दल/एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।

**महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किया जागरुक।**



दैनिक समाज जागरण संभल।महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देशन में जनपद सम्भल के समस्त थानों की एण्टी रोमियो टीमों व शक्ति दीदी द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल/कालेजों, गांवों/कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108, साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

# साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद के आवास पर निशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर /नजीबाबाद/साहनपुर नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के कस्बा साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के आवास पर निशुल्क मेडिकल कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें डां नेहा यादव डा फरमान इवटर ,डा अनस की देखरेख में एक दिन का निशुल्क मेडिकल कैम्प आयोजित किया गया। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने इस कैम्प का शुभारंभ किया। इस मौके पर सैकड़ों



मरीजों ने निशुल्क मेडिकल कैम्प का फायदा उठाया इस कार्य से साहनपुर की जनता चैयरमेन खुर्शीद की सराहना कर रही है

# ओवरलोड गन्ने के ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर नहटौर ओवरलोड गन्ने के ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आकर एक बाइक सवार की बुरी तरह कुचलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है ।मिली जानकारी के अनुसार नहटौर हल्दौर मार्ग पर नहटौर के गांव बैरमाबाद गढ़ी में एल्फा होटल के सामने शाम करीब 7:00 बजे गन्ने के ओवरलोड ट्रक की चपेट में एक बाइक सवार आ गया। जिसमें बाइक सवार ट्रक के पिछले पहिए में आने से बुरी तरह कुचल गया और



उसकी मौके पर ही मौत हो गई।उसकी बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।पुलिस उसकी पहचान करने की कोशिश में लगी हुई है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। घटना के दौरान सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे हैं। दोनों और वाहनो की लंबी लंबी कतार लग जाने पर पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया।

# हरियाणा में ग्रुप D की भर्ती पर हाईकोर्ट ने लगाया स्टे

चंडीगढ़ (संदीप शर्मा)हरियाणा में सरकारी नौकरी की बाट जोह रहे युवाओं के लिए मायूसी भरी खबर सामने आई है।ग्रुप डी भर्ती परीक्षा के रिजल्ट का इंतजार कर रहे लाखों युवाओं को इस नौकरी के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में आज इस भर्ती को लेकर लगाई गई याचिका पर सुनवाई हुई थी।आज हुई सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने इस भर्ती पर स्टे लगा दिया है। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि जिस घर में सरकारी नौकरी नहीं है उसके नाम पर दिए जाने वाले सीधे 5 नंबर पर रोक लगाई जानी चाहिए। ये नंबर देने से पहले इसकी फिजिकल वेरिफिकेशन होनी चाहिए और उसके बाद ही इन नंबरों का लाभ मिलना चाहिए। अब इस मामले में अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी।वहीं, हाईकोर्ट ने कहा है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग बिना इन 5 नंबरों के इस भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकती है यानि बाकी 95 नंबर में से मेरिट सूची बनाकर दस्तावेज सत्यापन समेत अन्य प्रकिया को आगे बढ़ा सकते हैं।इसके साथ ही, हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि इस मामले को लेकर भर्ती को रद्द नहीं किया जाएगा. बाकि अपडेट अगली सुनवाई यानि 21 नवंबर को मिल पायेगी।

# पहले मतदान बाद में होंगे सारे काम (कैट) दीपक सेठी

कॉनफि डरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदेश जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी, प्रदेश सचिव दीपक सेठी, कैट प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य (महिला विंग) सीमा सिंग चौहान, जबलपुर जिला अध्यक्ष रोहित खटवानी एवं जिला सचिव मनु शरत तिवारी ने जबलपुर जिले के सभी व्यापारियों एवम व्यापारी संगठन के सभी लोगों से आग्रह किया है कि 17 नवंबर 2023 को होने जा रहे मतदान में आप सभी बढ़ चलकर हिस्सा ले एवं अपने जिले और प्रदेश को अत्यधिक मतदान होने पर नंबर वन बनाने में सहयोग दें।

समय खड़ा है सामने जो कह रहा है लौट कर तू वोट कर तू वोट कर
तू वोट कर
यह मूल मंत्र यंत्र का यह मंत्र लोकतंत्र का यह देश हित का सूत्र है तू देश हित में वोट कर तू वोट कर
तू वोट कर,
यह फर्ज रहे ध्यान में लिखा है संविधान में अगर कोई मन तेरा मन गई कठोर तो चोट कर तू वोट कर
तू वोट कर
यह प्रश्न तेरे बल का है सवाल तेरे कल का है समय यह फैसले का फिर से आ गया है लोट कर
तू वोट कर
तू वोट कर,
फिर वोट की दिशा में चल तुझी में सिद्धियां है सब तू वज्र है तू चोट कर, तू वोट कर तू वोट कर,
तू वोट कर,
यह लोकहित का पर्व है
यह पर्व तेरा गर्व है
अलख जगा कलम उठा कलम उठा के नोट कर तो वोट कर
तू वोट कर,
यह फर्ज तू निभाएगा की वोट देने जाएगा कसम उठा बटन दबा बटन दबा के वोट कर तू वोट कर
तू वोट कर,



दीपक सेठी
कैट मध्य प्रदेश सचिव

# राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर विशेष

## उपहार का समाचार

-राजेश बैरागी-

सुनते हैं कि राजशाही के जमाने में राजाओं द्वारा अपने चारण,भाट और गुण गाने वालों को विशेष अवसरों पर उपहार दिये जाते थे। ये सभी लोग उपहार लेने के लिए राजा के समक्ष उपस्थित होते थे।आज राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस है। मैं सुबह से इस दिवस की प्रासंगिकता पर दीपावली के आलोक में विचार कर रहा हूं। इस दीपावली पर भी पूर्व की भांति प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से पत्रकारों को उपहार प्रदान किए गए। अगले कुछ महीनों में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संभावित प्रत्याशियों ने पत्रकारों के प्रति कुछ अधिक उदारता रखी। उपहार जाकर देना और बुलाकर देने में कोई विशेष अंतर नहीं है।यह संबंधों की सरलता और तरलता पर निर्भर करता है। यहां तक तो ठीक है। परंतु पत्रकारों को उपहार देकर उन्हीं को उपहार देने की विज्ञप्ति थमा देना कितना उचित है? परंतु दिलचस्प तो यह है कि उपहार लेने वाले पत्रकार ऐसी विज्ञप्ति को समाचार बनाकर प्रकाशित भी कर दें तो इस पत्रकारिता दिवस की क्या प्रासंगिकता है।हम लोकतंत्र के जिस संक्रमण काल से गुजर रहे हैं, उसमें पत्रकारों की नैतिकता सबसे अधिक चुनौतियों का सामना कर रही है। घर परिवार और अपनी रक्षा करते हुए पत्रकारिता को अक्षुण्ण रखना बहुत बड़ी चुनौती है। परंतु उपहार लेने का समाचार प्रकाशित करने की कोई बाध्यता नहीं होती है। राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस का एक संदेश यह भी है।(नेकदृष्टि)

# गुरुग्राम में स्थापित होगा आईआईएम रोहतक का विस्तार-परिसर- मुख्य सचिव

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने आईआईएम रोहतक द्वारा गुरुग्राम में एक विस्तार-परिसर स्थापित करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह रणनीतिक पहल न केवल शैक्षिक अवसरों को बढ़ाएगी बल्कि आर्थिक और बौद्धिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

श्री कौशल आज आईआईएम रोहतक के 15वें स्थापना दिवस पर वर्चुअली सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस संस्थान की एकीकृत कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने से लेकर खेल प्रबंधन पीजी कार्यक्रम जैसे अद्वितीय उद्यम स्थापित करने, प्रबंधन शिक्षा के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्य सचिव ने कहा कि आईआईएम सरकारी संस्थानों में वैज्ञानिक प्रबंधन सिद्धांतों को बढ़ावा देने में सहायक रहे हैं। शैक्षणिक कार्यक्रमों और अनुसंधान पहलों के माध्यम से इन संस्थानों ने लोक सेवकों को आधुनिक प्रबंधन तकनीकों में प्रशिक्षित किया है, उन्हें दक्षता बढ़ाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और सूचित, डेटा-संचालित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि अनुसंधान और परामर्श में सरकारी एजेंसियों के साथ आईआईएम के सहयोग ने सार्वजनिक प्रशासन में आधुनिक प्रबंधन पद्धतियों के एकीकरण की सुविधा प्रदान की है, जो कॉर्पोरेट क्षेत्र से परे अधिक प्रभावी और जवाबदेह शासन-प्रथाओं में योगदान दे रही है। इस अवसर पर आईआईएम रोहतक के शिक्षकों को बधाई देते हुए श्री कौशल ने उनसे छात्रों की तकनीकी विशेषज्ञता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता दोनों को बढ़ाने के लिए एक साझा प्रतिबद्धता में एकजुट होने का आग्रह किया। यह सामूहिक प्रयास उन्हें न केवल कुशल प्रबंधकों के रूप में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करेगा, बल्कि वैश्विक व्यापार परिदृश्य की जटिलताओं को समझने के लिए सहायक साबित होगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि उद्यमिता को बढ़ावा देने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता योजना (एमवाईयूवाई) और हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की हैं। उन्होंने बताया कि एमवाईयूवाई युवा उद्यमियों



को नए व्यवसाय को स्थापित करने के लिए आने वाली लागत पर 25 प्रतिशत सब्सिडी, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपए है , उपलब्ध करवाती है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने स्टार्टअप नीति भी शुरू की है जो व्यापक ढांचागत लाभ, शुरूआती फंडिंग और मेंटरशिप सहित कई प्रकार के प्रोत्साहन प्रदान करती है। यह नीति नियामक प्रक्रियाओं को भी सुव्यवस्थित करती है, स्टार्टअप के विकास और सफलता के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देती है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से संचालित हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना एक पहल है जो महिला उद्यमियों को व्यापक सहायता प्रदान करती है, जिसमें वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण कार्यक्रम और आवश्यक बुनियादी ढांचे तक पहुंच शामिल है।

इस अवसर पर डॉ. लाल पैथ लैब्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. अरविंद लाल,आईआईएम रोहतक के निदेशक प्रोफेसर धीरज शर्मा ने भी विचार व्यक्त किये।




# जहरीली शराब से हुई 22 लोगों की मौत की जिम्मेदार भाजपा सरकार है: अभय सिंह चौटाला

## जहरीली शराब से हुई मौत पर उनके परिवार को 50 लाख रूपए का मुआवजा और मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए

**दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने जहरीली शराब से यमुनानगर और अंबाला में हुई 22 लोगों की मौत पर कहा कि इसकी जिम्मेदारी भाजपा सरकार है। कोई भी काला धंधा और घोटाला बगैर सरकारी संरक्षण के नहीं किया जा सकता। जहरीली शराब के इस खेल में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के साथ कांग्रेस भी मिली हुई है और इस जहरीली शराब कांड में कांग्रेस और जजपा के नेताओं की गिरफ्तारी इस का जीता जागता सबूत है। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस जहरीली शराब से हुई मौतों पर घडिड़्याली आंसू बहा कर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है, उसी के लोग ऐसे काले धंधों में भाजपा के लोगों के साथ मिलकर प्रदेश को लूटने में लगे हैं।

अभय सिंह चौटाला ने कहा कि कोविड महामारी के समय में बहुत बड़ा शराब घोटाला सामने आया था लेकिन भाजपा-जजपा सरकार के रसूखदार लोगों की इसमें संलिप्तता होने के कारण पूरे घोटाले की जांच को एसईटी को देकर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। उसके बाद गोहाना और पानीपत में जहरीली शराब से 45 से ऊपर लोगों की मौत का मामला सामने आया जिनके असली दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और पूरे



मामले पर लीपापोती कर उसे भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इनेलो नेता ने कहा कि जहरीली शराब के इस मामले की जांच के लिए एसआईटी के गठन करने का कोई औचित्य नहीं है क्योंकि आज तक किसी भी मामले में एसआईटी की रिपोर्ट नहीं आई है और एसआईटी सिर्फ मामले की लीपापोती करने और सरकार में बैठे रसूखदार लोगों को बचाने के लिए ही बनाई जाती है।

उन्होंने जहरीली शराब से हुई मौतों की जांच कमीशन ऑफ इंक्वायरी एक्ट 1952 के तहत हाई कोर्ट के सीटींग जज द्वारा करवाने और साथ ही हर मामले में पूरी तरह से फेल भाजपा-जजपा सरकार को तुरंत भंग करने की मांग की। जहरीली शराब से हुई मौत पर उनके परिवार को 50 लाख रूपए का मुआवजा और मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की।

# सूर्य मंदिर प्रांगण में तालाब की उड़ाही एवम मरम्मती सौंदर्यीकरण क में आगे आए सामाजिक कार्यकर्ता।

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता, औरंगाबाद**

झारखंड बिहार की अति महत्वपूर्ण छठ पूजा को लेकर औरंगाबाद के कर्म रोड स्थित प्रांगण में छठ व्रत को लेकर ग्राम परसा, कर्म भगवान के सामाजिक सदस्यों स्थानीय लोगों के द्वारा मंदिर प्रांगण में बने तालाब की उड़ाही एवं



मरमति कार्य में अब अपनी श्रम योगदान देकर  कार्य को पूरा कराया। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष, देवदीप सिंह  सचिव रविन्द्र सिंह , कोषाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, उपकोषाध्यक्ष पूर्व मुखिया प्रतिनिधि गणेश शर्मा, उपाध्यक्ष रमेशसिंह, ने बताया कि चक सूर्य मंदिर प्रांगण परसा के तहत विगत 35 सालों से यहां छठ पूजा की जा रही है। हम सभी के श्रमदान से छठ पूजा में छठ वर्तियों को  कोई असुविधा ना इसका छठ कमेटी सदस्यों ने काफी ख्याल रखा है ताकि छठ व्रत करने लोग दूर-दूर से आते हैं और सूर्य देव की पूजा अर्चना करते हैं । छठ व्रती महिलाओं के लिए विशेष सुविधा और सुरक्षा को लेकर  विशेष ध्यान रखा गया है। उक्त श्रमदान में ग्रामीण नवयुवकों की समूह विशेष तत्पर दिखा।  उक्त मौके पर धनंजय सिंह वार्ड प्रतिनिधि, भोला सिंह, राहुल सिंह, सुशील सिंह सोनू सिंह, रितेश सिंह, संतविलाश सिंह पवन सिंह,मौजूद थे।

# देवहरा पंचायत में एसडीओ ने किया जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड अंतर्गत देवहरा पंचायत के मैदान में गुरुवार को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार , बीडीओ राजेश कुमार दिनकर , सीओ मुकेश कुमार , बीपीआरो कौशल किशोर बीईओ नंदलाल प्रसाद , बीओ अजय कुमार सिंह , पीओ प्रमोद कुमार एवं पशु चिकित्सक मनोज तिवारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन बीडीओ राजेश कुमार दिनकर ने किया। संवाद कार्यक्रम के दौरान पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार ने उपस्थित अतिथियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस दौरान एसडीओ ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार के द्वारा लोकेहित में कई जनकल्याणकारी योजना का संचालन किया जा रहा है। आज के परिवेश में समाज को आगे ले जाना है तो बच्चों को शिक्षित करना होगा तभी हमारा समाज आगे बढ़ सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में भी राज्य सरकार के द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही है। विद्यालय में भवन निर्माण से लेकर क्लास निर्माण तक 20 हजार करोड रुपए की राशि सरकार के द्वारा दिया गया है।  सरकार शिक्षा पर ध्यान दे रही है।  साइकिल योजना से लेकर पाठ्य पुस्तक तक का वितरण विद्यालय में किया जा रहा है।  बिहार सरकार के द्वारा छात्रावास की व्यवस्था अलग-अलग श्रेणियों में की गई है। सरकार के द्वारा मौसम बिहार एप्स लांच किया गया है जिसमें आगामी पांच दिनों तक मौसम की जानकारी मिलेगी। सभी पंचायत में रेंज गंज स्टेशन



का स्थापना किया गया है। आपदा के तहत 4 लाख की राशि दी जाती है। सात निश्चय योजना के तहत गांव में नाली गली का निर्माण कराया जा रहा है। सभी जनप्रतिनिधि राशि का सदुपयोग करते हुए लोकहित में कार्य करें। अब जो भी ग्राम पंचायत से कार्य होंगे उसमें गली के निर्माण में इंटरलॉक ईट का उपयोग किया जाएगा ताकि जल संचय बना रहे। सभी लोग सरकारी योजना को धरातल पर उतारने में सहयोगी करें। सरकार बड़े पैमाने पर रोजगार की व्यवस्था कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत 5 लाख का राशि बिना ब्याज के दिया जा रहा है। सभी लोग जीविका दीदीयों से मिलकर छोटे-छोटे उद्योग को समूह बनाकर करें।  इससे अधिक फायदा होगी। मनरेगा के तहत 4 लाख श्रमिक हैं जिसमें श्रमिक कल्याण कोष योजना में 50 रु० की रजिस्ट्रेशन कराकर 10 फायदे ले सकते हैं। जिले में चार लाख 20 हजार  पौधारोपण कार्य किया गया है। ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे। अमृत सरोवर के तहत ग्रामीण सरोवर के तहत पोखर का निर्माण कराया जा रहा है जिससे मछली पालन से लेकर जल संचय तक की प्रारूप को तैयार किया जा रहा है। आवास योजना के तहत छुटे हुए लोगों को मुख्यमंत्री आवास सहायता योजना से 2010 के पूर्व लाभार्थी का मकान अपूर्ण रह गया है वैसे लाभार्थियों को 50 हजार की राशि उपलब्ध कराई जा रही है।  इसके साथ ही आवास में 12 हजार की शौचालय की भी राशि का आवंटन की जा रही है।राजस्व विभाग के द्वारा ऑनलाइन दाखिल खारिज की प्रक्रिया बहाल की गई है। परिमार्जन से लेकर एलसी तक की व्यवस्था किसानों के लिए किया गया है। सभी जमाबंदी को मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड से जोड़ा जा रहा है जिस पर जमीन से संबंधित सारी जानकारी आपको दी जाएगी।  वही कार्यक्रम के दौरान जिले में साइबर थाना की स्थापना सरकार के द्वारा की गई है। अगर आप लोगों को किसी तरह की अन्य शिकायतें है तो आप सभी लोग 11 बजे से 1 बजे तक पुलिस कार्यालय में आकर मिल सकते हैं। साथ ही पुलिस द्वारा फेसबुक लाइव के माध्यम से लोगों के शिकायतों का निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। संवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को प्रोजेक्ट के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में दिखाया गया। इस मौके पर ब्लौक प्रधान लिपिक इंद्रजीत सिंह , मुखिया आरती देवी , दधपी मुखिया प्रतिनिधि ईश्वर दयाल यादव , पंसस मनोज कुमार , शिक्षक सुनील बॉबी , मुन्ना प्रसाद , अश्लोक प्रजापत , सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी तथा अन्य कर्मी उपस्थित रहें।

# गोह में छठ घाट का जायजा लेते बीडीओ व जनप्रतिनिधि

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)लोका आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर गोह बीडीओ राजेश कुमार दिनकर ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का जायजा लिया एवं मौजूद जनप्रतिनिधि समेत स्वच्छता पर्यवेक्षक को साफ- सफाई करवाने का निर्देश दिया।



उन्होंने गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित पोखरा समेत अन्य जगहों का जायजा लेकर स्थानीय मुखिया को बैरिकेडिंग लगाने का दिशा निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि गोह पोखरा पर हजारों की संख्या में व्रती अर्घ्य देने पहुंचते हैं। सभी व्रतियों का ख्याल रखकर घाट के समीप हेल्थ कैंप, रौशनी, पेयजल, पुलिस बल एवं गोताखोर की टीम की नियुक्त की गई है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजू वर्मा, पैक्स अध्यक्ष मुकेश पाण्डेय , पूजा समिति अध्यक्ष श्याम किशोर यादव, वारिस सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित के लिए पंडाल निर्माण का अंतिम रूप देते कलाकार

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के देवकुंड में छठ पूजा को बेहतर बनाने के लिए देवकुंड मठ व अभाविप कार्यकर्ता तथा नवयुवक छात्र संघ , च्यवनाश्रम सेवादल द्वारा विधि व्यवस्था कराया जाता है। इसके अलावे रौशनी की भी व्यवस्था होती है। पूजा को विशेष



महत्व देते हुए देवकुंड में कई वर्षो से पूजा पंडाल और भगवान सूर्य का प्रतिमा स्थापित किया जाता है। पंडाल निमार्ण का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। पंडाल का निर्माण कराकर भगवान सूर्य सहित अन्य देवी-देवताओं का प्रतिमा स्थापित किया जायेगा। सड़क की सफाई, पूरे बाजार में लाईट और सहस्त्रधारा कुंड घाट की सफाई  कराया जाता है। इस साल भी नवयुवक छात्र संघ द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।

# नबीनगर नगर पंचायत में सामान्य बोर्ड की बैठक आयोजित

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 16 नवंबर 2023 आज गुरुवार को नबीनगर नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत के सामान्य बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत के अध्यक्षा प्रियंका सिंह ने की। बैठक मे नगर पंचायत के उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार रजक एवम कार्यपालक पदाधिकारी श्याम नंदन प्रसाद की उपस्थिति में नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों के



वार्ड पार्षदों के द्वारा नई योजनोओ सहित सड़क नाली निर्माण कार्य का प्रस्ताव दिया गया जिसको पारित करते हुए राशि उपलब्धा के आधार पर कार्य  किए जाने की बात की गई। सम्राट अशोक भवन निर्माण का पूर्व से स्थल चयन में बदलाव कर नये स्थल वार्ड 11 के माली बरियावा मुखपथ के समीप चयन किया गया ।छठ पूजा को लेकर पुनपुन घाट पर छठ व्रतियों की सुविधाओं पर चर्चा किया गया साथ ही नगर के साफ सफाई और खराब लाइटों को मरम्मत का प्रस्ताव दिया गया। बैठक में सभी वार्ड के वार्ड पार्षद सहित नगर पंचायत कार्यालय के कर्मी मौजूद थे।

# पुलिस से भरी बस पर भरभरा कर गिरा विद्यालय का गेट बाल बाल बच्चे सुरक्षाकर्मी।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार 16 नवम्बर 2023:-**

औरंगाबाद जिले के देव में छठ पर्व को लेकर तैयारी अब अंतिम चरण पर है नहाए खाए के दिन से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो जाता है इसको लेकर देव में सुरक्षा को लेकर हजारों हजार की संख्या में पुलिस बल को तैनात किया जाता है इसी को लेकर देव के राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय में पुलिस सुरक्षा कर्मी को ठहराव की व्यवस्था की गई है उसी बीच जिला से एक बस में भर कर पुलिसकर्मी को देव लाया जा रहा था। जैसे ही बस देव के राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय के  गेट  पर पुलिस से भरी बस पहुंचा की विद्यालय का गेट बस के



छजनी फंस गया और बस के बीचो-बीच भरभरा कर गिर गया  जिसमें बस में सवार पुलिसकर्मी बाल बाल बच गय। हालांकि खबर लिखे जाने तक  गाड़ी को गेट में फंसा नही निकाला गया था। हालांकि इस घटना में किसी  पुलिसकर्मी को कोई हताहत नहीं हुई है।

# छठ पर्व को लेकर अभाविप की बैठक आयोजित

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के देवकुंड धाम में अखिल भारतीय विद्यार्थी



परिषद नगर इकाई देवकुंड छात्र संघ कार्यलय सभागार में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर गुरुवार को नगर अध्यक्ष राकेश रंजन के अध्यक्षता व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गौरव मिश्रा के संचालन में बैठक आयोजित कि गई। बैठक में छठ पूजा को लेकर चर्चा करते हुए नगर मंत्री अमरजीत कुमार ने बताया कि इस बार अभाविप देवकुंड इकाई के 40 सदस्यीय टीम छठ घाट पर व्रतियों की सेवा कार्य मे तत्पर रहेंगे। साथ ही छठ घाट की सफाई एवं निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गौरव मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष धीरज राही, सहमंत्री मनीष जयसवाल, मृत्युंजय कुमार, नगर कार्यकारणी सदस्य श्रीकांत कुमार, मनीष कुमार सहित कॉलेज कार्यकरणी के सदस्य उपस्थित रहें।

# 16 पेटी देशी विदेशी अवैध शराब को पुलिस ने किया जप्त

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट। (17नवम्बर )जिले में मदिरा के अवैध रुप से निर्माण संग्रहण और विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।गुरुवार को आबकारी विभाग एवं स्थानीय पुलिस ने मिलकर छापा मारकर 16 पेटी अवैध शराब बरामद किया।




विधानसभा चुनाव के मतदान के पूर्व चुनाव प्रचार बंद होने के बाद से बालाघाट पुलिस द्वारा सक्रियता के साथ क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर बेहतर कानून व्यवस्था बनाई गई है। इसी क्रम में एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में थाना वारासिवनी की टीम के द्वारा मुखबिर सूचना पर वार्ड क्रमांक 05 वारासिवनी में दबिश दे कर एक घर से 16 पेटी अवैध शराब जप्त की गई जिसमें 12 पेटी प्लेन देशी मदिरा, 2 पेटी मसाला देशी, 2 पेटी अंग्रेजी शराब जप्त की गई। आरोपी हितेश भास्कर निवासी वार्ड नंबर 5 वारासिवनी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# उलार महोत्सव की होगी पुनः शुरुआतः- डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह

**समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल**

दुल्हिन बाजार/ " कोरोना काल से बन्द पड़े उलार महोत्सव की शुरूआत पुनः कराई जाएगी। जिसकी तिथि निर्धारित करने की जिम्मेदारी उलार्क सूर्य मन्दिर विकास सह न्यास कमिटी को दिया गया है।" ये बाते कार्तिक छठ पूजा की तैयारी का जायजा लेने प्रखंड क्षेत्र के उलार गांव स्थित उलार्क सूर्य मंदिर पहुंचे पटना डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने गुरुवार को मीडिया कर्मियों से कहा।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार से नहाय खाय के साथ छठ ब्रतीयो ने चार दिवसीय लोक आस्था का पवित्र पर्व छठ ब्रत की शुरूआत करेंगे. जिसका समापन आगामी सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ समाप्त करेंगे। जिसको लेकर विश्व के बारह अर्क स्थलों में तीसरा स्थान रखने वाला दुल्हिन बाजार प्रखंड क्षेत्र के उलार गांव स्थित द्वापरकालीन उलार्क सूर्य मंदिर परिसर में पटना जिला प्रशासन तथा पालीगंज अनुमंडल प्रशासन की ओर से छठ ब्रतीयो की सुविधाओं को लेकर जोर शोर से तैयारी चल रही है। जहां जायजा लेने पटना डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह व



एसएसपी राजीव मिश्रा ने गुरुवार को उलार्क सूर्य मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने मन्दिर में स्थापित भाष्कर की प्रतिमा की पूजा अर्चना किये। मौके पर पटना डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि यहां की तैयारी सन्तोषजनक चल रही है। तालाब व सड़को की बेरिकेटिंग कर दी गयी है। साथ ही वाहन पार्किंग, लाइटिंग, पर्याप्त संख्या में शौचालयो, शरक्षा बल, चिकित्सीय ब्यवस्था सहित सभी प्रकार की उचित ब्यवस्था कराने का निर्देश सम्बन्धित पदाधिकारियों को दिया गया है।

उलार्क महोत्सव के बारे में डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि पूर्व में यहां कला संस्कृति बिभाग की ओर से उलार्क महोत्सव का आयोजन कराई जाती थी। जिसे कोरोना काल मे बन्द करवा दी गयी थी। उसे पुनः शुरूआत कराई जाएगी। इसके लिए एक तिथि निर्धारित करने की जिम्मेदारी मन्दिर प्रबन्ध कमिटी को दी गयी है। मौके पर मन्दिर के संरक्षक श्री अवध बिहारी दासजी महाराज, पालीगंज एसडीओ जयचन्द्र यादव, डीएसपी प्रीतम कुमार, बीडीओ संजीव कुमार, दुल्हिन बाजार बीडीओ पूर्णिमा कुमारी, थानाध्यक्ष सोनू कुमार, पीएचसी के चिकित्सा प्रभारी सावित्री कुमारी, अरविंद कुमार सुमन, सहायक पुजारी आनन्द बाबा, सोपालजी, राजेन्द्र पाठक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# ट्रक से शराब की तस्करी करते तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 16 नवंबर 2023 :- अंबा थाना की पुलिस व मध निषेध इकाई पटना ने संयुक्त कार्यवाही में शराब की बड़ी खेप के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। यह घटना गुरुवार की दोपहर एरका चेक पोस्ट के समीप की है। तस्कर की पहचान रोहिणी (दिल्ली) जिला के कंझौला थाना क्षेत्र अंतर्गत जजती गांव के मकान संख्या 207 मेन गली बड़ी बस्ती निवासी ज्ञानेंद्र सिंह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर शराब की बड़ी खेप लेकर एनएच 139 के रास्ते गुजरने वाले हैं। सूचना के आधार पर सघन वाहन



जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में पुलिस ने शराब की खेप लदे ट्रक को तस्कर के साथ दबोच लिया। जांच के दौरान गाड़ी के अंदर से 750 एमएल की 984 बोतल मैकडॉवेएल्स , 375 एमएल की 2976 बोतल मैकडॉवेएल्स तथा 180 एमएल की 9600 बोतल मैकडॉवेएल्स अंग्रेजी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि संशोधित मध निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रीम कार्रवाई की जा रही है।

# लालपुर ग्रामपंचायत के निवासियों ने किया  मतदान का बहिष्कार, पहुंच मार्ग नही बनने से है नाराज

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट। (17 नवम्बर )बैहर विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसा ग्रामपंचायत लालपुर के ग्राम धामनगांव व तेन्दुडीह निवासियों ने आज होने वाले मतदान में हिस्सा न लेने का फैसला किया है जिसमे गुरुवार को दोनों गाँवों के मतदाताओं ने बाकायदा बैठक कर मतदान का बहिष्कार करने का फैसला किया है जिसमे महिला पुरुष दोनों शामिल थे।

**मतदान स्थल पर दिखी गहमा गहमी का माहौल**

बिरसा टी आई भारत नोटिया से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार दोपहर मतदान स्थल पर ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर मतदान दल को वापस करने का प्रयास किया जिस पर सालेटेकरी पुलिस चौकी प्रभारी हमराह स्टॉफ के साथ पहुंच कर ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामले को शांत कर ग्रामीणों को शांत किया।

**मार्ग नहीं बनने के कारण मतदान का बहिष्कार**

ग्रामीणों का आरोप है धामनगांव व तेन्दुडीह से मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए मार्ग इतना क्षतिग्रस्त हो गया है कि उस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इस मार्ग से आने जाने वाले रोजाना गिर कर चोटिल हो रहें है। मार्ग को बनाने के लिए कई बार उच्च अधिकारियों को भी लिखित सूचना दी गयी है लेकिन इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया है जिससे ग्रामीणों ने फैसला किया है कि धामनगांव व तेन्दुडीह का कोई भी मतदाता मतदान नहीं करेगा।हालांकि इस मामले पर उच्च अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीणों की समस्या को उच्च अधिकारियों तक पहुंचा दिया गया है जिसका सर्वे करने के बाद ही कुछ किया जायेगा।

# सोशल मिडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले सरपंच के खिलाफ एफआईआर हुई दर्ज

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा। (17 नवम्बर )सोशल मिडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले मलाजखंड पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्रामपंचायत लहंगाकंहार के सरपंच के खिलाफ थाना में मामला दर्ज किया गया है जिसकी जाँच पुलिस कर रही है। मलाजखंड थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह पंन्द्रो से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार को दमोह निवासी विनोद पिता घनश्याम हरिद्वाज उम्र 38 वर्ष ने पुलिस थाना आकर एक लिखित आवेदन देकर लहंगाकंहार के सरपंच शम्भू धुर्वे के खिलाफ प्राथमिकी सूचना दर्ज कराई जिसमे सरपंच शम्भू के ऊपर आरोप है कि उन्होंने सोशल मिडिया के एक ग्रुप में भाजपा के खिलाफ एक आपत्तिजनक वीडियो डाला है जिसमे भाजपा का झंडा लेकर एस सी, एस टी मुदार्बाद का नारा लगाया जा रहा है जिससे पार्टी के खिलाफ गलत प्रचार होने से पार्टी को नुकसान होने के साथ भाजपा के आदिवासी कार्यकत्ताओं के दिलों को भी ठेस पहुंची है जिससे आदिवासी समाज के साथ पार्टी के




आदिवासी कार्यकर्त्ता भी उग्र होकर कोई गलत कदम न उठाये इसलिए निवेदन है कि सरपंच शम्भू धुर्वे के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये। जिसका अवलोकन करने के बाद विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला कायम कर रिपोर्ट दर्ज किया गया और सरपंच शम्भू धुर्वे को जाँच हेतु पुलिस थाना लाकर पूछताछ की गयी।

**जनहित को ध्यान में रख कर किया रिपोर्ट दर्ज**

वहीं इस मामले पर आवेदन देने वाले विनोद हरिद्वाज ने बताया कि गुरुवार की सुबह जैसे ही मैंने अपना व्हाट्सप्प खोला तो एक ग्रुप में लहंगा कंहार के सरपंच द्वारा एक वीडियो डाला गया था जिसके नीचे लिखा था कि भाजपा को वोट देने के पहले यह वीडियो जरूर देखे, जब उस वीडियो को मैंने चलाकर देखा तो उसमे भाजपा का झंडा लेकर आदिवासी समाज के खिलाफ नारा लगाया जा रहा था जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ सकता है ऐसा सोचकर मेरे द्वारा मलाजखंड पुलिस थाना में लिखित आवेदन देकर सरपंच के खिलाफ कार्यवाही करने का निवेदन किया गया, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दिया।

# शराब के मामले मे फरार चल रहे एक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 16 नवंबर 2023 नवीनगर पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र के दास मोहल्ला निवासी कपिल साहू के पुत्र अमरनाथ कुमार को एस आई तारकेश्वर तिवारी एवम पुलिस टीम ने पूर्व के शराब संबंधित मामले में नबीनगर बस स्टैंड के समीप से गिरफ्तार किया है।




मामले मे थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि उक्त व्यक्ति पर पूर्व के शराब मामले में थाने में केस दर्ज था जिसपर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर समिति के अध्यक्ष फतेहचंद टुडू के नेतृत्व में छठ घाटों का मुआयना कर दिया गया उचित दिशा निर्देश

**दैनिक समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम**

आज दिनांक 16/ 11/ 2023 को झारखंड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर समिति के अध्यक्ष फतेह चंद टुडू के नेतृत्व लोग आस्था का महापर्व छठ पूजा के सुसंपन कराने हेतु स्वर्ण रेखा घाट मानगो का दौरा किया गया एवं छठ घाट में चल रहे साफ सफाई ,बिजली व्यवस्था लोगों की आगमन एवं पूजा पद्धति को सुचारू रूप से संपन्न हो ताकि छठ श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी या आसुविधा महसूस ना हो इसके लिए सरकार की ओर से मुकम्मल व्यवस्था का निरीक्षण करने का काम  किया गया ।निरीक्षण के क्रम में छठ घाट में अभी भी सफाई की काफी गुंजाइश



है लोगों से मिलने के क्रम में चेंजिंग रूम को अनिवार्य रूप से रखा जाने मांग की गई । इस अवसर पर मुख्य रूप से जमों में मानगो नगर उपाध्यक्ष प्रभात सिंह जी , नगर उपाध्यक्ष अख्तर बबलू खान जी कार्यकारी सदस्य मनोज धोरा एवं  हैप्पी तंतु बाय आदि उपस्थित थे।

# जेबीकेएसएस के देवब्रत ने कांठि नाच पार्टी को सम्मानित किये

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता , पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत बंगोई गांव में कांटा कांहड़ा के शूभ अवसर पर झारखंड सांस्कृतिक कार्यक्रम कांठि नाच पार्टी का आयोजन बंगोई काली पूजा कमिटी की ओर से किया गया।जिसमें पाकोटोड़ा से आए नित्य शिल्पी दल ने नृत्य प्रस्तुत किया। मां काली पूजा के अवसर पर मेला का भी आयोजन किया गया देखने के लिए आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग आए। इस बीच जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य देवब्रत महतो ने नृत्य शिल्पी पार्टी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सुबोध महतो,अजय महतो,हरिपद महतो, गुरु पद महतो,गणेश महतो आदि उपस्थित थे। साथ ही बेलडीह पंचायत समिति प्रतिनिधि प्रबोध कुमार महतो और उप मुखिया प्रतिनिधि भरत सिंह द्वारा नृत्य शिल्पी को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया एवं पुजा कमिटी की ओर से तरणी मंडल ने नकद राशि देकर सम्मानित किया गया एवं इस क्षेत्र के लोगों को प्रति मां काली की आशिर्वाद बनाई रहे इसके लिए मां से आशीर्वाद मांगी गई।

दैनिक समाज जागरण में प्रकाशित खबर का असर पदाधिकारी ने किया जांच:-

# इंडो नेपाल सीमा सड़क सोनपुर पथरदेवा निर्माण कार्य में अनियमित को लेकर बड़े अधिकारी ने किया जांच, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश।

*पदाधिकारी ने कहा किसी भी सूरत में अनियमित बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

*मानक मापदंड के विपरीत हुआ कार्य तो होगी कार्रवाई।*

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**





अररिया। इंडो-नेपाल सीमा पर अवस्थित पथर-देवा एसएसबी कैंप से भारत नेपाल सीमा के साहिबगंज बोर्डर तक जाने वाली सड़क में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमें दो पुलिया का भी निर्माण किया जा रहा है। पुलिया तथा सड़क निर्माण कार्य में संवेदक के द्वारा घटिया किस्म का उजला बालू ,उजला गिट्टी, मानक मापदंड के विपरीत सरिया एवं सीमेंट का उपयोग किए जाने पर स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताते हुए घटिया निर्माण कार्य का विरोध किया था तथा लोगों ने कहा मानक मापदंड के अनुसार निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है जिससे क्षुब्ध लोगों ने संबंधित विभाग के वरीय पदाधिकारी को सूचना दिया। वहीं स्थानिय लोगों ने कहा लगभग ढाई करोड़ का यह योजना है और घटिया निर्माण किया जा रहा है, यह हम लोग कभी भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। वहीं कार्य स्थल पर संवेदक के द्वारा योजना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है, जिससे यह पता लगाया जा सके की यह योजना की लंबाई चौड़ाई कितनी है तथा कितने के लागत से निर्माण कार्य किया जाना है। वहीं सड़क निर्माण में लगाए गए गिट्टी भी घटिया तथा मानक मापदंड के विपरीत लगाया जा रहा है। जिसका विरोध स्थानीय ग्रामीणों ने कार्य कर रहे कर्मी से कई वार किया लेकिन कार्य करवा रहे संवेदक ने अनसुना कर दिया । वहीं ग्रामीणों ने कहा कि वर्षो की लंबी लड़ाई के बाद इस सीमावर्ती सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है वो भी बिचौलियों का शिकार हो गया है।

जिसकी खबर प्रमुखता से "दैनिक समाज जागरण" में चलाई गई थी। खबर के आलोक में बुधवार को आए पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रवीण कुमार,सहायक अभियंता सुनील कुमार , जूनियर इंजीनियर राजकुमार निराला ने पथ निर्माण कार्य का जाँच किया तथा घटिया निर्माण को देख कर विफर पड़े उहोने संवेदक को निर्देश दिया कि अविलंब घटिया सामग्री को हटा कर प्राक्कलन के अनुरूप कार्य करें । तथा सड़क के चौड़ाई पर भी उन्होंने संवेदक को सख्त चेतावनी दिया, कहा कि सड़क की चौड़ाई को भी मापदंड के अनुसार बढ़ाये, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

# जोगबनी नगर परिषद क्षेत्र के परमान नदी किनारे छठ पूजा को लेकर तैयारी शुरू।

नगर परिषद की ओर से साफ सफाई से लेकर बेरीकैटरिंग की व्यवस्था।

स्थानीय समाजसेवी छठव्रतियों के सहयोग में जुटे हुए हैं।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



अररिया। जोगबनी नगर परिषद क्षेत्र मीरगंज स्थित परमान नदी किनारे आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर परिषद जोगबनी की ओर से घाटों की अस्थायी व्यवस्था की जा रही है। जिसमें साफ-सफाई, बैरिकेडिंग,महिला का चेंजिंग रूम, चापाकल, अस्थाई शौचालय आदि की व्यवस्था की जा रही है। वहीं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार का दिक्कत ना हो इसके लिए छठ पूजा समिति भी सक्रिय हैं। समिति की ओर से सभी बिंदुओं पर बारी-बारी से जांच किया जा रहा है।

इस बाबत बुधवार को छठ पूजा समिति सदस्य सह सरपंच प्रतिनिधि अमौना अजय सहनी ने कहा मीरगंज छठ घाट पर इस बर्ष लगभग तीन हजार छठवर्ती को आने की संभावना है।यहाँ पांच हजार श्रद्धालुओं का भीड़ होता है। भीड़ के मद्देनजर पंडाल, रोशनी, आदि के साथ-साथ छठ घाट पर प्रशासन की भी व्यवस्था है। उन्होंने कहा बीते दिनों अररिया जिला पदाधिकारी इनायत खान, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह के अलावे अन्य अधिकारियों ने घाट का जायजा लेकर गए हुए हैं।

**क्या कहते हैं नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड पार्षद मिट्ठू सोनी:-**

इस बाबत वार्ड पार्षद मिट्ठू सोनी ने बताया कि इस घाट पर मीरगंज आसपास नहीं बल्कि नेपाल के भी छठवर्ती हजारों के हजार पूजा करने यहाँ आते है। जिसको लेकर नगर परिषद की ओर से सभी घाटों का नियंत्रण किया जा रहा है। घाटों के अनुसार वहां समुचित व्यवस्था भी की जा रही है। आसपास के क्षेत्र के लिए यह स्थान छठ पूजा को लेकर महत्वपूर्ण माना जाता है इसलिए यहां सभी तरह की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# भाई- बहन का अनोखा पर्व भाई दूज पर भाई ने बहनों को पौधा उपहार स्वरूप भेट किया

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

भाई दूज पर्व के शुभ अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रशाखा एस०



के०मेंशन गायत्री परिवार शिवगंज धाम बालूबाडी के सक्रिय सदस्य- सह-पर्यावरण प्रेमी अधिवक्ता कमलेश कुमार के द्वारा बहनों को पौधा उपहार स्वरूप भेट कर पर्यावरण संरक्षण का एक अनोखा सन्देश दिया है। कमलेश ने बताया की इस महान पर्व में लोग अकसर बहनों सोना चांदी कपड़ा आदि देते हैं। पर हमने अपनी बहनों को पौधा उपहार स्वरूप भेट दिया क्योंकि एक पौधा से लाखो फायदा होता हैं। उन्होने कहा की अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्री राम शर्मा आचार्य कहते है की एक पौधा बराबर 10 पुत्र समान होता हैं। मेरा लक्ष्य ही है पंडित श्री राम शर्मा आचार्य जी द्वारा संचालित युग निर्माण योजना पर सभी मानव जीवन कल्याण हेतू कार्य करना। इस पुनीत अवसर पर उन्होंने सभी देश वासियों से पर्यावरण संरक्षण हेतू अपील करते हैं भाई का ढेरो शुभकामनाएं दिए।।

# नाइट ब्लड सर्वे की सफलता को लेकर कर्मियों को दिया गया जरूरी प्रशिक्षण।

सर्वे के लिये सभी प्रखंड में बनाये जायेंगे तीन साइट, प्रति साइट 300 लोगों की होगी जांच।

फाइलेरिया मुक्त जिला होने का गौरव हासिल करने के बेहद करीब हैं हम ।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



अररिया।जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को प्रभावी बनाने की पहल जारी है। संभावित फाइलेरिया मरीजों की खोज के लिये बीते जून माह में संचालित नाइट ब्लड सर्वे अभियान के क्रम में निर्धारित संख्या से अधिक लोगों के रक्त नमूनों की जांच के बावजूद निर्धारित किसी भी साइट पर एक फीसदी मरीज नहीं मिले। लिहाजा अररिया प्री ट्रांसमिशन फेज में पहुंच चुका है। इसके सत्यापन को लेकर आगामी 23 नवंबर से पुनः एक बार जिले में नाइट ब्लड सर्वे अभियान संचालित किया जायेगा। इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर खासतौर पर प्रशिक्षित किया गया है। जिला स्वास्थ्य समिति सभागार में सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह की अगुआई में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीवीबीडीसीओ डॉ अजय कुमार सिंह, डीआईओ डॉ मोईज, डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ दिलीप कुमार, डीपीएम स्वास्थ्य संतोष कुमार सहित सहयोगी संस्था पिरामल स्वास्थ्य, सीफार के प्रतिनिधि मौजूद थे। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी लैब टेक्निशियन व बीसीएम को अभियान की सफलता को लेकर जरूरी प्रशिक्षण दिया गया।

**उत्साहित मन से अभियान की सफलता का करें प्रयास –**

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि बीते दिनों जिले में संचालित नाइट ब्लड सर्वे बेहद सफल रहा। राज्य स्तर से भी इसकी सराहना की गयी। इसका पूरा श्रेय संबंधित कर्मियों को जाता है। हमें अपना यही उत्साह इस बार भी बरकरार रखना होगा। ताकि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में हम जिले को एक और पायदान आगे ले जा सकें।

**फाइलेरिया मुक्त जिला संबंधी लक्ष्य के करीब हैं हम–**

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि जिले में एनबीएस का ये चरण अगर पूर्व की तरह सफल साबित हुआ तो हम फाइलेरिया मुक्त जिला होने के लक्ष्य के बेहद करीब होंगे। टास्क एसेसमेंट फेज में संभावित मरीजों को चिह्नित करने के लिये किट से जांच होगी। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर ही उक्त इलाके में एनबीएस होगा। उन्होंने बताया कि एनबीएस अभियान के क्रम में इस बार जिले के सभी प्रखंडों के चिह्नित तीन साइट निर्धारित किये जायेंगे। प्रत्येक साइट पर फाइलेरिया संबंधी जांच के लिये 300 लोगों का रक्त नमूना संग्रह किया जायेगा। इस तरह हर एक प्रखंड से कुल 900 लोगों की जांच अभियान के क्रम में होनी है। इसी तरह अभियान के क्रम में जिले के सभी नौ प्रखंडों से कुल 8100 सौ लोगों के रक्त नमूनों की जांच का लक्ष्य है।

**प्रत्येक साइट पर चार सदस्यीय टीम होगी प्रतिनियुक्त–**

एनबीएस अभियान के प्रत्येक साइट पर स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मियों की चार सदस्यीय टीम प्रतिनियुक्त की जायेगी। इसमें लैब टेक्निशियन, संबंधित क्षेत्र की आशा संबंधित पीएचसी के बीसीएम या बीएचएम, वीवीडी कार्यालय के कर्मी व सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि अभियान की सफलता में अपना सक्रिय सहयोग करेंगे।

# ठाकुरगंज में 501 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का किया गया वितरण

**दैनिक समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णिया प्रमंडल**



(ठाकुरगंज) लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी "यूथ ऑफ ठाकुरगंज" के सौजन्य से दिनांक 16-11-2023 दिन गुरुवार को छठ व्रतियों के बीच सूप एवं पूजन सामग्रीयों का वितरण किया गया।

इस वर्ष "यूथ ऑफ ठाकुरगंज" के द्वारा 501 छठव्रतियों के बीच सूप, नारियल,कद्दू,गन्ना,डाब नींबू, अनानास,केला,सेब,संतरा,नींबू, मोमबत्ती,अगरबत्ती,आर्तक पात इत्यादि पूजन सामग्रियों का वितरण किया गया। इस वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ ठाकुरगंज थानाध्यक्ष श्री सतीश कुमार हिमांशु के कर-कमलों के द्वारा छठ व्रतियों के बीच सूप,फल एवं पूजन सामग्रियों का वितरण कर किया गया।वर्ष 2017 से ठाकुरगंज के कुछ नौकरी पेशा एवं स्वावलंबी युवाओं के द्वारा "यूथ ऑफ ठाकुरगंज" नामक एक संगठन का निर्माण कर गरीब असहाय लोगों को मूल धारा से जोड़ कर इस लोक आस्था के महापर्व के शुभ अवसर पर ऐसे परिवारों के घर-आंगन में खुशियों के कुछ क्षण देने के उद्देश्य से छठव्रतियों के बीच प्रतिवर्ष नहाय खाय के एक दिन पूर्व सूप,फल,पूजन सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। लगातार सात वर्षों में यह कारवां 151 छठ व्रतियों से बढ़कर इस वर्ष 501 छठ व्रतियों तक पहुंच गया है। "यूथ ऑफ ठाकुरगंज" के आस्थावान युवाओं का कहना है कि यह वितरण कार्यक्रम इसी तरह प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता रहेगा एवं अधिक से अधिक छठव्रतियों को इसका लाभ दिया जाता रहेगा। "युथ ऑफ ठाकुरगंज" के सदस्यों द्वारा ठाकुरगंज वासियों, छठव्रतियों को उनके शांतिपूर्ण सहयोग के लिए एवं प्रशासन, पुलिस एवं पत्रकारों के द्वारा विधि-व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग के लिए आभार प्रकट कर छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए वितरण कार्यक्रम का समापन किया गया। ठाकुरगंज निवासी राजीव झा ने इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि इस पूजन सामग्री वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में "यूथ ऑफ ठाकुरगंज" के सदस्य नरेश शर्मा, अमित सिंह, वीरेंद्र ठाकुर, गौरव महतो, मयंक शांडिल्य, विनय चौधरी, राजन सिंह, चंदन पांडेय, सिद्धार्थ गौतम, मुकेश सिंह, जैमिनी कृष्णा, आशीष सिन्हा, अमित राय, चंदन दास, सुनील यादव, भास्कर कुमार, संजीव साह, अमित अधिकारी, धीरज रंजन, वैभव चौधरी, मयूरेश किसलय, प्रतीक पुष्कल, चंदन ठाकुर, सुशांत मंडल, मुकेश सहनी, एवं नन्हे-मुन्ने वालंटियर्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जर्मनी से आए विदेशी पर्यटकों ने जमकर की तारीफ, कहां बंगाल की संस्कृति एवं त्यौहार अतुल्यनीय है

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

झाड़ग्राम जिला मुख्यालय में प्रथम बार यूरोपीय देश जर्मनी से आए 11 सदस्यों का दल आज शहर से सटा पियालगेड़िया ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पारंपरिक गाजे बाजे के साथ विदेशी मेहमानों का गर्म जोशी से स्वागत किया। मेहमानों के पैर धुलाये गए। मेहमानों के समक्ष पारंपरिक पेय पदार्थ हंडिया बनाकर उन्हें परोसा गया। पर्यटकों में शामिल एक पुरुष मेहमान ने इसका स्वाद भी चखा। हंडिया बनाने की विधि की भी विस्तृत जानकारी ली। जनजातीय ग्रामीण क्षेत्रों में दैनिक कार्य हेतु



उपयोगी वस्तुओं को देखकर विदेशी मेहमान काफी खुश नजर आए। उन्होंने अपने मोबाइल से हर एक वस्तु की तस्वीर संग्रह किया। मेहमानों ने जाहेर थान ( ग्राम देवता) पूजा स्थली का भी अवलोकन किया। तथा मेहमानों ने कई जिज्ञासा पूर्ण सवाल किये , जिसे उनके साथ चेन्नई से आए टूर ऑपरेटर सुधाकर सेल्वीन ने जर्मन भाषा में अनुवाद कर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशाल लकड़ी से निर्मित ढेकी से धान कूट कर चावल बनाने की विधि देखकर अचंभित हुए। इसके अतिरिक्त मुर्गी, बकरी पालन, बागवानी आदि भी देखे। 76 वर्षीय महिला पर्यटक मोनिका भोगेल ने दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता बिभूति भूषण भद्र से वातार्लाप करते हुए बताया कि वह जर्मनी के पेइंबेर्ग से आई हैं। इससे पूर्व भारत के अन्य हिस्सों का भ्रमण कर चुकी हैं। पैसे से शिक्षिका श्रीमती भोगेल का झाड़ग्राम जिले में प्रथम बार आगमन है। एक सवाल के जवाब में श्रीमती भोगेल ने कहा की बंगाल की संस्कृति एवं त्यौहार लोगों को काफी आकर्षित करता है। विशेष कर दीपावली के समय यहां आकर काफी अच्छा लग रहा है। बातचीत के क्रम में उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा यहां के लोग काफी तीखा एवं मसालेदार भोजन करते हैं। तथा यहां कई प्रकार के व्यंजन उपलब्ध हैं। मिलनसार तथा मृदुभाषी श्रीमती भोगेल उपस्थित लोगों से स्वयं आगे बढ़कर दोनों हाथ जोड़े नमस्ते जोहर कहकर अभिवादन करती हैं। इन्होंने छोटे-छोटे ग्रामीण बच्चों को बड़े प्यार से पुचकरते दुलारते देखा गया। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा यहां के मेहमान नवाजी के तौर तरीके उन्हें बेहद अच्छा लगा। मसलन स्वागत के दौरान माथे पर चंदन के तिलक, पैर छूकर प्रणाम करने, अतिथियों के पैर धुलवाने, मुस्कुराहट के साथ गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र प्रदान करना आदि मेरे जेहन में हमेशा यादगार रहेगा। श्रीमती भोगेल लोगों से खुलकर कई बातें करने की इच्छुक दिखी। परंतु भाषा की जानकारी न होने के कारण ग्रामीणों से खुलकर बात नहीं कर पायी जिसका उन्हें मलाल रहेगा। झाड़ग्राम टूरिज्म के संस्थापक सुमित दत्ता के अगुवाई में ग्राम भ्रमण की गई। श्री दत्ता ने मेहमानों को हर चीज की बारीकी से जानकारी दी। इससे पूर्व गत संध्या राजबाड़ी परिसर में आयोजित सांस्कृतिक संध्या के दौरान राज परिवार के विक्रमादित्य मल्लादेव ने मेहमानों को राजबाड़ी के इतिहास की सम्पूर्ण जानकारी दिया था। ग्राम भ्रमण में पियालगेड़िया की कर्मी मुर्मू का अहम योगदान रहा।

# मदरसा जामिया जम्हूरिया इस्लामिया कुट्टी हाट में अवैध बहाली में विवाद: हसीबुर रहमान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**


सीमांचल सेवा फाउंडेशन
(SEEMANCHAL SEVA FOUNDATION)

प्रेषित
सभी पत्रकार बंधुओं इलेक्ट्रॉनिक मिडिया एवं प्रिंट मिडिया किशनगंज।

मदरसा जामिया जम्हूरिया इस्लामिया कुट्टी हाट में अवैध बहाली में विवाद: हसीबुर रहमान

[illegible]

SEEMANCHAL SEVA FOUNDATION

सीमांचल सेवा फाउंडेशन के संस्थापक हसीबुर रहमान प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए कहा कि किशनगंज जिला अन्तर्गत कोचाधामन प्रखंड क्षेत्र के कुट्टी पंचायत स्तिथ मदरसा जामिया जम्ह-ूरिया इस्लामिया कुट्टी हाट में वर्ष 2013 से अवैध बहाली का आरोप-प्रतिआरोप चलते आ रहा हैं। अभी वर्तमान में कुट्टीगोला पोस्ट ऑफिस के पोस्टमास्टर सह मदरसा कमिटी के सचिव मंजूर आलम के द्वारा रिक्त पद मैट्रिक ट्रेंड का बहाली के नाम पर कई अभ्यर्थियों से लाखो की अवैध वसूली की गई और आखिर में परिवारवाद को बढ़ावा देते हुए अपने ही पुत्र शाकिब शम्स का मैट्रिक ट्रेंड पद पर अवैध/गलत तर-ीके से अप्रैल 2023 में बहाली कर दिया,और मदरसा में योगदान दिए बिना शाकिब शम्स लगभग 5 माह तक सरकारी वेतन वसूल कर स-रकारी राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे थे,अचानक अगस्त माह में शाकिब शम्स मदरसा आने लगे तो पोषक क्षेत्र के लोगों में सनसनी फैल गई की आखिरकार बहाली कह हुआ उसके पश्चात कुछ समाजसेवियों के द्वारा मुझे जानकारी मिली तो मैंने विधिवध तरीके फ्ळक आवेदन प्रभारी प्रधान मौलवी स-ाजीदुल हक को भेजकर मदरसा में बहाली से संबंधित जानकारी मांगी तो आज दिनांक तक जानकारी उपलब्ध नहीं कराया गया हैं। जानकारी देने के बदले में कई बड़े राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा मुझे धमकी दिया जा रहा हैं। धमकी के बाद मैने माननीय मुख्यमंत्री बिहार सरकार एवं मुख्य सचिव बिहार सरकार को लिखित आवेदन देकर उक्त मदरसा के शिक्षक शाकिब शम्स को निलंबित करने के साथ साथ मदरसा कमिटी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की हैं। जिसमे माननीय मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा विभाग के सचिव को कार्यवाही के लिए दिया गया हैं और माननीय मुख्य सचिव बिहार सरकार को आवेदन दिया गया था,जिसका जांच के लिए मुख्य सचिव बिहार सरकार ने मदरसा शिक्षा विभाग को दी हैं। उपरोक्त विषय में बहुत जल्द कार्यवाही होगी।

# इस बार विधानसभा चुनाव में किशनगंज में कमल खिलेगा :- सैयद शाहनवाज हुसैन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ के दौरान किशनगंज शहर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज के गेस्ट हाउस में पूर्व केंद्र मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन पत्रकारों के साथ किया प्रेस वार्ता प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व केंद्र मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि आज बहुत ही शुभ अवसर है कि भारतीय जनता पार्टी विकसित भारत संकल्प यात्रा में भारत के विकाश की गाथा जन-जन तक पहुंचाएंगे। जिसका शुभारंभ हो रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार के चालीस सीटों पर एनडीए की जीत निश्चित है। पिछले लोकसभा चुनाव में सीमांचल के चार सीटों में से तीन सीट एनडीए को मिली थी जिसमे किशनगंज लोकसभा सीट पर हम हारें थे। लेकिन इस बार किशनगंज की जनता इस सीट पर भी कमल खिलाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं जब किशनगंज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था और मेरी जीत भी हुई। उस वक्त यहां के यदुवंशी समाज में यादव एवं सतगोप का निनान्वे फीसदी मत भाजपा को मिली थी। यहां के यदुवंशी समाज का समर्थन भाजपा को ही मिलता आ रहा है। इन दिनों बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार जी की चर्चा भी खूब हो रही है क्योंकि उन्होंने बिहार के दोनों सदन में गुप्त ज्ञान को खुले मन से बताया है और बाद में माफी भी मांग ली। खैर मुख्यमंत्री जी अब बुजुर्ग हो गए हैं और बुजुर्ग लोगों का इज्जत भी होना चाहिए। इन दिनों पांच राज्यों में हो रहें विधानसभा चुनाव में चार राज्यों का चुनाव हमारी पार्टी जीतेगी और तेलंगाना में भी हमारी पार्टी मजबुत स्थिति में रहेगी। मौके पर पत्रकार वार्ता की अध्यक्षता कर रहें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुशांत गोप ने कहा कि इस प्रेस वार्ता के उपरांत यहां यदुवंशी समाज के सैकड़ों लोग पार्टी की सदस्यता लेंगे। आज हमारे बीच विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन जी आगमन पर के पार्टी नेताओं की ओर से हार्दिक स्वागत करता हूं। इस अवसर पर पार्टी के जिला एवं प्रदेश स्तरीय नेताओं में लखनऊ लाल पंडित, हरीअग्रवाल, जय किशन प्रसाद कुशवाहा एव पार्टी जिला प्रवक्ता सुबोध महेश्वरी सहित अन्य प्रमुख पार्टी नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन के आगमन पर स्वागत में उपस्थित रहे वही प्रेस वार्ता के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को बीजेपी झंडा दिखाकर रवाना किया।

# कोचाधामन विधायक में तीन अलग-अलग सड़कों का किया शिलान्यास

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



16 नवंबर गुरुवार को कोचाधामन विधायक मुहम्मद इजहार असली सह सचेतक सत्तारुढ़ दल ने निम्न तीन सड़क का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण तक कार्यक्रम के तहत किशनगंज प्रखण्ड के ढटञ्ञ रोड से कांकी बंगाल बॉर्डर से जन्मजय गाँव तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम के तहत किशनगंज प्रखण्ड के PMGSY बरारो से लालबाड़ी वाया जन्मजय तक सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम के तहत किशनगंज प्रखण्ड के असुरागढ बिहार बॉर्डर से बस्ताडांगी तक सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

# भोजपुर में ऑटो ने सड़क पार कर रहे बालक को मारी टक्कर जख्मी

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**



भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बहोरानपुर ओपी अंतर्गत दामोदरपुर गांव में गुरुवार की दोपहर ऑटो ने सड़क पार कर रहे एक बालक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी बालक शाहपुर थाना क्षेत्र के बहोरनपुर ओपी अंतर्गत दामोदरपुर गांव निवासी सनोज पासवान का 7 वर्षीय पुत्र टुगुर कुमार है। इधर जख्मी बालक के परिजन ने बताया कि गुरुवार के दोपहर गांव में सड़क पार कर रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही फूलगोभी से ओवरलोड ऑ-टो ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।

# फूलबाड़ी में अज्ञात महिला का शव बरामद



ब्यूरो चीफः(दार्जिलिंग): फूलबाड़ी में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। आज सुबह फूलबाड़ी 2 नंबर ग्राम पंचायत अंतर्गत चैंगराबंधा इलाके में एक सव कैनल के पास उक्त महिला का शव देखा गया।हालांकि, खबर लिखे जाने तक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार आज सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क के किनारे सब कैनल में महिला का शव देखा। इसके बाद जलपाईगुड़ी थाने की पुलिस को सूचना दी गयी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि महिला मानसिक रूप से बीमार थी। महिला को पहले इस इलाके में नहीं देखा गया था।

## भेंड़ चोरी के मामले में आरोपित को पुलिस ने मैरा गांव से किया गिरफ्तार

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिला अन्तर्गत दिनारा थाना क्षेत्र में स्थित मैरा गांव से भेंड़ चोरी करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मैरा गांव में भेंड़ चोरी के मामले को लेकर दर्ज थाना कांड संख्या-125/20 में फरार चल रहे एक आरोपित उक्त गांव निवासी श्रीराम चौधरी का पुत्र मनोज चौधरी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।में पेश किया गया।

## बीडीओ के निधन पर लोगों ने जताया शोक

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिला अन्तर्गत चेनारी प्रखंड में पदस्थापित बीडीओ पंकज उपाध्याय के आकस्मिक निधन पर अधिकारियों व कर्मियों ने दुख जताया है। गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय परिसर में उक्त बीडीओ के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दिवंगत बीडीओ पंकज उपाध्याय को श्रद्धांजली अर्पित की गई तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने एवं शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की गई। गौरतलब हो कि कुछ दिन पूर्व पंकज उपाध्याय को किडनी में समस्या को लेकर लखनऊ पीजीआई में इलाजरत थे,जहां उनकी निधन हो गई।



शोक सभा के दौरान बीडीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि चेनारी प्रखंड के बीडीओ पंकज उपाध्याय जी कैमूर जिला अंतर्गत कुदरा के रहने वाले थे जहां इनके निधन की खबर सुन हमारे प्रखंड से संबन्धित सभी पदाधिकारी व कर्मियों के बीच शोक की लहर व्याप्त है। शोक सभा में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार , बीएचएम मो.शमशाद सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## बीडीओ के निधन पर शोक सभा का किया गया आयोजन

### दिवंगत आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का किया गया मौन धारण

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास**

बीते दिनों प्रखंड विकास पदाधिकारी चेनारी पंकज कुमार उपाध्याय का लखनऊ के एक निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान देहांत होने पर रोहतास




नगर पंचायत कार्यालय में गणमान्य लोगों के द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। वही मुख्य पार्षद प्रतिनिधि तोराब नियाजी ने कहा कि दिवंगत बीडीओ पंकज उपाध्याय बेहद मिलनसार और एक बेहतरीन पदाधिकारी के रूप में शुरू से अपनी सेवा देते चले आ रहे थे। पूर्व में बीडीओ संघ के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे थे। वही उनकी दिवंगत आत्मा को शांति हेतु नगर पंचायत रोहतास कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी महोदया जया,अनुभव कुमार सिंह,दिलीप सिंह, ललित पासवान समेत अन्य कई समाजसेवी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## एलईडी वाहन के द्वारा किया गया प्रचार प्रसार

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास**

फायर स्टेशन बिक्रमगंज स्थित नटवार में जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत आम लोगों को अगलगी से बचाव के लिए एलईडी वाहन को जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी रितेश पांडेय एवं अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी रोहन प्रसाद यादव के नेतृत्व में अग्निचालक सुनील कुमार पासवान के द्वारा एलईडी वाहन अनुमंडल के सभी प्रखंड में प्रचार प्रसार किया। लोगों को जागरूक करने के लिए लघु फिल्म के माध्यम से खेत खलिहान की आग, झुग्गी झोपड़ी की आग,गैस सिलेंडर से लगने वाली आग,मंजिल में शाट शर्किट से होने वाली आग से बचाव एवं उपाय के बारे में लघु फिल्म प्रदर्शित किया गया।

## प्रखंड मुख्यालय काराकाट, चेनारी बीडीओ के निधन पर शोक सभा आयोजित

चेनारी प्रखंड के बीडीओ पंकज कुमार उपाध्याय के इलाज के दौरान असामयिक निधन हो जाने पर रोहतास जिला के प्रखंड मुख्यालय काराकाट में उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उनकी




आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शोक सभा में शामिल सीओ जितेन्द्र कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रेणुका कुमारी, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राहुल सिंह, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी देवाशीष सिंह, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा.राकेश कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय मिश्रा, प्रखंड समन्वयक मो.अशरफ अली, बिष्णूशंकर प्रसाद, नाजिर जयप्रकाश सिह, भिखारी राम, आईटी अभिषेक, महिला पर्यवेक्षिका मीना कुमारी, अबूल हयात करीम शोभराज, मनोज कुमार कचहरी सचिव, बिष्णू, उदय कुमार शिक्षक अनिल कुमार पासवान सहित प्रखंड व अंचल सहित सभी कार्यालय के कर्मी।

## चरपोखरी थाना परिसर में 190 लीटर शराब का विनष्टीकरण

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना परिसर में मजिस्ट्रेट की तैनाती में शराब का विनष्टीकरण की कार्रवाई की गई। इस मौके पर मद्य निषेध विभाग के इंस्पेक्टर आलोक कुमार सहगल और मजिस्ट्रेट के रूप में अंचलाधिकारी चरपोखरी रितिका कृष्णा तथा थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा,दिलिप कुमार निराला के नेतृत्व में पूर्व से जब्त देसी एवं विदेशी शराब की विभागीय आदेश के अनुसार विनष्टीकरण का कार्य कराया गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी रितिका कृष्ण ने बताया कि विदेशी शराब की मात्रा लगभग 55 लीटर एवं देसी महुआ शराब की मात्रा लगभग 135 थी, जिसे विनष्टीकरण कराया गया।इस मौके पर कई अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे।

## स्थानीय विधायक व ईओ ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण**



रोहतास जिला अन्तर्गत दिनारा विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विधायक विजय कुमार मंडल ने विभिन्न छठ घाटों का नगर कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका गुप्ता के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण करते हुए विधायक ने कहा कि सभी छठ घाटों पर मजबूती से बैरेकेटिंग, गोताघोर की व्यवस्था एवं सुरक्षा के साथ साथ अच्छी लाइट की व्यवस्था हो। वहीं व्रतियों के लिये चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था होनी चाहिए। खासकर सभी घाटों पर छठ व्रतियों को कोई कष्ट न हो उसका पूरा ख्याल रखने का पुजा समिति व प्रशासन को निर्देश दिया गया है। विधायक ने नहर स्थित घाट के छठ पूजा समिति अध्यक्ष धीरज केसरी से वहां के स्थितियों का जायजा लिया और पूजा कमिटी के लोगों से कहा कि घाट के बीचों-बीच सड़क है इस पर विशेष ध्यान रहना चाहिए ताकि कोई अनहोनी न हो। कमिटी अध्यक्ष ने बताया कि पर्व के दिन नहर से प्रखंड मुख्यालय तक बड़ी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहता है। कमिटी के अध्यक्ष ने बताया कि लाइट के साथ-साथ उक्त सारी व्यवस्था ससमय पूरी कर ली जाएगी। घाटों के निरीक्षण के क्रम में विधायक प्रतिनिधि संतोष यादव, कमिटी सदस्य, मुकेश कुमार गुप्ता, छोटू सिंह, गुड्डू रजक , छोटन बारी, संतोष गुप्ता, गुप्तेश्वर गुप्ता, चुटा श्रीवास्तव, पप्पू गुप्ता, सहदेव पांडेय आदि लोग मौजूद थे।

## परिक्ष्यमान डीएसपी सह थानाध्यक्ष ने छठ घाट का निरीक्षण करने के दौरान पूजा समिति को दिया निर्देश

**दैनिक समाज जागरण,अमित कुमार काराकाट रोहतास**



रोहतास जिला अन्तर्गत काराकाट प्रखंड काराकाट क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में लोक आस्था के महापर्व को लेकर परिक्ष्यमान डीएसपी सह काराकाट थानाध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज अख्तर ने छठ पूजा घाटों का निरीक्षण किया। साथ ही इस महापर्व को प्रशासन के सहयोग एवं मिलजुलकर आपसी सद्भाव और शांतिपूर्ण रूप से मनाने की अपील की। मोहम्मद अख्तर ने थाना क्षेत्र के नगर पंचायत काराकाट गोडाड़ी, मोथा, देवमार्कण्डेय सहित अन्य छठ पूजा घाट का निरीक्षण किया।उन्होंने विभिन्न छठ पूजा समिति के अध्यक्षों से कहा कि सभी छठ पूजा घाटों पर बैरिकेटिंग, लाईट , गोताखोर, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य व्यवस्थाएं सही रूप से मुक्कमल होनी चाहिए। ताकि छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नही हो सके।इन सभी विंदुओं पर विशेष रूप से ध्यान देने की बातें कहीं।साथ ही सभी छठ पूजा घाटों का उन्होंने निरीक्षण करने के दौरान विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर पूजा समिति के प्रशांत प्रसाद, मुन्ना भारती, संजय राम वार्ड पार्षद, चितरंजन तिवारी, अनंत तिवारी, शिक्षक अनिल कुमार पासवान, रविंद्र राम,अर्जुन गुप्ता, मोहन मिश्रा, शिक्षक संजय, आनंद प्रसाद सिन्हा सहित अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## आरा पहुंचे एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक बैंक के कई सीएसआर गतिविधियों का किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो वेद प्रकाश यादव भोजपुर**



भोजपुर जिले के आरा में भारतीय स्टेट बैंक के उपनिदेशक ओमप्रकाश मिश्रा आज पहुंचे। जहां की उन्होंने शाहपुर प्रखंड के सोनबरसा गांव में सीएसआर की अनेक गतिविधियों का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। सोनबरसा गांव में एसबीआई फाउंडेशन द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे ग्राम सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण समुदाय को डिजिटल ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने के उपलक्ष्य में उन्होंने ग्राम सेवा केंद्र का उद्घाटन करने के साथ-साथ गांव के गौतम प्लस टू विद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम कंप्यूटर साइंस लैब और गर्ल्स कॉमन रूम का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। उन्होंने क्षेत्र के 20 गांव के ग्रामीणों के घर तक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एक मोबाइल मेडिकल वैन एसबीआई संजीवनी को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर ओम प्रकाश मिश्रा ने कहा कि एसबीआई ने हमेशा एक मजबूत और विकसित ग्रामीण भारत के निर्माण में योगदान देने का प्रयास किया है। ग्राम सेवा और संजीवनी इसी दिशा में एसबीआई फाउंडेशन के दो प्रमुख सामुदायिक सेवा उत्तरदायित्व का कार्यक्रम है। गुरुवार को भोजपुर जिले में इन दोनों कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बहुत खुशी हो रही है। और विश्वास है कि इस प्रयास से ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा यह दोनों कार्यक्रम एसबीआई के एक गैर सरकारी संगठन डिजिटल फाउंडेशन के साथ साझेदारी में क्रियान्वित किया जा रहे हैं अगस्त 2023 से जुलाई 2026 तक 3 साल की अवधि के लिए इन कार्यों को संपन्न करने का बजट 3.35 करोड़ का है ग्राम सेवा बिहार स्वास्थ्य देखभाल आजीविका और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्र के लिए एक एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम है। वही संजीवनी इलाके में लोगों को ग्रामीण समुदायों की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए घर-घर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु मोबाइल मेडिकल वैन प्रदान करने की पहल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पटना अंचल के मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक ना सिर्फ व्यवसाय में देश का सबसे बड़ा एवं श्रेष्ठ बैंक है। बल्कि यह सामाजिक विकास ग्रामीण विकास कौशल विकास स्वास्थ्य सुधार शिक्षा सुधार नारी सशक्तिकरण और विभिन्न जनहित के कार्यों में भी अग्रणी है एवं सोनबरसा गांव के विकास के लिए एसबीआई फाउंडेशन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहे ग्रामीण विकास की एकीकृत योजनाओं से यहां की जनता निश्चित रूप से लाभान्वित होगी। वही इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसबीआई फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक संजय प्रकाश ने कहा कि यह एकीकृत विकास दृष्टिकोण के साथ एसबीआई फाउंडेशन का लक्ष्य इन गांव में सामाजिक आर्थिक बदलाव लाना है। इन गांवों को महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने की दिशा में एक कदम आगे ले जाना है। ग्राम पंचायत स्कूल के अधिकारियों स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो और तमाम लोगों के सहयोग के आभारी हैं बताते चले कि एसबीआई फाउंडेशन भारतीय स्टेट बैंक की पहल को जमीन पर उतरने का काम करता है। बैंकिंग से इतर सेवा की अपनी परंपरा के अनूरूप फाउंडेशन ग्रामीण विकास स्वास्थ्य देखभाल शिक्षा स्थिरता और पर्यावरण आजीविका और कौशल विकास युवा सशक्तिकरण खेल को बढ़ावा देने जैसे प्रमुख क्षेत्र में कार्य करता है। सामुदायिक विकास से जुड़ता है। इस प्रयास में एसबीआई फाउंडेशन भारत के 28 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में काम करता है। समाज के सबसे कमजोर वर्ग को सीधे और सबसे प्रदर्शत तरीके से सामाजिक क्षेत्र में प्रभावी संस्थाओं के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से समावेशी और सतत विकास हेतु संसाधन उपलब्ध कराने के लिए अनेक पहल करता है। एसबीआई फाउंडेशन स्टेट बैंक समूह के लोकाचार को प्रतिबिंबित करने में विकास करता है। जो नैतिक है विकास और समानता को बढ़ावा देते हैं और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इस कार्यक्रम में जिले भर से आए हुए हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। वही उपनिदेशक यहां पहुंचने पर ग्रामीण सहित बैंक के अधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। वहीं गौतम प्लस टू विद्यालय की छात्राओं ने शानदार स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया।

## भोजपुर में तीन दिन से लापता युवक का हत्या कर फेंका गया शव हुआ बरामद

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के फरहंगपुर गांव में तीन दिन से लापता युवक का हत्या कर फेंका गया शव बरामद हुआ है। उसका शव स्थानीय थाना क्षेत्र के फरहंगपुर गांव स्थित बांध के समीप झाड़ी से बुधवार के शाम बरामद हुआ है। वहीं मृतक के शरीर में मुंह से खून निकलता एवं शरीर का कुछ भाग गला हुआ भी पाया गया है। शव के मिलने से गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही चांदी थानाध्यक्ष सौरभ कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक चांदी थाना क्षेत्र के फरहंगपुर गांव निवासी राम अवतार चौधरी का 26 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार है। वह पेशे से क्रेन चालक था एवं वह गुजरात में रहकर क्रेन चलता था। इधर मृतक के छोटे भाई अरुण कुमार ने बताया कि वह दुर्गा पूजा में गुजरात से वापस गांव आया था। 12 नवंबर दीपावली की रात करीब साढ़े नौ बजे उसके दोस्त द्वारा उसके मोबाइल पर फोन कर उसे घर से बुलाया गया था। लेकिन वह रात में वह घर वापस नहीं लौटा। जिसके परिजनों ने काफी खोजबीन की और उक्त दोस्तों से पूछताछ भी की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। जिसके बाद परिजन द्वारा 14 नवंबर मंगलवार की दोपहर गुमशुदी का आवेदन भी स्थानीय थाना में दिया गया था। इसी बीच बुधवार के शाम फरहंगपुर गांव स्थित बांध के समीप झाड़ी से उसका शव बरामद हुआ। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। वहीं दूसरी ओर मृतक के छोटे भाई अरुण कुमार ने गांव के ही जितेंद्र चौधरी उर्फ बंदरा,सोहन चौधरी उर्फ हरिद्वार एवं राहुल नामक युवक पर अपने भाई को फोन कर घर से बुलाने एवं उसकी हत्या कर उसके शव को फेंकने का आरोप लगाया है। जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई में दूसरे स्थान पर था। मृतक की शादी वर्ष 2023 के मई महीने में हुई थी। उसके परिवार में मां इंद्री देवी,पत्नी सरस्वती कुमारी व तीन भाई एवं एक 6 माह की पुत्री अनामिका है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां इंद्री देवी,पत्नी सरस्वती कुमारी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## वीर भगत सिंह क्लब के द्वारा आर्केस्ट्रा का आयोजन सम्पन्न

### भारत के विश्व कप क्रिकेट सेमीफाइनल जीत पर लगे भारत माता की जय के नारे

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**





रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत बाबू जगजीवन राम स्टेडियम में बुधवार को श्री महालक्ष्मी पूजा समिति वीर भगत सिंह क्लब द्वारा बनारस का सुप्रसिद्ध आर्केस्ट्रा बल्लू बाबा का रंगारंग कार्यक्रम हुआ ।इस कार्यक्रम में भोजपुरी की सुपरस्टार गायिका प्रीति तराना ने गायन प्रस्तुति की । कार्यक्रम की अध्यक्षता महालक्ष्मी पूजा समिति के संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं मंच संचालन जयप्रकाश नारायण ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार राइस मिलर संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह हेमू विचार मंच के राष्ट्रीय संयोजक राजू गुप्ता जी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान जन- गण- मन के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एबीआरवीएम के जिला अध्यक्ष रामाशंकर गुप्ता, महासचिव संजय गुप्ता ,प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मिश्रा ,मोहन पहलवान, समिति के संरक्षक फेकू सेठ, जगनारायण गुप्ता ,वीर भगत सिंह क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत गुप्ता, मंत्री अभिनंदन गुप्ता, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष दिलीप सेठ, उपाध्यक्ष कपिल सोनी, धर्मवीर सोनी, रवि सोनी, अरविंद गुप्ता, सुनील गुप्ता, पिंटू गुप्ता, दीपक सोनी, शैलेंद्र गुप्ता ,वीरेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, गोपाल गुप्ता इत्यादि में कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया। बुल्लु बाबा आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम शानदार रहा और रात भर श्रोता इनके गायन पर झूमते रहे। विश्व कप क्रिकेट में भारत के शानदार जीत पर दर्शकों एवं आयोजकों ने भारत माता की जयकारा लगाया।

## लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया होते हैं देश के सजग प्रहरी : डॉ० मनीष

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**



राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सह काराकाट विधानसभा के भावी प्रत्याशी डॉ० मनीष रंजन ने देश के लोकतंत्र के सजग प्रहरी स्वरूप सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता डॉ० मनीष ने बताया कि किसी भी देश के चार मजबूत स्तंभ होते हैं, अगर ये चारो स्तंभ अपनी जिम्मेदारी को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा करते है तो वह देश सफलता की नई शिखर पर पहुंच जाता है। जो चार स्तंभों में मीडिया का सबसे अहम योगदान होता है। जिसके कारण मीडिया की जिम्मेदारी आज काफी बढ़ गई है। जहां राष्ट्रीय प्रेस दिवस इनकी जिम्मेदारी का एहसास दिलाता है। वहीं भारत एक लोकतंत्र के चौथे स्तंभ स्वरूप पत्रकारिता का देश माना जाता है। क्योंकि भारत में प्रेस की स्वतंत्रता भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19 में भारतीयों को दिए गए अभिव्यक्ति की आजादी के मूल अधिकार से सुनिश्चित मानी गई है। ज्ञात हो कि भारत में प्रेस परिषद के औपचारिक कामकाज की शुरूआत 16 नवंबर 1966 ई० को हुई थी। उसी समयकाल से 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में इसे मान्यता दी गई। जिसे हर वर्ष इसी तिथि के दिन देश में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है। जिसे मानने का मुख्य देश में मीडिया की आजादी के महत्व के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है।

## आज से नहाए-खाए के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय आस्था व श्रद्धा का महापर्व छठ

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण**



हिन्दू धर्म में सूर्य उपासना का बहुत महत्व है। छठ पूजा के दौरान क केवल सूर्य देव की उपासना की जाती है,अपितु सूर्य देव की पत्नी उषा और प्रत्यूषा की भी आराधना की जाती है। अर्थात प्रातःकाल में सूर्य की प्रथम किरण ऊषा तथा सायंकाल में सूर्य की अंतिम किरण प्रत्यूषा को अर्घ्य देकर उनकी उपासना की जाती है। छठ पूजा चार दिवसीय पर्व है। इसका प्रारंभ कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को तथा कार्तिक शुक्ल सप्तमी को यह समाप्त होता है। इस दौरान व्रतधारी लगातार 36 घंटे का कठोर व्रत रखते हैं, इस दौरान वे पानी भी ग्रहण नहीं करते। पहला दिन कार्तिक शुक्ल चतुर्थी नहाय-खाय के रूप में मनाया जाता है।

छठ पर्व का मुख्य व्रत षष्ठी तिथि को रखा जाता है, लेकिन यह पर्व चतुर्थी तिथि यानी आज से आरंभ होकर सप्तमी तिथि दिन सोमवार को प्रातः सूर्योदय के समय अर्घ्य देने के उपरांत सम्पन्न होगा। जो इस वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि की शुरूआत 18 नवंबर दिन शनिवार को सुबह 09 बजकर 18 मिनट से शुरू हो रही है । इस तिथि का समापन अगले दिन 19 नवंबर दिन रविवार को सुबह 07 बजकर 23 मिनट पर होगा । उदयातिथि के अनुसार छठ पूजा 19 नवंबर को है।

**कब है नहाए-खाए :-**

लोक आस्था का यह महापर्व चार दिन तक चलता है। जिसकी शुरूआत आज से नहाए-खाए शुरू हो गया। इस वर्ष नहाए-खाए 17 नवंबर यानी आज से शुरू हो गई। इस दिन सूर्योदय 06 बजकर 45 मिनट पर होगा। वहीं सूर्यास्त शाम 05 बजकर 27 मिनट पर होगा।

**कब है खरना :-**

खरना छठ पूजा का दूसरा दिन होता है। खरना इस साल 18 नवंबर शनिवार को होगा। इस दिन का सूर्योदय सुबह 06 बजकर 46 मिनट पर और सूर्यास्त शाम 05 बजकर 26 मिनट पर होगा।

**छठ पूजा पर संध्या का पहला अध्यः-**

छठ पूजा का तीसरा दिन संध्या का पहला अर्घ्य का होता है। इस दिन रविवार को छठ पर्व की मुख्य पूजा व्रतियों के द्वारा की जाएगी। इस दिन सभी व्रती घाट पर पहुंच डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगें। इस साल छठ पूजा का संध्या अर्घ्य 19 नवंबर को दिया जाएगा। 19 नवंबर को सूर्यास्त शाम 05 बजकर 26 मिनट पर होगा।

छठ पूजा पर दूसरे दिन उगते सूर्य को अध्यः-

चौथा दिन यानी सप्तमी तिथि दिन सोमवार को छठ महापर्व सम्पन्न हो जायेगा। इस दिन व्रति लोग प्रातःकाल घाट पहुंच उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के उपरांत महापर्व का पारण करेंगे।इस साल 20 नवंबर को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।इस दिन सूर्योदय 06 बजकर 47 मिनट पर होगा।

## गाजे बजे के साथ इनुरुखी सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का जलभरी संपन्न

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**



भोजपुर जिला अंतर्गत सहार प्रखंड के गुलजारपुर पंचायत के इनुरुखी सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का जल भरी संपन्न किया गया। आचार्य शशि मिश्र व गजाधर पांडे के नेतृत्व में जल भरी संपन्न किया गया । इनुरूखी से श्रद्धालु शिर पर कलश ले पैदल कतार बद्ध हो खैरा सोन नदी से यज्ञ हेतु जल उठाया गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष मुरारी सिंह गुलजारपुर मुखिया प्रतिनिधि सह जदयू नेता गुड्डू प्रसाद तथा अन्य सदस्यों के देख रेख में जल भरी संपन्न किया गया। जलभरी शांति पूर्ण और अनहोनी रहित संपन्न को ले कर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखी।गुरुवार के जलभारी के पश्चात 17 नवंबर को वेदी पूजन अन्नाधिवास,जलाधिवास,पुष्पाधिवास तथा 18 नवंबर को प्राण प्रतिष्ठा हवन तथा पूणार्हुति किया जायेगा तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जायेगा ।यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष मुरारी सिंह ने बताया की यह यज्ञ 19 के पहला तथा 20 को दूसरा अर्ध के पश्चात समाप्त होगा । यज्ञ कमिटी ने क्षेत्र के सभी निवासियों से यज्ञ में शामिल तथा प्रसाद ग्रहण करने हेतु आमंत्रित किया है।इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि सह जदयू नेता गुड्डू प्रसाद सरपंच प्रतिनिधि मोहम्मद शकूर अली यज्ञ कमिटी अध्यक्ष मुरारी यादव हवलदार राम विनोद कुशवाहा जयकृत सिंह रंजन सिंह हरेंद्र सिंह भोला सिंह राजेंद्र सिंह प्रेमचंद पासवान रंजीत पासवान राजेश्वर सिंह अमित शाह के साथ सैकड़ो श्रद्धालु भक्त उपस्थित हुए।

## आरा में बीमारी के कारण अज्ञात वृद्ध महिला की मौत

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र के नवादा स्थित मदर टेरेसा संस्थान में बीमारी के कारण एक अज्ञात 70 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। इसके पश्चात मदर टेरेसा संस्थान के द्वारा बृद्ध महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। वहीं पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात वृद्ध महिला की मौत बीमारी के कारण इलाज के क्रम में होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। आपको बता दे की शहर के समाजसेवी द्वारा मृत महिला को तीन दिन पूर्व नवादा स्थित मदर टेरेसा संस्थान में बीमारी के हालात में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां तीन दिन चले इलाज के बाद बुधवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया।

## बाइक की टक्कर से एक बुजुर्ग जख्मी, रेफर

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार थाना क्षेत्र से एक अज्ञात मोटरसाइकिल ने टहल रहे एक बुजुर्ग को सहार पेउर के बीचोंबीच धक्का मारकर भाग निकला। बुजुर्ग सहार टोला निवासी स्वर्गीय हजारी साह का पुत्र रामप्रवेश साह के रूप में पहचान की गई। हालांकि ग्रामीणों के सहयोग से बुजुर्ग को सहार सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सक ने इलाज किया तत्पश्चात बेहतरीन इलाज के लिए सदर अस्पताल अरवल रेफर कर दिया गया। जहां उनकी इलाज चल रही है।

# कलश यात्रा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ नगर निगम की मेयर कामिनी राठौर ने किया।

दैनिक समाज जागरण



फिरोजाबाद । अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आयोजित अग्र भागवत की कलश यात्रा ने बिखेरी बाजार में अद्भुत छटा आचार्य प्रमोद कृष्ण ने बताया अग्र भागवत का महत्व कल शुक्रवार को गागर में सागर पुस्तक का विमोचन करने राष्ट्रीय अध्यक्ष आयेंगे।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा प्रथम बार आयोजित विशाल अग्र भागवत की कलश यात्रा ने बाजार में अद्भुत छटा बिखेरी। एक ही ड्रेस कोड मे पीत साड़ी पहने और कलश धारण किए 151 सौभाग्यवती महिलाएं ऐसी प्रतीत हो रही थी। जैसे स्वर्गलोक यहीं उतर आया हो। ऊपर से चार चांद लगा दिए एक ही ड्रेस कोड मे क्रीम कलर के कुर्ते पजामे पहने हुए कार्यकारिणी सदस्यो ने। कलश यात्रा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ नगर निगम की मेयर कामिनी राठौर ने किया। यात्रा में अग्र भागवत के सुप्रसिद्ध वक्ता आचार्य प्रमोद कृष्ण जी फूलों से सुसज्जित रथ पर बैठकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। अग्र भागवत के मुख्य यजमान मुकेश बंसल बाबा, गोपाल बंसल, राजेश बंसल पेपर भागवत शीश पर धारण किए हुए अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे। कलश यात्रा का पुष्प वर्षा करके अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया।

मीडिया प्रभारी कुलदीप मित्तल एडवोकेट ने विस्तृत जानकारी देते हुए आगे बताया कि कलश यात्रा द्वारकाधीश मंदिर से प्रारंभ होकर शास्त्री मार्केट, गंज चौराहा, सिनेमा चौराहा, छिंगामल का बाग होती हुई गांधी पार्क स्थित पालीवाल हॉल पहुंचकर समाप्त हुई, जहां सभी को प्रसादी दी गई। कलश यात्रा में हनुमान प्रसाद गर्ग, जानकी प्रसाद गर्ग, किशन बिहारी गर्ग, झब्बू लाल अग्रवाल, सुरेंद्र बंसल हरी बाबू, राकेश अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल पटना, जहां व्यवस्था बनाते हुए चल रहे थे, वहीं स्वागत संयोजक अजय अग्रवाल कलई, पंकज अग्रवाल ज्वेलर्स, रमेश अग्रवाल डायमंड, अरविंद बिटको, अजय फर्नीचर, सुनील अग्रवाल,सुभाष बंसल आदि सभी का पीत दुपट्टा पहनाकर स्वागत करते हुए चल रहे थे।

इस अवसर पर पालीवाल हॉल में आयोजित अग्र भागवत कथा का दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ प्रांतीय चेयरमैन विनोद अग्रवाल, प्रा. संरक्षक विनय अग्रवाल, प्रा. उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल आगरा ने किया। कथा से पूर्व मुख्य यजमान ने अग्र भागवत व व्यास जी का पूजन किया।

कथा में आचार्य प्रमोद कृष्ण जी ने अग्र भागवत का महत्व बताते हुए कहा कि जैमिनी ऋषि द्वारा लिखित इस ग्रंथ में अग्रवालो की उत्पत्ति से लेकर, समाजवाद की प्रेरणा देने वाले एक रुपया एक ईंट का विस्तृत वर्णन किया गया है। उनके राज्य में कोई गरीब नही था। इसको सुनने से भागवत की तरह अतिशय पुण्य की प्राप्ति होती है क्योंकि महाराजा अग्रसेन जी महाभारत कालीन और सूर्य वंश के होने के कारण श्री राम के वंशज है और युद्ध में पांडवों का साथ देने के कारण भगवान द्वारकाधीश के साथी भी है । मंच संचालन सुरेंद्र प्रकाश अग्रवाल, कुलदीप मित्तल एडवोकेट द्वारा किया गया।

कल शुक्रवार को अग्र भागवत 2 बजे से पालीवाल हॉल में प्रारंभ होगी, जिसका दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी कुलदीप मित्तल एडवोकेट द्वारा संकलित एवम् सम्मेलन द्वारा प्रकाशित की गई गागर में सागर पार्ट 2 पुस्तक का विमोचन भी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर श्याम प्रताप अग्रवाल, अनिल चॉइस, राकेश भट्टे वाले , राकेश नवरंग, दाऊ दयाल अग्रवाल एडवोकेट, अरुण अग्रवाल कलई, अतुल अग्रवाल भट्टे वाले, अशोक बंसल, प्रदीप अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, किशोर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राधे श्याम मित्तल, सुधीर चंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के एक दिवसीय युवा उत्सव सॉस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी शुरु।

दैनिक समाज जागरण



फिरोजाबाद। प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के एक दिवसीय युवा उत्सव सॉस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला स्तरीय गठित समित द्वारा सर्वसम्मति से लिये गये निर्णयानुसार 24 नवम्बर 2023 को स्थान-बी0डी0एम0 गर्ल्स पी0जी0 कालेज, स्टेशन रोड शिकोहाबाद में युवा उत्सव कार्यक्रम किया जाना निश्चित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि निम्न विधाओं के अन्तर्गत प्रतिभागियों की उपलब्धता के आधार पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिसमें ग्रुप फोक डांस, फोक सोंग, सोलो फोक डांस, सोलो फोक सांग, स्टोरी राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, डिक्लेमेशन, फोटोग्राफी आदि विधाओं में युवा अपनी प्रतिभा दिखायेंगे। उन्होने जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यक्रम पूरे भव्यता व उत्साह के साथ आयोजित किया जाए जिसमें जनपद के युवा प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा को निखार सके।

बैठक के दौरान जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी विकास यादव ने बताया कि कलाकारों को वाद्य यंत्र अपने साथ लाने होंगे। प्रतिभाग करने वाले कलाकारों की आयु 12 जनवरी 2024 को 15 से 29 वर्ष के मध्य होने की अनिवार्यता होगी। संगतकताओं की कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं है। कार्यक्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय शिक्षण संस्थानों, उपर्युक्त कार्यक्रम से जुड़ी हुई निजी संस्थाओं के प्रतिभावान ग्रामीण, शहरी कलाकार सीधे प्रतिभाग कर सकते हैं। विजेता कलाकारों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। प्रथम स्थान प्राप्त कलाकारों को उच्च स्तरीय कार्यक्रमों में सम्मिलित कराया जायेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं सामाजिक बन्धुता का पूरा ध्यान रखा जाय तथा किसी भी धर्म, भाषा, जाति, वर्ग या राजनीतिक दलों या सरकार के सम्बन्ध में कोई टिप्पणी या प्रदर्शन नहीं किया जायेगा। फिल्मी गीतों को कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी द्वारा समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं निजी संस्थाओं से अनुरोध किया है कि वह उपलब्ध प्रतिभावान कलाकारों को प्रतिभाग कराने का कष्ट करें। अधिक जानकारी के लिये अपने विकास खण्ड के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अथवा कार्यालय के लिपिक रमेश चन्द्र से मो0नं0 7037112807 पर सम्पर्क कर सकते हैं। बैठक के दौरान परियोजना अधिकारी प्रदीप पाण्डेय, बीएसए आशीष पाण्डेय, डीआईओएस सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# नगला राधे चैराहे पर शीघ्र स्थापित होगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा

सिरसागंज। पत्रकार वार्ता में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के प्रतिनिधि अतुल प्रताप सिंह ने यह भी बताया कि सिरसागंज नगर के प्रवेश द्वार नगला राधे चैराहे पर संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से शीघ्र महाराणा प्रताप की विशालकाय मूर्ति की स्थापना की जायेगी। जिसकी सारी तैयारियाँ अंतिम चरण में है। लाखों रुपए की लागत से बन रहे पैडस्टल का कार्य अंतिम चरण में पहुँच चुका है। पत्थर इत्यादि का कार्य पूर्ण होते ही भारत के वीर योद्धा महाराणा प्रताप की मूर्ति की स्थापना करा दी जायेगी।

# गांव का यु वक बहला फु सलाकर यु वती को भगा ले गया

फिरोजाबाद। थाना मटसेना क्षेत्र में गांव का ही युवक एक युवती को बहला फुसला कर भगा ले गया। युवती के पिता ने लड़के के परिजनों से शिकायत की तो उन लोगों ने गाली गलौज कर मारपीट कर दिए। यूपी के पिता ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

वजीरपुर जेहरपुर निवासी 19 वर्षीय एक युवती को गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। परिवार के लोगों ने युवक की तलाश की तो उसके बारे में पता चला।

युवती का पिता अपने परिजनों के साथ युवक के घर शिकायत करने पहुंचा। शिकायत करते ही युवक के परिवारीजन भड़क गए।

उन्होंने युवती के परिजनों को गाली गलौज दी। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट कर दी। युवती के पिता ने थाने पहुंचकर युवक सुनील पुत्र बाबूराम उसकी मां मिथिलेश भाई लव कुश तथा बहन मधु के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

वहीं थाना दक्षिण के क्षेत्र कटरा मोहल्ले से एक युवक 18 वर्षीय युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया। युवती के पिता ने सोहेल पुत्र शमशाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वह कटरा पठानान का रहने वाला है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हेड कांस्टेबल की मौत

**बीती रात शोहरतगढ़ से ड्यूटी करके आ रहे थे हेड कांस्टेबल देवानन्द तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हुई मौत**

**हेड कांस्टेबल की मौत की खबर से पुलिस महकमे में और परिजनों में छाया मातम**

**पार्थिक शरीर को पुलिस ने पहले पुष्पांजलि अर्पित की, उसके बाद गार्ड ऑफ ऑनर से किया गया सम्मानित**



सिद्धार्थनगर। जिले में हेड कांस्टेबल देवानन्द का कल रात शोहरतगढ़ से ड्यूटी करके आते वक्त रास्ते के अज्ञात वाहन के टक्कर मार देने से उनकी मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई वही परिवार को लोगो को पुलिस द्वारा सूचना दी गई वही परिवार वालो को भी अचानक सूचना मिलने पर पूरा परिवार दुखी है वही आज उनका पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस लाइन में शहीद स्मारक पर उनके पार्थिक शरीर को पूरे पुलिस वालों ने पहले पुष्पांजलि अर्पित की उनके बाद गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया वही पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक सहित सभी पुलिस कर्मियों ने उनके पार्थिक शरीर को कंधा दिया और उनके परिवार के साथ उनके पार्थिक शरीर को उनके गांव भेजवाया।घटना के बारे में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस में कार्यरत मुख्य आरक्षी देवानंद के सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना पर तत्काल वहां मौके पर पुलिस पहुंची और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह पुलिस विभाग के लिए बहुत ही दुखद घटना है उन्होंने मृतक पुलिसकर्मी के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार की हर स्तर से सहायता करने की बात कही।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत*

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। थाना नगला खंगर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। चंद्रपुर जनपद आगरा थाना बाह के चंदपुर निवासी श्रीनिवास 45 वर्ष पुत्र पूरन सिंह स्कूटी पर सवार होकर रिश्तेदारी में जा रहा था। नगला नंदे के समीप देश गति से और किसी बहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी।

हादसे में श्रीनिवास की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से हादसे के बारे में पूछताछ की। बाद में पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पता चलते ही उसके परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। शव को देख वह लोग रोने लगे। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

थाना प्रभारी ने बताया अज्ञात भवन की टक्कर से युवक की मौत हुई है।

# हाई टेंशन विजली की तार टूटने से तीन बीघे की गन्ने की फसल में लगी आग

दैनिक समाज जागरण ब्लाक संवाददाता ऋषभ कुमार

तहसील बिंदकी के बहरौली गांव में हाई टेंशन लाइट का तार टूटने से खेत मालिक पप्पू यादव की तीन बीघे गाने की फसल जल गई। पप्पू यादव के खेत में आग लगने की घटना के बाद हड़कंप मच गया ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई जैसे तैसे ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाने शुरू किया फायर ब्रिगेड को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब दो घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पर पाई। आग लगने से खेत मालिक पप्पू यादव की तीन बीघे की गन्ने की फसल जल गई। तार टूटने के मौके पर कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं था जिससे होने वाली बहुत बड़ी घटना टल गई।

# तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शे में मारी टक्कर, युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम बेलरहा के समीप बुधवार की दोपहर ई-रिक्शा में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे 38 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हाजीपुर गंग गांव निवासी राजाराम तिवारी का पुत्र राजेश तिवारी ई-रिक्शा में बैठकर निमंत्रण में दावतपुर गांव जा रहा था। जैसे ही ई-रिक्शा बेलरहा गांव के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। उधर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान घायल के भाई मुकेश तिवारी ने बताया कि आदमपुर गांव निवासी संजय पुत्र निक्की लाल ट्रक चालक है। जिसने ई-रिक्शे में टक्कर मारी है।

# अधेड़ की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत, पत्नी पर ही हत्या का शक

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम सातों धरमपुर में संदिग्ध अवस्था में लगभग 53 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। वहीं चचेरे भाई ने पत्नी पर हत्या का शक जाहिर किया है। जानकारी के अनुसार सातों धरमपुर गांव निवासी स्व. राज बहादुर का पुत्र क्षत्रपाल पासवान की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में




मृतक के चचेरे भाई सुरेंद्र ने बताया कि उसके भाई ने चार शादियां की थी। जिसमें पहली पत्नी सुनीता कुछ सालों बाद उसे छोड़कर चली गई। उसके बाद बीना से शादी की। कुछ महीनों बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसने मोना के साथ शादी किया। लेकिन उसकी भी मौत हो गई। बाद में उसने 30 वर्षीय सीमा से शादी की। उसने बताया कि कुछ दिन पूर्व भाई ने साढ़े चार लाख का खेत बेंचा था। जिसका पैसा सीमा के पास था। तबियत खराब हो जाने पर वह उसे अपने मायके छतरपुर ले गई। रात नौ बजे गांव पहुंचकर सूचना दिया कि क्षत्रपाल की मौत हो गई। उसने मृतक की पत्नी सीमा पर हत्या का शक जाहिर किया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# कार की टक्कर से बाइक सवार जीजा साले सहित तीन की मौत।

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज क्षेत्र के शिकोहाबाद इटावा राष्ट्रीय राज मार्ग स्थित उखाड़ कट पर बुधवार की रात कर द्वारा बाइक में टक्कर मारने के फल स्वरुप उस पर सवार साले बहनोई सहित तीन लोगों की मौत हो गई पुलिस तीनों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है।

थाना शिकोहाबाद के डिवाइची की निवासी 34 वर्षीय प्रमोद कुमार अपने साथी 28 वर्षीय बृजेश और 34 वर्षीय साले के साथ बुधवार को शादी के कार्ड बांटने के लिए के थाना सिरसागंज के गांव नगला सरला गए थे कार्ड बांटने के पश्चात उक्त तीनों लोग बाइक से वापस घर लौट रहे थे। बाइक सवार तीनों लोग उखाड़ कट पर पहुंचे ही थे तभी तेज गति से आ रही इनोवा कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिसके फल स्वरुप उस पर बैठे तीनों लोग बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों लोगों को उपचार के लिए शिकोहाबाद हॉस्पिटल लेकर आई जहा चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया पुलिस तीनों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है इधर सूचना मिलते ही तीनों के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए जिनमें कोहराम मच गया इस हादसे से शादी की तैयारियां धरी रह गई। और माहौल गमगीन हो गया।

# वायरल वीडियो में हर्ष फायरिंग कर रहे नवयुवक पर आखिर राधानगर पुलिस कार्यवाही करने से क्यों हट रही है पीछे, आखिर क्या है मामला!?

राधानगर थाना हमेशा रहता है अखबार की सुर्खियों पर और उच्च अधिकारियों को करते है गुमराह

**अपराध की श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल करने वाला थाना राधानगर बना महाभारत की धृतराष्ट्र की तरह**

**पुत्र की तरह कारखास सिपाहियों का नहीं छोड़ पा रहे मोह जिस जिस थाने में साहब जाएंगे वहां वहां अपने कारखासो की टीम को भी ले जाएंगे**

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर वर्तमान समय राधानगर थाना एक ऐसा चर्चित व बेलगाम थाना है जहां हर्ष फायरिंग, छिनैती, दुष्कर्म, चोरी, अवैध देसी शराब, जुआंखाना, लकड़ी कटान, ताबड़तोड़ घटनाएं होती है मगर घटनाओं का खुलासा



नहीं होता है। इस थाने में राधानगर चौकी इंचार्ज सहित ऐसे शातिर सिपाही है जो 24 घंटे सिर्फ अवैध वसूली में मस्त रहते हैं। साहब के कारखास माने जाते हैं अवैध वसूली से लेकर थाने की इकजायी यही वसूलते है। साहब के आंखों के तारे इन सिपाहियों को साहब अपने साथ ही रखते हैं साहब चाहे जिन थानों में रहे हो वह अधिकारियों को झांसे में लेकर अपने चहेते टीम का ट्रांसफर करवा लेते हैं अधिकारी भी बगैर सोचे प्रभारी की गणेश परिक्रमा को स्वीकार कर भी लेते हैं।क्या अधिकारी को नहीं मालूम होता की प्रभारी जिन कारखास टीम का अपने साथ ट्रांसफर करवा रहे है वह अपराध नियंत्रण में सहयोग के लिए नहीं बल्कि सिर्फ अवैध वसूली व थाने की इकजायी की वसूली के लिए ट्रांसफर करवा रहे हैं?

जनपद का थाना राधानगर यूं तो हमेशा चर्चा का विषय बना रहता है जहां इस क्षेत्र में अपराधियों के भी हौसले बुलंद रहते हैं। जहां इस क्षेत्र में अपराधी पुलिस के भय से बेखौफ होकर अपराध करते हैं हालांकि हाल ही में एक मामला काफी तेजी के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से चर्चित बना हुआ है जहां आपको बताते चलें की थाना राधानगर क्षेत्र के अंतर्गत सथरियांव गांव के निवासी अभय साहू पुत्र विनोद साहू ने दीपावली के पर्व पर हर्ष फायरिंग की थी जिसमें वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड किया गया था जिस पर नवयुवक के द्वारा हर्ष फायरिंग करते हुए वीडियो काफी तेजी के साथ ट्विटर पर भी ट्रेंड हुआ जिसको संज्ञान में लेते हुए थाना राधानगर की पुलिस अभय साहू के न मिलने की दशा में उसके पिता विनोद साहू को गिरफ्तार कर लाई थी जहां सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विनोद साहू को पुलिस ने देर रात्रि मामला को ले देकर रखा दफा कर दिया और वीडियो को दो साल पुराना बता दिया गया हालांकि विश्वसनीय सूत्रों से जब वायरल वीडियो के बारे में जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो दो साल पुराना नहीं है बल्कि वीडियो इसी नवंबर माह 2023 में ही दीपावली के पर्व पर हर्ष फायरिंग का है जिसका वीडियो वायरल हुआ है और अभय साहू के जो हाथों पर बंदूक दिख रही है वह किसी दूसरे की है। आखिर जब वायरल वीडियो को लेकर संबंधित थाना राधानगर के थाना प्रभारी राज किशोर से जानकारी की गई तो उन्होंने कहा की वीडियो दो साल पुराना है। और जो ट्विटर में ट्रेड हुआ था वह डिलीट कर दिया गया।आखिर एक सोचनीय विषय यह है कि विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार प्राप्त जानकारी तथा स्थानीय लोगों के द्वारा प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी के द्वारा दी गई जानकारी भिन्न-भिन्न क्यों हो रही हैं? आखिर मामला क्या है जो दोनों लोगों के द्वारा दी गई जानकारी अलग-अलग आ रही है। इसका मतलब सीधे तौर पर कहा जा सकता है कि दाल में कुछ काला जरूर है।।

# पीड़िता के साथ दबंगों ने की मारपीट एवं जान से मारने की दी धमकी–पीड़िता

**पीड़िता ने पु लिस अधीक्षक की चौखट में पहु ंचकर लगाई न्याय की गु हार**

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जनपद के थाना किशनपुर क्षेत्र के अंतर्गत नरैनी गांव की निवासिनी प्रीति देवी पत्नी दयाशंकर उर्फ टुनटुन तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को एक तहरीर देते हुए अवगत कराया की दिनांक 14 नवंबर को शाम करीब 7:45 पर दबंग हुआ अपराधी किस्म के रमेश पुत्र रामकृपाल, राजू पुत्र रामकेश नद्दू यादव घोड़ी वाला पुत्र श्रीराम यादव निवासी नरैनी मैं पीड़िता के घर पर खुश कर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा पीड़िताने बताया कि घर पर उसके पति नहीं थे जहां वह जब चिल्लाई तो उसका देवर देवरानी तथा वृद्ध मां मौके पर दौड़ कर पहुंचे जहां पीड़िता ने कहा कि उसके गले में पहने हुए



मंगलसूत्र जिसका वजन लगभग 7 ग्राम था उसे दबंगों ने छीन लिया और तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए जहां पीड़िता ने बताया कि स्थानीय थाने पर सुनवाई न होने के कारण वह आज 16 नवंबर को पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंच कर नए दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

# ओटीएस का हुआ अनोखा प्रचार

अब बकायेदार उपभोक्ताओं के परिसर के सामने उनका नाम और बकाया राशि को लेकर किया जाएगा एनाउंसमेंट बकाया राशि बताने के साथ साथ एकमुश्त समाधान योजना में जमा करने हेतु किया जाएगा प्रेरित /अपने घर के सामने नाम और विद्युत का बकाया एनाउंसमेंट होने से उपभोक्ता हुए भयभीत /ओटीएस के माध्यम से बकाया बिल को जमा करने की लगी होड़

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर शहर में अब विद्युत विभाग ने नए तरीके से एकमुश्त समाधान



योजना का प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है। अब पावर हाउस के कर्मचारी बकायेदार उपभोक्ता के परिसर पर जाकर माइक सिस्टम के माध्यम से जोर से बकायेदार उपभोक्ता का नाम व बकाया राशि बताकर एकमुश्त समाधान ओटीएस योजना में जमा करने हेतु प्रेरित करेंगे। मोहल्ले में अपनी लाज लज्जा बचाने के डर से उपभोक्ताओं द्वारा भी ओटीएस योजना में बकाया बिल जमा करना शुरू कर दिया है।

## बकायेदार उपभोक्ताओं से उपखंड अधिकारी सदर एम एम सिद्दीकी की अपील

सभी सम्मानित बकायेदार उपभोक्ताओं से अनुरोध है सरकार की महत्वाकांक्षी एक मुश्त समाधान योजना में ब्याज की छूट के साथ अपना बकाया बिल जमा करें। योजना खत्म होने के उपरांत मय ब्याज के आरसी के माध्यम से वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

# 20 साल पहले मिला था जख्म, खूंखार फॉर्म में चल रही टीम इंडिया लेगी बदला, ऑस्ट्रेलिया पहुंची फाइनल में

नई दिल्ली. आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के सामने फाइनल में कौन सी टीम होगी इस्का फैसला हो गया है. न्यूजीलैंड के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज करने के बाद भारत ने खिताबी भिड़ंत में स्थान पक्का किया. एक दिन बाद साउथ अफ्रीका के खिलाफ रोमांचक जीत हासिल करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया से फाइनल में टक्कर पक्की की. 20 साल बाद इन दोनों टीमों का सामना किसी वर्ल्ड कप फाइनल में होगा.

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में लगातार दो मैच हार कर शुरूआत की थी. एक वक्त यह टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर पहुंच गी थी वहां से लगातार 7 मुकाबलों में जीत हासिल कर टीम सेमीफाइनल में पहुंची और अब साउथ अफ्रीका को पस्त करते हुए फाइनल का टिकट पक्का कर लिया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी प्रटियाज टीम 212 रन पर ढेर हो गई और इसके बाद लड़खड़ाते हुए टीम जीत तक पहुंचने में कामयाब हुई.

भारत में खेले जा रहे आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने ऐसा धमाकेदार खेल दिखाया जिसके आगे सारी की सारी टीमों ने घुटने टेक दिए. लगातार 9 मुकाबले जीतने के बाद रोहित शर्मा की टीम ने सबसे पहले सेमीफाइनल में जगह पक्की की. सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 397 रन का विशाल स्कोर बनाया और 70 रन के अंतर से जीत हासिल कर फाइनल का टिकट पक्का किया.

# केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने असम की महिला स्ट्रीट वेंडरों के साथ बातचीत की

## अमृतकाल के दौरान जनभागीदारी, आत्मनिर्भर भारत के लिए मिशन 2047 को प्राप्त करने का प्रमुख घटक है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी विजन है



समाज जागरण

जैतो,16 नवम्बर( रघुनंदन पराशर): केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री श्री सबार्नंद सोनोवाल ने आज गुवाहाटी में असम की महिला स्ट्रीट वेंडरों के साथ एक संवाद-सत्र की मेजबानी की। चाय की दुकान चलाने से लेकर लड्डू और पीठा बनाने व पान दुकान चलाने वाली 75 से अधिक महिला विक्रेताओं ने श्री सोनोवाल के साथ सार्थक बातचीत में हिस्सा लिया और पीएम स्वनिधि योजना के तहत प्राप्त ऋण से जुड़े अपने अनुभव और लाभों को साझा किया।

विक्रेताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा, ह्लआज आप सभी के साथ बातचीत करके मुझे बहुत खुशी हो रही है, जिन्होंने अपना व्यवसाय स्थापित करने और कारोबार को मजबूती प्रदान करने के लिए पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण प्राप्त किया है। हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के जमीनी प्रभाव को समझने के लिए बहुत उत्सुक रहते हैं। इस योजना का उद्देश्य सड़कों पर चलने वाले छोटे कारोबारों को मजबूत करना है। यह योजना महामारी के बाद के वर्षों में लोगों को अपने व्यवसाय को फिर से स्थापित करने में मददगार रही है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय का दायरा बढ़ाने में मदद मिली है और उन्होंने 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने, जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का विजन है, के अंतिम लक्ष्य को साकार करने में सार्थक योगदान दिया है। जनभागीदारी को आदर्श वाक्य मानकर, हमें इस अमृत काल में मोदी जी के इस विजन को साकार करने के लिए सर्वश्रेष्ठ की दिशा में प्रयास करना चाहिए।

इस योजना पर आपकी उत्साहजनक प्रतिक्रिया को देखते हुए, मुझे विश्वास है कि हम मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुझे यह जानकर भी खुशी हुई कि असम के विक्रेताओं ने ऋण चुकाने में 84 प्रतिशत की दर हासिल की है। इससे न केवल व्यावसायिक अवसरों के विस्तार और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा, बल्कि वित्तीय अनुशासन की एक सकारात्मक संस्कृति का भी निर्माण होगा।"पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) स्ट्रीट वेंडरों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक विशेष सूक्ष्म ऋण सुविधा है, जिसका उद्देश्य स्ट्रीट वेंडरों को किफायती ऋण उपलब्ध कराना है। इस योजना का लक्ष्य 50 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को लाभ पहुंचाना है। कोविड लॉकडाउन के बाद काम फिर से शुरू करने के लिए, 10,000/- रुपये तक की कार्यशील पूंजी के साथ, यह योजना समय पर पुनर्भुगतान करने वाले विक्रेताओं को 7 प्रतिशत ब्याज दर सब्सिडी, अगले चक्र में उच्च ऋण के लिए पात्रता, कैश बैक के साथ डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहन (एक वर्ष में डिजिटल लेनदेन करने के लिए 1200 रुपये तक नकद), वेंडिंग स्टॉल पर मुफ्त क्यूआर कोड और मार्गदर्शन का प्रावधान, वाणिज्यिक बैंकों, अन्य बैंकों, एमएफआई, एनबीएफसी और एसएचजी बैंकों सहित ऋण देने वाले संस्थानों के लिए व्यापक आधार आदि सुविधाएँ देकर स्ट्रीट वेंडरों बढ़ावा देती है।

# भारत के राष्ट्रीय हितों को बढ़ाते हुए आई.एन.एस. सुमेधा ने गिनी समुद्री डकैती रोधी गश्ती दल का किया संचालन

समाज जागरण





जैतो,16 नवम्बर (रघुनंदन पराशर ): रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नौसेना पोत सुमेधा एक विस्तारित तैनाती पर है और वर्तमान में अफ्रीका के पश्चिमी तट के साथ अटलांटिक महासागर में काम कर रहा है। इस अवधि के दौरान, आईएनएस सुमेधा ने गिनी की खाड़ी (जीओजी) में 31 दिनों की समुद्री डकैती रोधी गश्त का संचालन किया। इस महत्वपूर्ण समुद्री क्षेत्र में भारतीय नौसेना की यह दूसरी गश्त है। सितंबर-अक्टूबर 2022 में भारतीय नौसेना पोत तरकश ने गिनी की खाड़ी में पहली समुद्री डकैती रोधी गश्त शुरू की थी। यह क्षेत्र भारत के राष्ट्रीय हितों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए एक महत्वपूर्ण है। सुमेधा की तैनाती से सेनेगल, घाना, टोगो, नाइजीरिया, अंगोला और नामीबिया सहित क्षेत्रीय नौसेनाओं के साथ द्विपक्षीय संपर्क बनाना सुनिश्चित हुआ। सुमेधा की तैनाती के दौरान गिनी के चालक दल के साथ संयुक्त प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य हमारी क्षेत्रीय मित्र देशों की मदद और 'वसुधैव कुटुंबकम' (विश्व एक परिवार है) की अवधारणा पर ध्यान केंद्रित करना है। तैनाती का एक और मुख्य आकर्षण जीओजी में पहले भारत-यूरोपीय संघ संयुक्त अभ्यास में जहाजों की भागीदारी थी।भारत के लिए इस महत्वपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र में आईएनएस सुमेधा की परिचालन तैनाती से हमारे राष्ट्रीय हितों को और बढ़ावा मिला है।

# 50 मिलियन वर्ष पहले हुई भारी वर्षा ने उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों को जीवित रहने में मदद की : विज्ञान मंत्रालय

समाज जागरण

जैतो,16 नवम्बर( रघुनंदन पराशर) : 50 मिलियन वर्ष पहले भारी वर्षा ने भूमध्यरेखीय वर्षावनों को उस समय जीवित रहने में मदद की जब पृथ्वी बहुत अधिक गर्म थी और वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड सघनता 1000 पीपीएमवी से अधिक थी।वह तंत्र जिसमें बायोटा प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जीवित रहता है, उसके बारे में अभी भी बहुत कम जानकारी है। मध्य और उच्च अक्षांशों के मौजूदा पुराजलवायु आंकड़ों से पता लगता है कि लगभग 50 मिलियन वर्ष पहले वर्षा की मात्रा में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव आते थे। हालांकि, भूमध्यरेखीय क्षेत्र से स्थलीय पुरा जलवायु आंकड़ों का मात्रा निर्धारण करने का प्रयास कभी नहीं किया गया था। वैज्ञानिक पुराजलवायु आंकड़ों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि प्रतिकूल परिस्थितियों में जीवन के विकास के रहस्यों की जांच की जा सके।विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के एक स्वायत्त संस्थान, बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैलियोसाइंसेज (बीएसआईपी) के वैज्ञानिकों ने प्लांट प्रॉक्सी का उपयोग करके लगभग 50 मिलियन वर्ष पहले की स्थलीय भूमध्यरेखीय जलवायु की मात्रा निर्धारित की है। उन्होंने जलवायु आंकड़ों का पुनर्निर्माण किया और पाया कि उस दौरान काफी अधिक वर्षा हुई थी। वैज्ञानिकों के अनुमान के अनुसार संभवतः भारी वर्षा ने पौधों की जल उपयोग दक्षता में वृद्धि की और लगभग 50 मिलियन वर्ष पहले के अत्यधिक गर्म और उच्च कार्बन डाइऑक्साइड सघनता के बावजूद पौधों को जीवित रहने और बढ़ते रहने के लिए उचित जलवायु प्रदान की।इस बात का पहले से ही ज्ञान था कि उस समय पृथ्वी वर्तमान की तुलना में लगभग 13 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म थी और इस दौरान कार्बन डाइऑक्साइड सघनता 1000 पीपीएमवी से अधिक थी। जल विज्ञान चक्र में आए बदलाव की वजह से मध्य और उच्च अक्षांश के जंगलों के अस्तित्व पर काफी प्रभाव पड़ा, लेकिन भूमध्यरेखीय वन सफलतापूर्वक जीवित रहे। ह्यपुराभूगोल, पुराजलवायु विज्ञान, पुरापारिस्थितिकीह्न नामक पत्रिका में प्रकाशित हालिया शोध में पहली बार पता लगा कि जिस समय पृथ्वी वर्तमान की तुलना में बहुत अधिक गर्म थी उस समय भी भूमध्यरेखीय वनों के जीवित रहने की क्या वजह थी।इस शोध ने निम्न-अक्षांश क्षेत्रों की एक कैलिब्रेशन फाइल विकसित करने में भी मदद की है, जो मौसमी गहन समय में स्थलीय जलवायु की मात्रा निर्धारित करने में उपयोगी होगी। वर्षावनों के जीवित रहने के रहस्य का पता लगाने के क्रम में दुनिया के जैव विविधता हॉटस्पॉट वर्तमान और भविष्य में होने वाले जलवायु और जैविक परिवर्तनों को समझने की कुंजी है।

# सच बताना मीडिया का नैतिक कर्तव्य पर मीडिया को राजनीति का हिस्सा नहीं होना चाहिए : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने मीडिया के सामने नई चुनौतियां पेश की हैं -उपराष्ट्रपति



जैतो,16 नवम्बर (रघुनंदन पराशर ):भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय प्रेस दिवस, 2023 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और समारोह को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान उपराष्ट्रपति ने कहा कि मीडिया का नैतिक कर्तव्य है कि वह सच बताए। उन्होंने कहा कि मीडिया से जुड़े हर व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि वह समाज को सच बताए चाहे वह पत्रकार हो, अखबारों से जुड़ा हो या संचार माध्यमों से जुड़े लोग हों। उन्होंने कहा कि अविश्वसनीय और गलत खबरों ने समाज में मीडिया के विश्वास को कम किया है।

उपराष्ट्रपति ने जोर देते हुए कहा कि मीडिया को राजनीति का हिस्सा या हितधारक नहीं होना चाहिए, मीडिया को लोकतंत्र की ताकत होना चाहिए, कमजोरी नहीं। मीडिया को राजनीतिक भागीदारी से बचना चाहिए ताकि प्रगतिशील मीडिया हमारे लोकतंत्र में सच्चाई और जवाब देही का प्रतीक बना रहे।उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह कहना गलत नहीं होगा कि "फेक न्यूज" शब्द जितना आज सुना जा रहा है उतना इससे पहले कभी नहीं सुना गया।उपराष्ट्रपति ने मीडिया की कम होती विश्वसनीयता को सबसे बड़ी चुनौती बताया और सोशल मिडिया का भ्रामक खबरें फैलाने के उपयोग पर चिंता व्यक्त की।

उपराष्ट्रपति ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जिक्र करते हुए कहा कि मीडिया तकनीकी परिवर्तनो से और उनसे जुड़ी चुनौतियों से निपटने में हमेशा सक्षम रहा है, हाल की तकनीकी प्रगति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और चैट जीपीटी जैसे नवाचारों ने नई चुनौतियां पेश की हैं, इन चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना होगा।उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष का विषय "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया" सामायिक और बहुत ही महत्वपूर्ण है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने हमारे सूचना और मनोरंजन के तौर तरीकों को बदल दिया है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बनता चला जा रहा है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें बदलते हुए समय के साथ बदलना होगा और अपनी क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी अपनाना होगा लेकिन इसके साथ ही उसके दुरुपयोग से भी अपना बचाव करना होगा।

उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया संगठनों को पत्रकारिता की नैतिकता निष्पक्ष रिपोर्टिंग और तत्वों को जानने के जनता के अधिकार के प्रति अटूट समर्पण और अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए निष्पक्ष पत्रकारिता की वचनबद्धता को निभाना चाहिए ताकि जनता को सच का पता चल सके।उपराष्ट्रपति ने मीडिया में गलत सूचना के प्रसार, डीप फेक, लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने और समाज में अराजकता और अस्थिरता पैदा करने जैसी चुनौतियों से निपटने पर जोर दिया।उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि आज के परिपेक्ष में पत्रकारों और मीडिया के लोगों की जिम्मेदारियां और भी बढ़ गई हैं।उपराष्ट्रपती ने किसी भी सूचना को प्रसारित करने से पहले मीडिया संगठन और मीडिया से जुड़े लोगों को अत्यंत सावधानी और सतर्कता बरतने को कहा जिससे समाज में झूठ का जहर न घुल सके।लोकतंत्र में मीडिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया सूचना प्रदाता के साथ-साथ लोकतंत्र की आधारशिला रहा है और चौथे स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका अदा करता रहा है। मीडिया ने सच के संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका अदा की है, मीडिया बेजुबानों की आवाज उठाने के लिए सदैव तत्पर रहा है और सत्ता में बैठे लोगों का निगरानी करता रहा है।उन्होंने कहा आज सूचना की भरमार है और ऐसे में पत्रकार और मीडिया घराने ईमानदारी के उच्चतम मानकों को बनाए रखें, तथ्यों और विश्वसनीय स्रोतों तथा सत्यापन और संपादकीय स्वतंत्रता बनी रहनी चाहिए आज यह पहले से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर उपराष्ट्रपति ने सच्चाई के लिए रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों को याद करते हुए मीडिया से मीडिया से जुड़े लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हमें उन पत्रकारों को याद करना चाहिए जिन्होंने सच्चाई के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।उन्होंने कहा कि हमें उनके साहस का सम्मान करना चाहिए और प्रेस की स्वतंत्रता जो लोकतंत्र का एक आवश्यक अंग है पर किसी भी खतरे के खिलाफ एकजुट होना चाहिए।इस अवसर पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, मत्स्य पशुपालन पालन एवं डेयरी राज्य मंत्री श्री एल. मुरूगन, प्रेस काउंसिल आफ इंडिया की अध्यक्ष श्रीमती जस्टिस रंजना प्रसाद देसाई, जी-20 के शेरपा श्री अमिताभ कांत, प्रेस काउंसिल आफ इंडिया के सचिव एवं अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राजनाथ सिंह ने इंडोनेशिया के जकार्ता में 10वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक - प्लस के अवसर पर इंडोनेशिया और वियतनाम के रक्षा मंत्रियों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं



जैतो,16 नवम्बर( रघुनंदन पराशर ): रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 16 नवंबर, 2023 को इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित 10वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक - प्लस (एडीएमएम-प्लस) के अवसर पर इंडोनेशिया और वियतनाम के रक्षा मंत्रियों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री श्री प्रबोवो सुबियांतो के साथ अपनी मुलाकात के दौरान इस वर्ष आसियान में इंडोनेशिया के नेतृत्व और एडीएमएम-प्लस के उत्कृष्ट समायोजित व्यवस्थापन की सराहना की।दोनों रक्षा मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों पर चर्चा की और विशेषकर समुद्री क्षेत्र में सहयोग को अधिक विस्तारित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। दोनों नेताओं ने प्रशिक्षण, कार्मिक विचार-विमर्श व अभ्यास के लिए नियमित रूप से होने वाले आदान-प्रदान की भी समीक्षा की और रक्षा उद्योग में सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर अपने विचार व्यक्त किये। दोनों देशों ने 2021-2024 चक्र के लिए मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) पर विशेषज्ञ कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) की सह-अध्यक्षता की है।श्री राजनाथ सिंह ने वियतनाम के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान गियांग से भी बातचीत की। दोनों रक्षा मंत्रियों ने जून 2022 में श्री राजनाथ सिंह की वियतनाम यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित '2030 के लिए भारत-वियतनाम रक्षा साझेदारी पर संयुक्त दृष्टिकोण वक्तव्य' के कार्यान्वयन में प्रगति की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने बहुआयामी द्विपक्षीय रक्षा क्षेत्र को और गहन करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। भारत और वियतनाम के मध्य रक्षा क्षेत्र प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, रक्षा उद्योग सहयोग, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना, द्विपक्षीय नौसैन्य यात्राओं और अभ्यासों को कवर करते हुए एक विस्तृत स्पेक्ट्रम में फैला हुआ है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 10वें एडीएमएम-प्लस के मौके पर आसियान के महासचिव डॉ. काओ किम होर्न से भी भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने आसियान के लिए केंद्रित भारत के निरंतर सहयोग की प्रतिबद्धता को दोहराया। श्री राजनाथ सिंह ने आसियान-भारत अनौपचारिक रक्षा मंत्रियों की पहली बैठक, आसियान-भारत के पहले समुद्री अभ्यास और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में महिलाओं के लिए भारत की पहल तथा समुद्र में प्लास्टिक प्रदूषण के निपटान हेतु भारत की कार्रवाई सहित अन्य भारत-आसियान गतिविधियों में आसियान सदस्य देशों की उत्साही भागीदारी की सराहना की।रक्षा मंत्री ने आसियान-भारत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आसियान सचिवालय के उत्कृष्ट सहयोग की भी प्रशंसा की। उन्होंने आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए आसियान-भारत सहयोग को और प्रगाढ़ करने के तरीकों एवं साधनों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।इससे पहले श्री राजनाथ सिंह ने आज दिन में आसियान रक्षा मंत्रियों की 10वीं बैठक - प्लस में भाग लिया। उन्होंने एडीएमएम-प्लस की सफल अध्यक्षता के लिए इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री को बधाई दी। इस बैठक के दौरान, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एडीएमएम-प्लस के नए अध्यक्ष के रूप में लाओस का स्वागत किया और वर्ष 2024 में कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु उनकी सफलता के लिए कामना की।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक

## मोबाईल वैन 135 ग्राम पंचायतों और सभी वार्डों में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का करेगी प्रचार प्रसार- उपायुक्त

समाज जागरण



पंचकूला( संदीप शर्मा )श्री अशोक मालवीय आईआरएस व विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी की अध्यक्षता में लोक निर्माण विश्राम गृह के सभागार में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और जागरूक करने के उद्देश्य से नवंबर माह से शुरू होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन को लेकर बैठक हुईं। श्री मालवीय ने जिला अधिकारियों को यात्रा को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए।

श्री अशोक मालवीय ने कहा कि सरकार का उदेश्य इस यात्रा से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोडना है। उन्होने निर्देश दिए कि विकसित भारत यात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोडने व उनकी भागेदारी सुनिश्चित करने के लिए मोबाईल एप पर ज्वॉइन करवाने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने बताया कि जिले में विकसित भारत यात्रा का रूट मैप तैयार कर मोबाईल वैन के माध्यम से प्रत्येक गांव और वार्ड में लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। मोबाईल वैन के लिए हर गांव और हर वार्ड में अस्थाई स्टोपैज बनाया जाएगा जहां ऑडियो-विजवल के माध्यम से लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गांव या वार्ड में मोबाईल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का पूर्व रिकार्डडिड संदेश सुनाया व दिखाया जाएगा और लोगों को विकसित भारत में अपना योगदान देने को लेकर शपथ दिलवाई जाएगी। इसके अलावा केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को दशार्ती डॉक्यूमेंटरी भी दिखाई जाएगी। यात्रा के दौरान युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए हर गांव और वार्ड में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होने बताया कि मोबाईल वैन प्रतिदिन 3 गावों को कवर करेगी। इसके अलावा यह मोबाईल वैन 135 ग्राम पंचायतों और सभी वार्डों में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करेगी। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों मे उपलब्धि हासिल करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित भी किया जाएगा।

श्री सारवान ने बताया कि जिस दिन यात्रा संबंधित गांव या वार्ड में पंहुचेगी, उस दिन उस गांव और वार्ड के भारत सरकार व हरियाणा सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के लाभार्थियों भी मौजूद रहेंगे, जो प्राप्त योजनाओं के लाभ के बारे में अपने अनुभव सांझा करेंगे ताकि अन्य लोग भी इन योजनाओं से जुडकर उनका लाभ उठा सके। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों की एक टीम भी यात्रा में लोगों को जागरूक करने व उनके चैकअप के लिए तैनात रहेगी और उनके द्वारा हेल्थ कैंप भी लगाए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि यात्रा में अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बडे गांवों और वार्डो में हैल्थ चैकअप, आधार कार्ड, चिरायु कार्ड, प्रोपर्टी आईडी, पेंशन, परिवार पहचान पत्र इत्यादि बनवाने या त्रुटियों को दूर करने के लिए विशेष कैंप लगाये जाएंगे जहां संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही लाभार्थियों को पंजीकृत करके त्रुटियों को दूर किया जाएंगा और नये भी बनाये जाएंगे। इसके अलावा श्री सारवान ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र व रोड सेफटी विभाग, आर्ट क्राफट अध्यापकों व विद्यार्थियों को यात्रा के साथ जोडा जाएगा ताकि वो अपनी बेहतरीन कला का प्रर्दशन कर सकें। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में राज्य सरकार की योजनाओं के साथ साथ केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओ का विशेष प्रचार प्रसार किया जाएगा। उन्होनें बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्नत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम किसान कल्याण, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना के बारे में जागरूक किया जाएगा।

इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, पीएम उज्जवला योजना, पीएम मुद्रा लोन, स्टार्ट अप इंडिया, स्टेंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इफ्रास्ट्रक्चर इत्यादि के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त एवं विकसित भारत यात्रा पंचकूला की नोडल अधिकारी श्रीमती वर्षा खांगवाल ने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों कीं विस्तृत जानकारी श्री मालवीय को दी।

इस अवसर पर नगर निगम की संयुक्त आयुक्त ऋचा राठी, सीईओ जिला परिषद गगनदीप सिंह, डीडीपीओ राजन सिंगला, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक सुरेंद्र यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी विशाल सैनी, जिला कल्याण अधिकारी दीपिका, जिला खेल अधिकारी नील कमल, बीडीपीओ मोरनी अंकुर, बीडीपीओ पिंजोर मारट्रिना महाजन, बीडीपीओ रायपुररानी परमनंदन, बीडीपीओ बरवाला विशाल पराशर, डॉ. भावना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# छावनी में सदर की तर्ज पर अन्य क्षेत्रों में स्ट्रॉम वॉटर पाइप डालने के लिए प्रपोजल – अनिल विज



चंडीगढ़( संदीप शर्मा ) हरियाणा के गृह मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि बिजली, पानी, नाली, सड़क व सफाई हर नागरिक की मूलभूत जरूरत है और उन्होंने प्राथमिकता के आधार यह सुविधाएं मुहैया कराने पर काम किया है।श्री विज गुरुवार को अंबाला छावनी के महेशनगर में 3 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से जगाधरी रोड से बब्याल (वाया महेशनगर) तक रोड के नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास करने के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा यह ढाई किलोमीटर रोड कंकरीट की बनेगी जोकि 18 फुट चौड़ी होगी। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वह सड़क निर्माण के दौरान इसकी गुणवत्ता का अवश्य ध्यान रखें। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा गृह मंत्री अनिल विज का स्वागत किया गया।गृह मंत्री श्री अनिल विज ने बताया कि छावनी में नगर परिषद द्वारा 65.38 करोड़ की लागत से 260 सड़के बनाई जा रही है जबकि पीडब्ल्यूडी द्वारा 42.15 करोड़ रुपए की लागत से 24 सड़के बनाई जा रही है। दोनों विभाग द्वारा कुल 90.87 किमी. लंबी सड़कों का निर्माण छावनी में किया जाएगा। श्री विज ने बताया कि छावनी में सीवरेज डालने का कार्य पूर्व में चल रहा था, अब सीवरेज डालने के बाद सड़कों के नवीनीकरण के कार्य को प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि छावनी में कई अन्य सड़कों के निर्माण कार्य टेंडर होने पर प्रारंभ किए जाएंगे।

गृह मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल हैं। बिजली के लिए उन्होंने तेपला में सब स्टेशन और शेष हरियाणा से छावनी में विद्यतु आपूर्ति जुड़वाई। पेयजल के लिए 18 किलोमीटर दूर से नहरी पानी सुविधा उपलब्ध करवाई। अब नगर परिषद क्षेत्र में गांवों के जुड़ने से एक नई नहरी पाइप लाइन डाली जा रही है और छावनी के अंतिम छोर कलरेहड़ी के आखरी मकान तक दूसरी मंजिल पर पानी बिना मोटर के पानी पहुंचे इसपर कार्य किया जा रहा है।गृह मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि गत दिनों हुई फ्लड कंट्रोल मीटिंग में उन्होंने छावनी महेशनगर ड्रेन को नप क्षेत्र में पक्का करना मंजूर करवाया। उन्होंने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा अपने क्षेत्र में ड्रेन को पक्का किया जा चुका है जबकि नप क्षेत्र में यह कार्य रह गया था जिसे अब मंजूर किया गया है। उन्होंने बताया कि भविष्य में मशीने नाले में उतरकर सफाई करेंगी जिससे बेहतर तरीके से सफाई हो सकेगी। इसी तरह टांगरी नदी के इंडस्ट्री एरिया तरफ के बांध को भी पक्का किया जाएगा। उन्होंने बताया टांगरी नदी को 10-10 फुट गहरा किया जाएगा। फल्ड कंट्रोल की बैठक में इस कार्य के लिए 22 करोड़ रुपए की राशि मंजूरी करवाई गई है।गृह मंत्री अनिल विज ने बताया कि सदर क्षेत्र में डाली गई स्ट्रॉम वाटर पाईप लाईन की तर्ज पर छावनी में अन्य जगहों पर भी यह पाईप लाईन डाली जा सके, इसके लिए प्रपोजल तैयार किया गया है। उनका प्रयास है कि शहर की कोई भी नाली खुली न हो। सीवरेज सारे शहर का मंजूर किया गया है। एक कंपनी द्वारा इस कार्य को किया भी गया है, जल्द ही जहां पर सीवरेज डालने का कार्य शेष बचा है उसे भी पूरा किया जाएगा।उन्होंने कहा कि बड़े प्रोजेक्टों पर कार्य चल ही रहा है और उनमें से अधिकतर को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने यह बताया कि छावनी में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए जल्द वार्ड कमेटियां भी बनाई जाएगी। इस मौके पर एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, डीएसपी आशीष चौधरी के साथ-साथ भाजपा पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई

# लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा तथा उसकी बहाली में मीडिया की भूमिका है अहम:डॉ. सुधांशु शेखर

**मधेपुरा।**
बीएनएमयू के उपकुलसचिव (स्थापना) सह पूर्व जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) डॉ. सुधांशु शेखर ने संपूर्ण देशवासियों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा तथा उसकी बहाली में इसकी अहम भूमिका है। अतः हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम प्रेस-मीडिया की आजादी के महत्व के प्रति लोगों जागरूकता फैलाएं और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बनाए रखने एवं उसका सम्मान करने का संकल्प लें।
उन्होंने कहा कि बीएनएमयू की खबरों को सुदूर गांव-देहात तक पहुंचाने और इसे राष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान दिलाने में प्रेस- मीडिया की महती भूमिका है। प्रेस-मीडिया के सहयोग से ही लाखों विद्यार्थियों तक नामांकन, परीक्षा आदि से संबंधित



सूचनाएं पहुंचाना संभव हो पाता है।
उन्होंने बताया कि उन्होंने जून 2017 में बीएनएमयू के ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में योगदान दिया और कुछ ही दिनों बाद अगस्त में उन्हें जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) की जिम्मेदारी मिल गई। तब से लेकर आजतक हमेशा उन्हें मीडियाकर्मियों का काफी सहयोग मिलता रहा है। उन्होंने कहा है कि मीडियाकर्मियों के सहयोग से ही उनके जैसा एक साधारण नवनियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर ने कोसी-सीमांचल के सात जिलों में फैले अविभाजित बीएनएमयू के पीआरओ की ज़िम्मेदारियों का निर्वहन कर सका। उन्होंने बीएनएमयू में जितने भी छोटे-बडे.आयोजन किए और जो कुछ भी उपलब्धियां प्राप्त कीं, सबों का पूरा श्रेय यहां के मीडियाकर्मियों को जाता है।
उन्होंने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सभी मीडियाकर्मियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और विशेष रूप से कोसी-सीमांचल के सभी मीडियाकर्मियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया है।

# अनामिका नाट्य कला परिषद पलासी पटेगना द्वारा तीन दिवसीय नाटक का हुआ समापन

***दर्शकों ने कलाकारों का बढ़ाया हौसला खूब बटोरी तालियां,वर्षों से काली पूजा किया जाता है यहां नाटक का सफल मंचन***

अररिया।
अररिया प्रखंड के किस्मत खवासपुर पंचायत के वार्ड संख्या तीन अंतर्गत पलासी ब्रह्मण टोला स्थित सार्वजनिक काली मंदिर पलासी परिसर में सोमवार, मंगलवार व बुधवार की रात अनामिका नाट्य कला परिषद के कलाकारों द्वारा तीन दिवसीय धार्मिक नाटक का मंचन किया गया। इस क्रम में प्रथम रात्रि के अवसर पर सोमवार को महिषासुर वध व बाणासुर नामक धार्मिक नाटक का सफल मंचन किया गया। वहीं द्वितीय रात्रि मंगलवार को सत्यवादी राजा हरिश्चन्द्र तथा बुधवार की रात शेषनाग का प्रतिशोध तथा देवासुर संग्राम नामक नाटक का सफल मंचन हुआ। बेहतर स्टेज और आकर्षक रूप सज्जा दर्शकों के बीच रातभर आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस दौरान धार्मिक व सामाजिक भावनाओं का कद्र करते हुए कलाकारों ने नाटक के माध्यम से ना केवल दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कराया बल्कि समाज में व्याप्त कुरीतियां एवं दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज भी उठाए। मौके पर रात भर





गीत, संगीत, नृत्य, गजल, झांकी, रिकॉर्डिंग डांस, मरकरी डांस के अलावे हास्य परिहास्य के माध्यम से लोगों का भरपूर मनोरंजन कराया गया। जबकि कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों का खूब तालियां बटोरी। उद्घोषक का भूमिका रोशन झा एवं कृष्ण कुमार ने जबकि रूप सज्जा कलाकार संजय ठाकुर, कन्हैया ठाकुर व भूपेंद्र ठाकुर ने बखूबी निभाया। वहीं स्थानीय कलाकार बिट्टू कुमार के खतरनाक ट्यूब डांस पर दर्शकों ने खूब वाहवाही की। कलाकार द्वारा बनाए गए आकर्षक रंगमंच व प्रस्तुत नाटक को लोगों ने खूब सराहा। वहीं विरासत में मिले संस्कार व संस्कृति को जीवित करते हुए ग्रामीण बाल कलाकारों का जलवा देखते ही बन रहा था। सफल आयोजन में अनामिका परिषद सदस्य सहित ग्रामीण एवं युवा वर्गों का सराहनीय योगदान रहा।

# सचिव श्री शैलेश कुमार सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में आयोजित सरस मेले का आज औपचारिक शुभारम्भ किया

ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव श्री शैलेश कुमार सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में आयोजित सरस मेले का आज औपचारिक शुभारम्भ किया क इस अवसर पर श्री सिंह ने देश के कोने-कोने से आयी हुई दीदियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत से सरस आजीविका मेला आज राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है के नए आयाम स्थापित कर रही हैं एवं देश के बाद विदेशों में भी प्रतिस्पर्धा हेतु तैयार हैं।
ग्रामीण विकास मंत्रालय, दीनदयाल अन्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (ऊअ -ठफ्छट) के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान (ठक्फ्ऊढफ) के सहयोग से ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पाद बेचने के लिए सरस मेलों के माध्यम से मार्केटिंग का प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवा रहा है । इस मेले में ग्रामीण कारीगरों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए मार्केटिंग सुविधा मुहैया कराई जाती है ताकि वे अपना सामान बिना किसी बिचौलिए के सीधे ग्राहकों को बेच सकें। ग्राहकों से सीधा मोल भाव करके न केवल उन्हें उनकी रूचि की सीधी जानकारी मिलती है बल्कि उन्हें अपनी मेहनत के वाजिब दाम भी मिलते हैं।
ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान (एन.आई.आर.डी.पी.आर) पिछले 25 वर्षों से सरस मेलों का आयोजन कर रहे हैं, जिससे लाखों ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के साधन मुहैया हुए हैं और लाखों महिलाओं ने मार्केटिंग के गुण सीखे हैं। इस वर्ष करीब 165 स्टाल लगे हैं, जिसमें 28 राज्यों की स्वयं सहायता समूहों की 330 से ज्यादा ग्रामीण महिलाएँ भाग ले रही हैं। मेले में भाग लेने वाली दीदियों हेतु इस बार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गयी है स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं में व्यवसायिक दृष्टिकोण पैदा करने और उनके कौशल को और अधिक व्यवसायिक करने के लिए इस बार



4 कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों को बुला कर मार्केटिंग से जुड़े विषयों पर दीदियों को पारंगत किया जायेगा
14 नंबर से 27 नवंबर 2023 तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न राज्यों के उत्पाद जैसे टसर की साड़ियाँ, बाघ प्रिंट, गुजरात की पटोला साड़ियाँ, काँथा की साड़ियाँ, चंदेरी साड़ियाँ, उत्तराखंड व हिमाचल के ऊनी उत्पाद, प्राकृतिक खाद्य उत्पाद, कर्नाटक व तेलंगाना के वूडन उत्पाद, झारखंड के पलाश उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य उत्पाद उपलब्ध रहेंगे । ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए वचनबद्ध है जिससे ग्रामीण समुदाय, आत्मविश्वासी, जागरूक और साधन संपन्न बन सके। देश के सभी भागों से ग्रामीण कारीगर समुदाय द्वारा हार्दिक इच्छा से इन मेलों में भाग लेना सरस की सफलता की कहानी बयान करती है। प्रगति मैदान के इस अंतराष्ट्रीय व्यापार मेले में सरस आजीविका में पूरे ग्रामीण भारत की झलक देखने को मिलेगी ।
मेले का उद्घाटन करते हुए श्री शैलेश कुमार सिंह ने सरस मेलों को स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) दीदियों की आजीविका संवर्धन में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में ग्रामीण विकास मंत्रालय एसएचजी दीदियों में से २ करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं और इस दिशा में सरस मेला एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है कदो करोड़ एसएचजी दीदी को लखपति बनाने हेतु मंत्रालय विभिन्न इंटरवेंसन एसएचजी दीदी को उपलब्ध करा रहा है, उसमें से मार्केटिंग एक अहम रोल अदा करता है।
समारोह को सम्बोधित करते हुए ग्रामीण विकास विभाग के अतिरिक्त सचिव श्री चरणजीत सिंह ने सरस मेलों में पिछले २५ सालों में अब तक हुई प्रगति के बारे में बताया। श्री सिंह ने कहा की दीदियाँ अपनी मेहनत से सरस मेलों की सफलता

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6, आमंत्रित क्रिकेट प्रतियोगिता

# एकतरफा मुकाबले में बिहार पुलिस ने स्कूल निदेशक इलेवन को हराया 9 विकेट से

**पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर " ने कहा कि आमंत्रित क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। पूर्णिया सहित कोशी - सीमांचल एवं मिथिलांचल में खेलों का बेहतरीन माहौल हो। और खिलाड़ी विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय पलक पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके**



**पूर्णियां।**
पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 की अंतिम प्रतियोगिता जिला स्कूल एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर पूर्णिया में चलता हुआ। आज का मुकाबला बिहार पुलिस बनाम स्कूल निदेशक इलेवन के बीच प्रथम मुकाबला खेला गया। स्कूल निदेशक इलेवन के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आल आउट 62 रन ही बना पाई। जिसमें सुमित 14 गेंदों में 11 रन एवं जोविश जोय 24 गेंदों में 22 रन बनाए।
गेंदबाजी करते हुए बिहार पुलिस की ओर से हरि शंकर झा ने 4 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया।
बिहार पुलिस 63 रनों का पीछा करते हुए 7 ओवर 3 गेंदों में 1 विकेट खोकर बना लिया। बिहार पुलिस ने यह मुकाबला 9 विकेट से जीत हासिल कर ली। जिसमें हरि शंकर झा ने 25 गेंदों में बेहतरीन 27 रन की बेहतरीन पारी खेली। चन्दन ने 15 गेंदों में 25 रन बनाए।
स्कूल निदेशक इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए बाबुल ने 2 ओवर में 20 रन देकर 1 विकेट प्राप्त किया।

**द्वितीय मैच**
फार्मा इलेवन बनाम अकाउंटेंट इलेवन के बीच मुकाबला खेला गया। फरमा इलेवन ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 145 रन बनाए। जिसमें मोनू ने 28 गेंदों में 57 रन एवं अंकित सिंह 33 गेंदों में 32 रन एवं जाहीद आलम ने 21 गेंदों में 24 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया।
अकाउंटेंट इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए बिट्टू ने 4 ओवर में 20 देकर 3 विकेट प्राप्त किया।
अकाउंटेंट इलेवन ने 146 रनों का पीछा करते हुए 17 ओवर 2 गेंदों में 4 विकेट खोकर 147 रन बनाकर 6 विकेट से जीत हासिल कर ली। इस जीत में महेश ने नाबाद 44 गेंदों में 68 रनों की बेहतरीन पारी खेली। सत्यम ने 29 गेंदों में नाबाद 36 रन की पारी खेली।
फार्मा इलेवन की ओर गेंदबाजी करते हुए पंकज ने 4 ओवर में 43 रन देकर 3 विकेट प्राप्त।
मैच का अंपायर सैयद जब्बार हुसैन, बिमल मुकेश स्कोरर कुणाल गोस्वामी एवं उद्घोषक मो जाहीद आलम थे।
दिनांक 17/11/2023 को प्रथम मुकाबला सुबह 9:00 बजे से ग्रीन पूर्णिया बनाम रजिस्ट्री कार्यालय पूणिया।
द्वितीय मैच अपराह्न 12:00 बजे से समाजिक कार्यकर्ता बनाम प्रेस क्लब पूणिया (मिडिया इलेवन) के बीच मुकाबला खेला जाएगा।
इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, मिथिलेश राय, जितेन्द्र कुमार सिन्हा, मो मंजर मोहशिम, एस एस प्रसाद पिंटू, सैयद जब्बार हुसैन, मनीष कुमार झा, आशुतोष कुमार, वेदांत, रितेश कुमार झा, चन्दन के साथ - साथ बड़ी संख्या में खेल प्रेमी गण उपस्थित थे।

# नाइट ब्लड सर्वे की सफलता को लेकर कर्मियों को दिया गया जरूरी प्रशिक्षण

***सर्वे के लिये सभी प्रखंड में बनाये जायेंगे तीन साइट, प्रति साइट 300 लोगों की होगी जांच***

***फाइलेरिया मुक्त जिला होने का गौरव हासिल करने के बेहद करीब हैं हम***

**अररिया ।**
जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को प्रभावी बनाने की पहल जारी है। संभावित फाइलेरिया मरीजों की खोज के लिये बीते जून माह में संचालित नाइट ब्लड सर्वे अभियान के क्रम में निर्धारित संख्या से अधिक लोगों के रक्त नमूनों की जांच के बावजूद निर्धारित किसी भी साइट पर एक फीसदी मरीज नहीं मिले। लिहाजा अररिया प्री ट्रांसमिशन फेज में पहुंच चुका है। इसके सत्यापन को लेकर आगामी 23 नवंबर से पुनः एक बार जिले में नाइट ब्लड सर्वे अभियान संचालित किया जायेगा। इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर खासतौर पर प्रशिक्षित किया गया है। जिला स्वास्थ्य समिति सभागार में सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह की अगुआई में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीवीबीडीसीओ डॉ अजय कुमार



सिंह, डीआईओ डॉ मोईज, डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ दिलीप कुमार, डीपीएम स्वास्थ्य संतोष कुमार सहित सहयोगी संस्था पिरामल स्वास्थ्य, सीफार के प्रतिनिधि मौजूद थे। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी लैब टेक्निशियन व बीसीएम को अभियान की सफलता का लेकर जरूरी प्रशिक्षण दिया गया।

**उत्साहित मन से अभियान की सफलता का करें प्रयास**
प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि बीते दिनों जिले में संचालित नाइट ब्लड सर्वे बेहद सफल रहा। राज्य स्तर से भी इसकी सराहना की गयी। इसका पूरा श्रेय संबंधित कर्मियों को जाता है। हमें अपना यही उत्साह इस बार भी बरकरार रखना होगा। ताकि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में हम जिले को एक और पायदान आगे ले जा सकें।

**फाइलेरिया मुक्त जिला संबंधी लक्ष्य के करीब हैं हम**
जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि जिले में एनबीएस का ये चरण अगर पूर्व की तरह सफल साबित हुआ तो हम फाइलेरिया मुक्त जिला होने के लक्ष्य के बेहद करीब होंगे। टास्क एसेसमेंट फेज में संभावित मरीजों को चिह्नित करने के लिये किट से जांच होगी। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर ही उक्त इलाके में एनबीएस होगा। उन्होंने बताया कि एनबीएस अभियान के क्रम में इस बार जिले के सभी प्रखंडों के चिह्नित तीन साइट निर्धारित किये जायेंगे। प्रत्येक साइट पर फाइलेरिया संबंधी जांच के लिये 300 लोगों का रक्त नमूना संग्रह किया जायेगा। इस तरह हर एक प्रखंड से कुल 900 लोगों की जांच अभियान के क्रम में होनी है। इसी तरह अभियान के क्रम में जिले के सभी नौ प्रखंडों से कुल 8100 सौ लोगों के रक्त नमूनों की जांच का लक्ष्य है।

**प्रत्येक साइट पर चार सदस्यीय टीम होगी प्रतिनियुक्त**
एनबीएस अभियान के प्रत्येक साइट पर स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मियों की चार सदस्यीय टीम प्रतिनियुक्त की जायेगी। इसमें लैब टेक्निशियन, संबंधित क्षेत्र की आशा संबंधित पीएचसी के बीसीएम या बीएचएम, वीवीडी कार्यालय के कर्मी व सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि अभियान की सफलता में अपना सक्रिय सहयोग करेंगे।

# दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान बाहर से आने वाले बच्चों को पिलायी जा रही पल्स पोलियो की खुराक

**10 से 20 नवंबर तक आवागमन स्थल और पूजा स्थान पर उपलब्ध है टीम**

**जिले में बनाया गया है 36 ट्रांजिट पॉइंट, उपस्थित हैं 59 टीम**

**19 व 20 नवंबर को छठ घाटों पर तैनात रहेगी टीम**



**पूर्णिया ।**
01 सितंबर 2023 को बिहार राज्य ने पोलियो मुक्त होने के 14 वर्ष पूरे कर लिए हैं लेकिन आवागमन की वजह से विश्व के कुछ देशों में अभी भी पोलियो का संक्रमण जारी है। ऐसी स्थिति में बिहार में भी आवागमन का खतरा बना हुआ है। दीपावली और छठ पूजा में बाहर से बहुत से परिवारों का आवागमन होता है। जिससे राज्य में पोलियो वायरस के आने की संभावना रहती है। इन स्थितियों में स्थानीय बच्चों को पोलियो मुक्त रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 से 20 नवंबर तक विशेष पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जिले के विभिन्न आवागमन स्थलों पर बाहर से आने वाले परिवारों को चिह्नित करके उनके 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। इसके लिए जिले के प्रमुख आवागमन स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष टीम नियुक्त की गयी है। टीम द्वारा बाहर से आने वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें दो बूंद पोलियो खुराक पिलाते हुए जिले को पोलियो मुक्त रखने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है।
सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि दीपावली और छठ पर्व के कारण बहुत से बाहर रहने वाले लोगों का आवागमन शुरू हो जाता है। जिसके द्वारा विशेष रूप से छठ पूजा में बढ़ चढ़ कर भाग लिया जाता है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 नवंबर से ही विशेष पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जिले के प्रमुख आवागमन स्थलों में विशेष ट्रांजिट टीम तैनात की गई है। जिसके द्वारा 0 से 5 वर्ष के बच्चों की पहचान करते हुए उन्हें दो बूंद पोलियो की दवा की खुराक पिलाई जा रही है। आवागमन स्थल पर छूटे हुए बच्चों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 19 व 20 नवंबर को छठ घाटों पर भी ट्रांजिट टीम तैनात की जाएगी। जिससे उपस्थित बच्चों को पोलियो दवा की खुराक पिलाई जा सके। इसमें यूनिसेफ व डब्ल्यूएचओ द्वारा भी स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक सहयोग किया जा रहा है। जिससे कि बाहर से आ रहे सभी बच्चों को पोलियो दवा की खुराक उपलब्ध हो सके। दो बूंद पोलियो दवा की खुराक पीने से बच्चे पोलियो बीमारी से सुरक्षित रहेंगे और पूरे जीवन स्वस्थ जीवन यापन कर सकेंगे।

**जिले में बनाया गया है 36 ट्रांजिट पॉइंट, उपस्थित हैं 59 टीम**

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ विनय मोहन ने बताया कि विशेष पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के पांच प्रखंडों के प्रमुख आवागमन स्थल को चिह्नित किया गया है। इन प्रखंडों में 36 ट्रांसिट पॉइंट बनाये गए हैं। जिसमें सभी प्रखंडों के शहरी क्षेत्र के बस स्टैंड, निकास द्वार सहित रेलवे स्टेशन के भी सभी प्लेटफार्म पर टीम तैनात की गयी है । जहां बच्चों को पोलियो दवा की खुराक पिलाने के लिए टीम तैनात की गयी है। इसमें पूर्णिया पूर्व (शहरी) क्षेत्र में 16, जलालगढ़ में 03, कसबा में 07, बायसी में 05 तथा बनबनखी में 05 ट्रांजिट पॉइंट बनाया गया है। सभी ट्रांजिट पॉइंट में कुल 59 टीम लगाई गई है। जिसके द्वारा 0 से 05 वर्ष के बच्चों की पहचान करते हुए उन्हें दो बूंद पोलियो खुराक पिलाई जा रही है। ट्रांजिट पॉइंट से छूटे हुए बच्चों के लिए छठ पूजा में पूजा घाट पर भी टीम तैनात की जाएगी। जहां बाहर से आये हुए बच्चों को पोलियो दवा की दो बून्द पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के लिए सभी स्थलों पर प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की टीम लगाई गई है। जिससे कि बाहर से आने वाले एक भी बच्चा नहीं छूटे और सभी बाहरी बच्चों को पोलियो दवा की खुराक पिलाई जा सके।

# भारत मे रेलवे के बाद सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला महान इंसान थे सहारा श्री: रंजीत यादव

अररिया।
भाजपा के युवा नेता सह भारतीय जनता पार्टी अररिया संसदीय सीट के भावी प्रत्याशी रंजीत यादव ने सहारा श्री सुब्रतो राय के आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना प्रकट किया और कहा कि अररिया ने जहां एक महान आत्मा को खो दिया वहीं देश विदेश में इनकी कमी खलेगी।
रंजीत यादव ने कहा कि बाल दिवस के दिन जीवन का अंत
अलविदा धरती पुत्र सुब्रतो राय उर्फ "सहारा श्री"।
भारत मे रेलवे के बाद सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला यह महान इंसान थे। जीवन जिया तो शहंशाह की तरह।
उन्होंने कहा कि सहारा श्री के नाम से प्रसिद्ध सुब्रत रॉय का मुंबई के अस्पताल में निधन हो गया वह लंबे समय से बीमार थे। उनकी गिनती भारत के एक बड़े कारोबारी के तौर पर होती थी। सुब्रत रॉय ने भारत में सहारा इंडिया परिवार की स्थापना की थी। उनके निधन पर राजनीतिक जगत से लेकर कई फिल्मी हस्तियों ने भी शोक जताया है।
सादर नमन,ॐ शांति,ॐ शांति,ॐ शांति।

# तिरसकुंड में मां काली पूजा महोत्सव का हुआ समापन

**फारबिसगंज ।**
फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत तिरसकुंड स्थित समौल बाजार पर सार्वजनिक मां काली मंदिर में तीन दिवसीय मां काली पूजा महोत्सव का बुधवार की देर शाम को समापन हो गया ।



कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए वयोवृद्ध समाजसेवी गंगानंद पांडेय एवं धीरेन्द्र ठाकुर आदि ने बताया कि इस मंदिर में सैकड़ों वर्षों से लोग श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना करते हैं । इस बार भी भव्य तरीके से मां काली की पूजा अर्चना की गई और भव्य मेले का भी आयोजन किया गया । इस दरम्यान बाहर के कलाकारों द्वारा दुर्गा चरित लीला का भी मंचन किया गया ।
समाजसेवी गंगानंद पांडेय ने बताया कि सच्चे मन से मां की उपासना करने से इंसान की इच्छित मनोरथ पूरी होती है । उन्होंने कहा कि तिरसकुंड पंचायत धार्मिक अनुष्ठान, नाटक और मेले के लिए काफी प्रसिद्ध है । पूजा महोत्सव को सफल बनाने में तमाम ग्रामीणों की भूमिका सराहनीय रहा ।

# समाजसेवी संजय मिश्रा ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारों को किया सम्मानित

## अंग वस्त्र और कलम देकर एसडीएम पेट्रोल पंप पर की हौसला अफजाई

**अररिया ।**
जिला मुख्यालय बस स्टैंड अररिया फोर लाइन स्थित एसडीएम पेट्रोल पंप पर एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा ने विशेष आमंत्रण पर पहुंचे पत्रकारों को अंग वस्त्र व कलम देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर श्री मिश्रा ने केक



काटकर जिले के सम्मानित पत्रकारों के बीच पत्रकार दिवस मनाया। कार्यक्रम के उपरांत श्री मिश्रा ने पत्रकारों को चौथा स्तंभ व बिना सैलरी का देश का पहरेदार से संबोधन किया। वहीं पत्रकारों के इस सम्मान के लिए सभी ने श्री मिश्रा का आभार जताया।मौके पर विकास प्रकाश, अखिलेश झा,ज्ञान मिश्रा,प्रभु झा,विपुल कर्ण, कृष्ण कुमार वर्मा सहित कई पत्रकार मौजूद थे।

# सिरसिया में श्रद्धांजलि समारोह आज

**परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक के डीह पर दिग्गजों का होगा जुटान**

**भरगामा ।**
परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक सह अररिया विधानसभा सीट से एन डी ए के प्रत्याशी रहे सीमांचल के लोकप्रिय एवम कद्दावर समाजसेवी पंडित अजय कुमार झा के दिवंगत पिताजी के नव केश कर्म के उपरांत अपने गाँव सिरसिया कला में द्वादशा के मौके पर सर्व दलीय राजनेताओं का जुटान हो रहा है। संपिंडन के मौके पर अयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम की तैयारियां जहां पूरी कर ली गई है वहीं आगत अतिथियों की सेवा में फ्रेंड्स ऑफ अजय की टीम द्वारा कई उप समिति गठित किया गया है। इस मौके पर जहां राष्ट्रीय परशुराम परिषद के राष्ट्रीय नेता का पदार्पण होना हैं वहीं दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर विभिन्न राजनीतिक दल के सांसद विधायक, त्रिस्तरीय पंचायती राज के जन प्रतिनिधि, ठेकेदार, सोसल वर्कर, मीडिया बंधु भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। पंडित झा कार्यक्रम स्थल का अपने से मुआयना कर रहे हैं।

## दहेज उत्पीड़न के मामले में मु कदमा दर्ज

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी लंका थाना क्षेत्र केमारुति नगर कॉलोनी में रहने वाली रुक्मिणी देवी की शादी वर्ष 2015 में बहुआर जमालपुर मिजार्पुर के रहने वाले दरोगा उर्फ विजय कुमार के साथ हुई थी।शादी के बाद से ही सभी दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता को एक बेटी 6 साल पहले पैदा हुई।बेटी पैदा होने के बाद सभी और उसके साथ मारपीट खाना नहीं देते थे।लगातार 200000 और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करते थे। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर रुक्मणी की शिकायत पर पति दरोगा उर्फ विजय कुमार सास रीता देवी जेठ रोहित कुमार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

वही सिगरा थाना क्षेत्र के छित्तूपुर की रहने वाली रिंकी की शादी9 साल पहले लंका के छित्तूपुर के रहने वाले सोनू के साथ हुई थी.शादी के बाद से ही लगातार सोनू उसके पिता उसकी मां बहन भाई बिना कारण पिटाई करते और दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित करते थे. पीड़िता की शिकायत पर छित्तूपुर के रहने वाले पति सोनू ससुर लालचंद सास शकुंतला देवी नंद दीपा देवर भोनू के खिलाफ पुलिस आयुक्त के निर्देश पर मुकदमा लंका थाने में दर्ज किया गया.

## अवैध असलहे के साथ यु वक गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी फूलपुर पुलिस ने अवैध असलहा दिखा कर लोगों में धौस जमाने वाले को युवक को असलहा संग गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। फूलपुर थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सुरही मोड़ के पास से इंदल यादव पुत्र स्व0 बाबा यादव निवासी ग्राम छुवलिया फूलपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से एक देसी तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना फूलपुर पुलिस ने धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत युवक को जेल भेज दिया। युवक को गिरफ्तार कर करने वाले एसआई संग्राम यादव व पवन यादव ने बताया कि इसके ऊपर मारपीट के मुकदमे थे।

## किशोरी गायब हु ई पु लिस जांच में जु टी

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी चितईपुर क्षेत्र के सुसुवाही इलाके में रहने वाली राधा यादव दुगार्कुंड स्थित दुर्गा मंदिर में सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी करती हैं।बेटा रविवार को इनकी 13 वर्षीय बेटी साथ में दुर्गा मंदिर आई थी।दोपहर बाद मंदिर से घर जाने के लिए अपनी मां से बोलकर निकली।इसके बाद वह घर नहीं पहुंची।5 दिन बीत जाने के बाद भी किशोरी का कहीं पता नहीं चलने पर मां की शिकायत पर भेलूपुर थाने में गुमशुदगि दर्ज किया गया।पुलिस दुगार्कुंड मंदिर के इर्द-गिर्द में लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज चेक करने में लगी है।

# छठ पूजा व्यवस्था का किया निरीक्षण

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

रामनगर / वाराणसी वाराणसी कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने सामनेघाट एवं रामनगर बलुआघाट पर छठ पूजा से संबंधित व्यवस्था की गुरुवार को समीक्षा की एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घाटों पर साफ सफाई, प्रकाश की व्यवस्था,नये चेंजिंग रूम के लिए विधायक द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए। विधायक सौरभ ने रामनगर के बलुआघाट पर स्थित प्रतिमा विसर्जन के लिए बने अस्थाई कुंड की सफाई के लिए जोनल अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान विधायक सौरभ श्रीवास्तव रामनगर बलुआघाट से कोदोपुर तक प्रकाश व्यवस्था के लिए आलोक विभाग को निर्देशित किया।

घाट निर्माण के लिए चयनित संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों को सामनेघाट व रामनगर में




बेतरबीब पड़े पत्थरों को हटाने के लिए कहा। नीचे तक पहुंचने के लिए बालू की बोरियों से सीढ़ी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही छड़ों को काटने के लिए कहा, विधायक ने घाट निर्माण से संबंधित रास्ते मे पड़े सामानों को भी छठ पूजा तक हटाने के लिए विभाग को निर्देशित किया। जिससे किसी श्रद्धालु को चोट न लगे। निरीक्षण के दौरान विधायक के साथ पार्षद अमित सिंह चिंटू,महानगर मंत्री डॉ अनुपम गुप्ता,जितेंद्र पांडेय, राजकुमार सिंह,सृजन श्रीवास्तव,वार्ड अध्यक्ष अभय त्रिवेदी, सानी, आंशू सतीश,मुन्ना,सुजीत कुमार डे,नगर निगम के मुख्य अभियंता, यूपीपीसीएल आलोक विभाग, और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद थे।

# जबरन चकरोड बनाने के शिकायत पर एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी पिंडरा बाबतपुर चौराहे के समीप रामपुर में स्थित जमीन पर बिना किसी अधिकारी के अनुमति लिए क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगों द्वारा चकरोड निर्माण कराने की शिकायत पीड़ित ने गुरुवार को एसडीएम पिंडरा से की। एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित रामजियावन गुप्ता निवासी ताड़ी ने आरोप लगाया कि उसके बावतपुर रामपुर स्थित रकबे में जबरन अवैध प्लाटिंग कार्य करने वाले लोगों के मिली भगत से क्षेत्रीय लेखपाल व कानूनगो ने दीवानी न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन होने के बावजूद जबरन 15 फिट का चकरोड बना दिया गया। जिसपर एसडीएम ने बताया कि शिकायत पत्र मिली है जांच के आदेश दिए गए हैं।

# प्राथमिक विद्यालय परिसर से समरसेबुल चुरा ले गए चोर ।।

**( क्षेत्र में चोरी की घटना बढी ग्रामीण दहशत में, )**

सेवापुरी। वाराणसी जंसा थाना क्षेत्र के रामेश्वर पुलिस चौकी से मात्र चार सौ मीटर दूरी पर संचालित प्राथमिक विद्यालय परसीपुर के परिसर में बच्चों को पानी पीने के लिए लगायें गये समरसेबुल को बीती रात चोर दीवाल तोड़कर कर चुरा लेगये । सुबह इसकी जानकारी प्रधान अध्यापक को लगने पर उन्होंने डायल 112 व जंसा पुलिस को दी पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच करने में जुटी है इधर बीच जनसा थाना क्षेत्र में बढी चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत व्याप्त है

# रासायनिक गैस रिसाव के दौरान एनडीआरएफ के बचाई चार लोगों की जान

## मॉक ड्रिल के दौरान दिखी त्वरित कार्यवाही।

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

पिंडरा। वाराणसी सायरन बजने के साथ प्रोपेन गैस के रिसाव से चार लोगो के अचेत होने की सूचना पर एग्रो पार्क करखियाव पहुँची एनडीआरफ और अग्निशमन विभाग ने आधे घण्टे में गैस रिसाव को बन्द करने के साथ अचेत लोगों का प्राथमिक उपचार किया।

यह मॉक ड्रिल गुरुवार करखियाव एग्रो पार्क स्थित फैक्ट्री में प्रोपेन गैस के लीकेज होने की सूचना पर दिखी। संयुक्त मॉक अभ्यास के दौरान रासायनिक गैस रिसाव आपदा पर एक परिदृश्य को तैयार किया गया, जिसमे श्रीनाथ बेकर्स प्राइवेट लिमिटेड में प्रोपेन गैस गैस के रिसाव के कारण कई लोग बेहोशी में पड़े होने की सूचना पर एनडीआरएफ टीम घटना स्थल पर पहुँच कर ऑपरेशन का बेस, कमांड पोस्ट, मेडिकल पोस्ट, कम्युनिकेशन पोस्ट स्थापित किए तथा स्थानीय प्रशासन से घटना की सम्पूर्ण जानकारी लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए अपने विभिन्न प्रकार के रेस्क्यू इक्यूपमेन्टस का इस्तेमाल करते हुए राहत एवं बचाव ऑपरेशन शुरू कर दिया। बचाव दल द्वारा गैस रिसाव के जगह को पैचिंग और शील्डिंग किया तथा फंसे हुए पीड़ितों को बाहर निकल गया। एनडीआरएफ टीम द्वारा सभी पीड़ितों को अस्पताल पूर्व उपचार देने के बाद स्वास्थ्य विभाग के एम्बुलेन्ल से अस्पताल में भर्ती कराया । मॉक ड्रिल अपराह्न साढ़े 3 बजे 4 बजे तक चला। संचालन निरीक्षक आर बी गौतम ने किया।

इस बाबत डिप्टी कमांडेंट प्रेम कुमार पासवान ने बताया कि इसका उद्देश्य सभी के बीच में समन्वय बनाने तथा उपचारात्मक उपाय करना, संसाधनों की दक्षता की जांच करना एवं रासायनिक गैस रिसाव दुर्घटना आपदा के दौरान प्रतिकूल परिस्थितियों में राहत बचाव की कार्यवाही को परखना था। जिससे कि आपदा के दौरान त्वरित कार्यवाही करते हुए मानव जीवन को बचाया जा सके। इस दौरान एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा, तहसीलदार विकास पांडेय, फायर सर्विसेज के सब- इंस्पेक्टर दीपचंद, फैक्ट्री मालिक शुभम अग्रवाल उपस्थित रहे।

# हत्या के मामले में वांछित पति पत्नी गिरफ्तार भेजे गए जेल।।

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

सेवापुरी/वाराणसी कपसेठी पुलिस ने मुखविर की सूचना पर धारा 498ए/323/304बी भादवि0 व ३ डी0पी0 एक्ट के मुकदमें में वांछित चल रहे आरोपी राजेन्द्र प्रसाद पटेल पुत्र स्व0 जोधई , धनदेई पत्नी राजेन्द्र प्रसाद पटेल निवासी ग्राम दांदुपुर को उनके घर से बीती रात को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई पूरी कर जेल भेज दिया गिरफ्तार करने वाली टीम में जगदीश कुशवाहा प्रभारी निरीक्षक हे0का0 सन्तोष यादव का0 बव्लू निषाद-म0का0 सोनी गौड़ सामिल रही ।।

# तेजी बाजार पुलिस ने चोरी की योजना बनाते 4 को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शैलेन्द्र सिंह अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व संत प्रसाद



उपाध्याय क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में तेजी बाजार पुलिस ने क्षेत्र के चोरहां चौराहे के पास से 4 लोगों को चोरी की योजना बनाते समय गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी करने का उपकरण बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में धारा 401 भादंवि के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए सभी को चालान न्यायालय भेज दिया।

पकड़े गये लोगों में प्रशान्त गौतम पुत्र राम अकबाल गौतम निवासी चोरहां थाना तेजी बाजार, सूरज कुमार पुत्र लाल बहादुर निवासी चोरहां थाना तेजी बाजार, राहुल गौतम पुत्र सुनील गौतम निवासी चोरहां थाना तेजी बाजार एवं अखिलेश यादव पुत्र चन्द्रबलि यादव निवासी चोरहां थाना तेजी बाजार हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राम अवधेष गुप्ता, हे0का0 रमेश सिंह, हे0का0 कुलदीप कुमार, का0 अमरजीत कन्नौजिया, का0 राहुल शाह, एवं का0 अमरेन्द्र गौड शामिल रहे।

# नहाय-खाय के साथ कल से शुरू होगा लोक आस्था का महापर्व डाला छठ, महिलाएं 36 घंटे कठिन व्रत रहकर करेंगी सूर्योपासना

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। महादेव की नगरी में सूर्योपासना का पर छठ पूजा बड़े ही आस्था और विश्वास के साथ मनाया जाता है। शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ डाला छठ की शुरूआत होगी। इसको लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। घाटों पर छठ पूजा के लिए स्थान छेंकने का कार्य प्रारंभ हो गया है। वहीं पर्व को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट मूड में है।

छठी मइयां और भगवान भास्कर की आराधना के लिए लोगों ने गुरुवार से ही घाट को छेंकना शुरू कर दिया। वाराणसी के अस्सी घाट पर लोग जगह जगह बेदी बनाते दिखाई दिए। ताकि वहां फल, फूल आदि सामग्री को रखकर पूजन कर सकें। छठ पर्व में चार दिनों तक छठी माता और सूर्यदेव की पूजा-अर्चना की जाती है। छठ पूजा का व्रत काफी कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। छठ में व्रती महिलाएं 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत रखती हैं। वे पारण के दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर ही भोजन करती हैं। छठ पूजा का व्रत खरना के दिन से शुरू हो जाता है, इसलिए व्रती महिलाओं के लिए यह दिन काफी महत्वपूर्ण होता है। छठ के दौरान छठी मैया और सूर्यदेव की पूजा-अर्चना की जाती है। अस्सी घाट के तीर्थ पुरोहित बलराम मिश्रा ने बताया कि छठ पूजा का महत्वछठ पर्व को महापर्व कहा जाता है। क्योंकि इस पर्व को आस्था और श्रद्धापूर्वक किया जाता है। यही कारण है कि आज देश से लेकर विदेशों में भी छठ पूजा मनाई जाती है। छठ पर्व में साफ-सफाई के नियमों का विशेष पालन करन होता है। छठ व्रत करने से घर पर सुख-शांति आती है। इस व्रत से संतान और सुहाग की आयु लंबी होती है।

### कब से शु रु हो रहा है छठ पूजा

**छठ पूजा का पहला दिन-**

**नहाय-खाय- शुक्रवार, 17 नवंबर**

**छठ पूजा का दूसरा दिन-**

**खरना- शनिवार, 18 नवंबर**

**छठ पूजा का तीसरा दिन-**

**संध्या कालीन अर्घ्य- रविवार, 19 नवंबर**

**छठ पूजा का चौथा दिन-**

**सुबह का अर्घ्य- सोमवार, 20 नवंबर**

### आइए अब जानते हैं 4 दिनों में किस तरह से होता है पूजा पाठ

पहला दिनः छठ व्रत की शुरूआत नहाय-खाय के साथ होता है। कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि को छठ पर्व के पहले दिन नहाय खाय किया जाता है। पहले घर की



साफ सफाई कर ली जाती है और नहाय-खाय के दिन अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी का प्रसाद बनाया जाता है। यही से छठ पर्व की शुरूआत होती है।

दूसरा दिनः छठ पर्व के दूसरे दिन को खरना के रूप में जाना जाता है। इसी दिन से 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाता है। महिलाएं भगवान भास्कर की आराधना करने लगती हैं। शाम के समय अरवा चावल, दूध, गुड़, खीर इत्यादि का प्रसाद बनता है तथा भगवान भास्कर को चढ़ाने के बाद व्रती अल्प प्रसाद ग्रहण करती हैं।

तीसरा दिनः छठ पर्व का तीसरा दिन सबसे कठिन होता है। इस दिन छठ व्रतियों के निर्जला उपवास का दूसरा दिन प्रारंभ हो जाता है और इसी दिन छठ व्रती के द्वारा पूजा के दौरान इस्तेमाल में लाया जाने वाला ठेकुआ सहित अन्य प्रसाद भी बनाया जाता है। इसी दिन शाम के समय लोग छठ घाट जाते हैं और डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं।

चौथा दिनः छठ पर्व का चौथा दिन कार्तिक मास शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि को होता है। इस दिन अहले सुबह भगवान भास्कर के उदीयमान स्वरूप को अर्घ्य दिया जाता है। सुबह के वक्त भी लोग छठ घाट पहुंचते हैं और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं।

# मंडुआडीह थाना क्षेत्र में बाइक चोरों का आतंक।

## बीएलडब्ल्यू कर्मचारी थाने व चौकी का लगा रहा चक्कर,नही दर्ज हुआ मुकदमा

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो /वाराणसी-मंडुआडीह पुलिस बरेका में दशहरा पर दर्जनों गायब हुए मोबाइल का अभी पता तो नही लगा पायी है। तब से बरेका के नाथुपुर व कर्दमेश्वर नगर से दो बाइक चोरी हो गयी।जिसको मंडुआडीह पुलिस खूब टहला रही हैं तो वही कर्दमेश्वर नगर के मनोज कुमार भारती बरेका कर्मचारी भी थाने व बीएलडब्ल्यू चौकी का चक्कर लगा कर काफी थक चुके हैं।

# ग्रेटर नोएडा के लेखपाल का गजब कारनामा !

**तीन एकड़ को बनाया 500 एकड़ जमीन, असली खतौनी गायब करके हरियाणा के किसानों को पहु ंचाया फायदा**

गौतमबुद्ध नगर से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसको पढ़कर आप हैरान हो जाओगे। एक लेखपाल ने 3 एकड़ जमीन को 500 एकड़ कर दिया। यह मामला हरियाणा और गौतमबुद्ध नगर के फलैदा गांव से जुड़ा हुआ है। लेखपाल ने हरियाणा के किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए यह कारनामे किए हैं। जिस्-के बाद उस लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की तलवार लटक गई। हद तो तब हो गई, जब गौतमबुद्ध नगर के सर्वे कार्यालय से हरियाणा के किसानों की जमीन की असली खतौनी गायब मिली। आरोप है कि लेखपाल ने असली खतौनी को जिला सर्व कार्यालय में जमा नहीं करवाया था। जबकि 500 एकड़ की फर्जी खतौनी जमा कर दी। अब इस मामले में जिला प्रशासन ने सर्वे लेखपाल के खिलाफ जांच बैठा दी है। इस पूरे मामले की जांच सदर तहसीलदार कर रहे हैं।



### रिकॉर्ड रूम में असली नहीं मिली

दरअसल, गौतमबुद्ध नगर के फलैदा गांव में हरियाणा के किसानों की तीन एकड़ जमीन है। जानकारी के मुताबिक वर्ष 1974 में इस जमीन की खतौनी बनी थी। खतौनी बनाकर हरियाणा से गौतमबुद्ध नगर भेजा गया था, लेकिन इस दौरान माफियाओं ने चाल चली। गौतमबुद्ध नगर के रिकॉर्ड रूम में असली 3 एकड़ जमीन की खतौनी 500 एकड़ की खतौनी बनाकर भेज दी।

### ग्रामीणों की शिकायत पर खुली अफसरों की आंखें

इसका खुलासा तब हुआ, जब हरियाणा के किसानों ने गौतमबुद्ध नगर की 500 एकड़ जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। इसकी जानकारी फलैदा गांव के किसानों ने गौतमबुद्ध नगर प्रश-ासन को दी। हरियाणा के किसानों ने अपनी जमीन को 500 एकड़ बताते हुए कब्जा करने का प्रयास किया। इसके अलावा हरियाणा के किसानों ने गौतमबुद्ध नगर की जमीन को बेचना भी शुरू कर दिया था। जब गौतमबुद्ध नगर प्रशासन को फलैदा गांव के किसानों ने मामले के बारे में बताया तो अफसरों की आंखें खुली और असली खतौनी की तलाश की गई, लेकिन असली खतौनी रिकॉर्ड रूम से गायब मिली।

### सर्वे लेखपाल दीपक कुमार के खिलाफ एक्शन होगा

जिला प्रशासन की जांच में पता चला है कि फलैदा गांव के तत्कालीन सर्वे लेखपाल दीपक कुमार के पास इस संबंध में सारे कागज थे। उन्होंने ही फजीर्वाड़ा करते हुए 3 एकड़ जमीन की जगह 500 एकड़ जमीन की खतौनी जमा कर दी थी। खतौनी गायब करने में तत्कालीन सर्व लेखपाल की भूमिका संग्दिध दिखाई दे रही है। फिलहाल इस मामले की जांच सदर तहसीलदार कर रहे है।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर कराई पति की हत्या, पत्नी समेत दो गिरफ्तार..

## कीर्ति कुंज ज्वेलर्स के यहां काम के दौरान हुई थी मधु वर्मा और सोनू की मुलाकात..

**समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर. कोतवाली और सिंगरामऊ थाने की पुलिस ने सरार्फा व्यापारी हत्याकांड का खुलासा करते हुए घटना में प्रयुक्त कार मोबाइल फोन बरामद करने का दावा किया है. पत्नी ने प्रेमी से मिलकर साजिश करके कर दिया अपने ही पति की हत्या. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया गया है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के आलमगंज निवासी विजय कुमार 30 वर्षी पुत्र विभाष कुमार सेठ को 9 तारीख की रात पैसे का प्रलोभन देकर पत्नी के प्रेमी ने बुलाया और उसे कार से लखनऊ हाईवे पर ले गया. पत्नी का प्रेमी सोनू सेठ पुत्र सुभाष कुमार सेठ निवासी तूतिपुर ने हत्या करने के बाद लाश को छुपाने की उद्देश्य सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के बाहरपुर गांव के पास एक घड़ी में फेंक दिया गया था. पुलिस ने लाश बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था जहां उसके सर से दो गोली निकाली. जैसे ही हत्या का मामला दर्ज हुआ और पुलिस हरकत में आ गई. शहर कोतवाल अखिलेश कुमार मिश्रा थाना अध्यक्ष सिंगरामऊ और सर्विलेंस की टीम हरकत में आ गई और हत्यारे की खोज करने में जुट गई. पुलिस को जानकारी मिली कि मृतक की पत्नी मधु वर्मा जो नगर के कीर्ति कुंज ज्वेलर्स के यहां काम करती थी वही उसकी मुलाकात सोनू सेठ से हो गई. दोनों का प्रेम बढ़ता गया. सोनू के पिता और सोनू और मधु वर्मा ने विभाग कुमार वर्मा को रास्ते से हटाने के लिए गोली मारकर उसकी लाश को ठिकाने लगाने के लिए जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर ले जाकर फेंक दिया. लेकिन पुलिस ने भी इस हत्या की घटना का खुलासा करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया और एक सप्ताह के अंदर इस हत्या का खुलासा कर दिया. पुलिस ने सुभाष कुमार सेठ और मधु वर्मा को उन्हीं के आवास से गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त वह कर को भी बरामद कर दिया जिसमें हत्या की गई थी. इस घटना का आरोपी सोनू अभी भी पुलिस के पकड़ के बाहर बताया गया है.

# 'अच्छी खबर की उम्मीद...'; कतर में 8 भारतीयों को मौत की सजा मामले में सरकार ने दिया बड़ा अपडेट

नई दिल्ली. भारत ने गुरुवार को कहा कि कतर की एक अदालत द्वारा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को सुनायी गई मौत की सजा के खिलाफ अपील की प्रक्रिया जारी है और उसे इस्-का सकारात्मक नतीजा निकलने की उम्मीद है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत इस मामले पर कतर के प्राधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है और सरकार भारतीय नागरिकों को सभी कानूनी और दूतावास संबंधी सहायता मुहैया कराना जारी रखेगी.

कतर की 'कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टेंस' ने 26 अक्टूबर को आठ भारतीयों को मौत की सजा सुनाई थी. भारत ने फैसले को चौंकाने वाला बताया था और मामले में सभी कानूनी विकल्प तलाशने




की बात कही थी. कुछ दिनों बाद, मौत की सजा के खिलाफ अपील दायर की गई. बागची ने कहा, "मामला फिलहाल वहां कानूनी प्रक्रिया में है. जैसा कि हमने बताया, कतर की अपील अदालत में एक अपील दायर की गई है. हम इस मामले पर कतर के प्राधिकारियों के साथ भी सम्पर्क में हैं और हम उन्हें (पूर्व नौसैन्य कर्मियों को) सभी कानूनी और राजनयिक सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे."

### मामला बेहद संवेदनशीन

बागची ने कहा, "मैं फिर से सभी से आग्रह करूंगा कि मामले की संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए अटकलों में लिप्त न हों." पूरी प्रक्रिया में फैसले को कतर पक्ष द्वारा गोपनीय रखा गया है. बागची ने अपनी साप्ताहिक प्रेसवार्ता में इस मामले पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'अपील प्रक्रिया चल रही है और हम सकारात्मक नतीजे की उम्मीद करते हैं." उन्होंने उन कुछ खबरों को भी 'तथ्यात्मक रूप से गलत' बताया, जिनमें कहा गया था कि मामले में अपील पर फैसला सुनाया जा चुका है.

# सरिया के प्रवासी मजदूर की इंदौर के बिल्डिंग में फिसल कर गिरने से हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)16 नवम्बर 2023 :- झारखंड में प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है।इसी क्रम में गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लुतियानो के प्रवासी मजदूर की मध्य प्रदेश के इंदौर में बुधवार दोपहर को मौत हो गयी।मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लुतियानो निवासी स्वर्गीय भीम महतो के 28 वर्षीय पुत्र सोमर महतो की एमपी के इंदौर में काम के दौरान बिल्डिंग से गिरने से मौत हो गयी।मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हैं।मृतक सोमर महतो मध्य प्रदेश के इंदौर में बिल्डिंग लाइन में टाइल्स-मार्बल का काम करता था।मृतक अपने पीछे पत्नी के साथ दो मासूम बच्चो को छोड़ गया।इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली संवेदना प्रकट करते हुए करते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है।इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।रोजी-रोटी की तलाश में परदेस गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है।प्रवासी



मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिले से रोजी कमाने गये लोगों की है।अपना घर छोड़कर परदेस गये इन मजदूरों की जिंदगी तो कष्ट में बीतती ही है, मौत के बाद भी उनकी रूह को चैन नसीब नहीं होता है।किसी की लाश हफ्ते भर बाद आती है, तो किसी को 3 महीने भी लग जाते हैं।ऐसे में सरकार को फिलहाल शव लाने की व्यवस्था करने के साथ-साथ रोजगार के ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए।ताकि मजदूरो का पलायन रोका जा सके इस खबर कि जानकारी होते ही स्थानीय विधायक विनोद कुमार सिंह के निर्देश पर भाजपा मलिक की एक टीम मृतक प्रवासी मजदूर के परिजन से मिले और दुख प्रकट किया साथ ही मृतक के पार्थिव शरीर को मध्य प्रदेश ग्वालियर से झारखंड लाने के लिए तत्काल झारखंड सरकार के श्रम विभाग से ₹50000 देने के लिए सारी प्रक्रियाएं पूर्ण कर लिया गया , जो मृतक के पत्नी सोनी देवी के बैंक अकाउंट में भेजा जा रहा है बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद झारखंड सरकार से मिलने वाली सहायता राशि दिया जाएगा मौके पर सरिया प्रखंड के भाकपा माले प्रखंड सचिव भोला मंडल , लखन महतो , जमुर्ने पश्चिमी पंचायत के निवर्तमान मुखिया संतोष कुमार रजक, आर वाई ए के जिला अध्यक्ष सोनू पांडे , देवराड़ीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पूरण कुमार महतो उपस्थित थे।

# ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ पोस्ट बोकारो के द्वारा भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त एक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण साजिद ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) आईपीएफ बोकारो की देखरेख में एसआई मीना कुमारी ने एचसी धनजी सिंह, एलसी मीरा कुमारी और एलसी सुप्रिया विश्वास और आरपीएफ पोस्ट बोकारो की सीपीडीएस टीम के साथ दिनांक 15 नवम्बर 2023 को लगभग 04.30 बजे एक भारी ट्रॉली बैग के साथ घूम रहे एक पुरुष व्यक्ति को हिरासत में लिया है । प्लेटफार्म संख्या 01. टीकेबी छोर पर संदिग्ध हालत में घूम रहे व्यक्ति से आगे पूछताछ करने और बैग की जांच करने पर पता चला कि बैग शराब की बोतलों से भरा हुआ है। पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने अपनी पहचान प्रियांशु कुमार उर्फ गोलू कुमार, उम्र लगभग 20 वर्ष, पुत्र-किसोरी प्रसाद, निवासी-राजीव नगर, थाना-राजीव नगर, जिला-पटना (बिहार) का बताया है। इसके अलावा बैग की जांच करने पर नीले रंग के ट्रॉली बैग में कुल 27 बोतल शराब यानी 10 पीस बकार्डी ,750 एमएल, 12 पीस रॉयल स्टैग 750 एमएल, 02 पीस ब्लैक डॉग 750 एमएल और 03 पीस रॉयल स्टैग 375 एमएल मिला। मांगने पर वह उक्त शराब के समर्थन में कोई वैध प्राधिकार, रसीद या चालान प्रस्तुत करने में विफल रहा इसलिए एसआई मीना कुमारी ने आरपीएफ पोस्ट बोकारो के कर्मचारियों और सीओडीएस टीम की उपस्थिति में उपरोक्त शराब की बोतलों को जब्त करने की कार्रवाई किया गया है। उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए जब्त 27 शराब की बोतलों के साथ आरपीएफ पोस्ट बोकारो लाया गया। इस संबंध में राज्य उत्पाद शुल्क विभाग को सूचना दे दी गयी है। दिनांक 16 नवम्बर 2023 को, 01 गिरफ्तार व्यक्ति के साथ उपरोक्त जब्त शराब को उचित दस्तावेजीकरण के तहत आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग बोकारो को सौंप दिया गया है। मामले का विवरण बाद में उत्पाद विभाग द्वारा साझा किया जाएगा। जप्त शराब का मूल्य 25390 बताया जा रहा है।

# भगवान चित्रगुप्त पूजा के शुभ अवसर पर संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय के पौत्र कांग्रेस नेता श्री आशीष सहाय आबू धाबी से निमंत्रण

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 16 नवम्बर 2023 :- भगवान चित्रगुप्त पूजा के



शुभ अवसर पर संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कवि सहाय के पत्र समाजसेवी वह कांग्रेसी नेता श्री आशीष सहाय और उनके समस्त परिवार को अबू धाबी में स्थित बना रहे विशालकाय हिंदू मंदिर के निर्माण के लिए आमंत्रित किया गया । आमंत्रण को स्वीकार करते हुए। श्री आशीष सहाय ने अपने पूरे परिवार के साथ आबू धाबी पहुंचें।

और अबू धाबी में हिंदू मंदिर में हो रहे। निर्माण कार्यों को देखा। और सभी परिवार जन के साथ मंदिर के शिखर में लगने वाले इट की पूजा की। साथ ही साथ हजारीबाग वासियों। के प्रगति के लिए। एवं पूरे समाज को स्वास्थ्य और उनके उत्थान के लिए। प्रार्थना भी किए।

इस मौके पर श्री आशीष सहाय ने कहा की ये मेरे और मेरे पूरे परिवार के लिए। गर्व की बात है। की हिंदू मंदिर निर्माण कार्य के लिए। हम सभी को निमंत्रण दिया। और मैं, इस विशाल काय हिंदू मंदिर निर्माण कार्य का हिस्सा बन पाया।

# जनसमस्याओं को लेकर सेल अधिशासी निदेशक से मिले कुमार अमित

**दैनिक समाज जागरण साजिद ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित शहर के छठ घाटों पर व्रतियों के लिए समुचित व्यवस्था सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (कार्मिक और प्रशासन) राजन कुमार से उनके एडीएम बिल्डिंग कार्यालय में मिले एवं समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने की माँग की। कुमार अमित ने छठ पूजा में घाटों के जलाशयों में डैम से समय पूरे पर्याप्त पानी छोड़ने, स्वच्छता, अधिक संख्या में व्रतियों के कपड़ा बादलों हेतु चेंजिग रूम, लाइट, आकस्मिक चिकित्सा, गर्गा नदी स्थित बियाडा, चेकपोस्ट, गर्गा डैम आदि के घाटों पर छाई डलवाने आदि की समुचित व्यवस्था युद्ध स्तर करने की माँग की। इसके अलावे नरकरा सहित अन्य पंचायतो में आने वाले पूर्नवास क्षेत्र में सरकारी विकास योजनाओं के लिए सेल से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की वाध्यता समाप्त करने, सेल में ठेका पर स्वच्छता का काम कर रहे सभी सफाई कर्मचारियों को आवास आवंटन करने, शहर फल, सब्जी-



दूध विक्रेताओं और फुटपाथ दूकानदारों को लाइसेंस देकर स्ट्रीट वेंडर अधिनियम के तहत व्यवस्थित करवाने, दुन्दीबाद सहित सेक्टर 1,3, 8, 9,11 के जर्जर सड़कों की मरम्मत करने, सेक्टर 9 के पटेल चौक और रामडीह मोड़ पर हाई मास्ट लाइट लगान, रानीपोखर गाँव में सीएसआर से सेंसर लाइट लगवाने, उत्तरी विस्थापित क्षेत्र में सामुदायिक अस्पताल की व्यवस्था करे, बोकारो जेनरल अस्पताल में बंद पड़े मशीनों को ठीक कर उनकी संख्या बढ़ाते हुए सर्विस को दुरुस्त करने एवं इसे सुपरस्पेसलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने, उसके परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का काउण्टर लगाने सम्बंधी माँग शामिल हैं। इसे लेकर अमित ने अधिशासी निदेशक कार्मिक को एक माँग पत्र भी सौंपी। राजन कुमार ने इन माँगों पर सकारात्मक पहल करने आश्वासन भी दिया। इस दौरान भाजयुमो बोकारो नगर महामंत्री लालबाबू भी मौजूद थे।

# लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर सिमरबेडा नदी को किया गया सफाई व गहराई कारण

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 16 नवम्बर 2023:- विष्णुगढ़ प्रखंड के खरकी पंचायत के अंतर्गत सिमरबेड़ा मंडल टोला के नजदीकी नदी छठ घाट में गुरुवार को ग्रामीणों ने अपने निजी खर्च से जेसीबी लगाकर छठ घाट नदी को गहराई करण एवं साफ सफाई किया। यह कार्य समाजसेवी राजेंद्र मंडल



के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा अब कुछ दिन शेष बच्चे हुए हैं जिसको देखते हुए आज छठ घाट की साफ -सफाई एवं गहराई करण करवाई गई। ताकि छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी भी तरह की परेशानि नहीं हो। उन्होंने कहा कि नदी छोटी होने की वजह से पानी की संग्रह कम रहती है। पानी की संग्रह नहीं होने से काफी दिक्कत होती थी। अब गहराई करण से पानी की संग्रह होने पर व्रतियों को स्नान करने सहित अन्य किसी प्रकार के कार्यों में दिक्कत नहीं होगी। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु एक साथ अर्ध्य दे सकेंगे। पुनित कार्य मेंअर्जुन साव,रामप्रसाद साव दिलीप कुमार साव,विकास कुमार कयूम अंसारी इत्यादि ग्रामीण लोग मौजूद रहे।।

# पुलिस ने एक मारुति ऑल्टो कार के साथ अवैध अंग्रेजी शराब 228 बोतल जब्त किया

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 16 नवम्बर 2023:-विष्णुगढ़ पुलिस ने विष्णुगढ़-गोमिया मुख्य मार्ग बनासो के गरहमुर्गी में गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को मैरून मारुति ऑल्टो कार जेएच 09 एच 7493 के डिक्की एवं पिछले सीट में छुपा कर ले जा रही अवैध अंग्रेजी शराब 228 बोतल के साथ मारुति ऑल्टो कार को जब्त कर लिया है। इस बाबत बताया गया कि पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे को मिली गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई। वरीय पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे को सूचना मिली थी कि गोमिया की ओर से एक मैरून मारुति ऑल्टो कार अवैध अंग्रेजी शराब लेकर थाना क्षेत्र के सिमरिया होकर जीटी रोड बगोदर की ओर कालाबाजारी हेतु बिहार की ओर ले जाने वाले है। एसपी से इसकी जानकारी मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनुज उरांव विष्णुगढ़ के नेतृत्व में पुलिस दल का गठन किया गया। पुलिस का यह दल गरहमुर्गी में दोपहर शराब ले जा रही




कार को रोक कर जांच की तो कार की डिक्की और पीछे की सीट में रखें ब्लेंडर प्राइड( 750 एम एल) तीन कार्टून कुल 36 बोतल, इम्पीरियल ब्लू( 180 एम एल) दो कार्टून कुल 96 बोतल,रॉयल स्टेग( 375 एम एल) एक कार्टून कुल 24 बोतल, रॉयल चैलेंज (375 एम एल) एक कार्टून कुल 24 बोतल,इसके अलावे रॉयल चैलेंज( 180 एम एल) एक कार्टून कुल 48 बोतल अंग्रेजी शराब को जब्त किया गया। अवैध शराब के संदर्भ में ऑल्टो कार मालिक तथा चालक के विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 271/ 23 दिनांक 15. 11.23 धारा 414/ 272/ 273/ 290/ 34 भा0द0वी0 एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज की गई है।इस छापेमारी दल में एसडीपीओ अनुज उरांव,विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, स0अ0नि मनोज कुमार,विष्णुगढ़ थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# मां भद्रकाली शिक्षा एवं विकास केंद्र ट्रस्टी सह अध्यक्ष प्रकाश राम ने मां भद्रकाली छठ घाट का किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा( झारखंड)16नवंबर2023:- जिले के इटखोरी मे गुरुवार को मां भद्रकाली छठ घाट को साफ सफाई में जुड़े रहें पुलिस प्रशासन की सहयोग मां भद्रकाली छठ घाट का सभी कार्यकर्त्ताओं ने लगातार साफ सफाई में लगे हुए हैं, अभी दो दिन और यह कार्यक्रम चलेगा, मौके पर मां भद्रकाली शिक्षा एवं विकास केंद्र ट्रस्टी शासन अध्यक्ष प्रकाश राम ने भद्रकाली छठ घाट का किया निरीक्षण। आपको बता दे की छठ पूजा के अध्यक्ष दीपक गिरी हिंदुस्तानी ने छठ घाट में सभी विधि व्यवस्था को खरना के दिन तक पूरा कर लिया जाएगा यह जानकारी देते,हुए कहा की इस बार इटखोरी भद्रकाली मंदिर





छठ घाट की खूबसूरती बढ़ाने में कोई भी कमी नहीं छोड़ी जाएगी साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि छठ घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए संपूर्ण व्यवस्था की जाएगी साथ ही साथ ही अभी बताया कि जितने भी पार्वती आएंगे उन पर पुष्प वर्षा भी की जाएगी। इस मौके पर एसआई दुखीराम माहतो,एस-आई गौतम कुमार दास, रतन शर्मा,सतीश सिंह, सुधीर राय, कमलेश्वर पाण्डेय ,रोहित राम,प्रकाश दांगी, बद्री यादव,श्री राम चौरसिया,जुगेसर दांगी, रंजय भारती, अनिल अगरवाल, उपेंद्र शर्मा, पुनीत, कपिल राम, राहुल, डब्लू पाण्डेय ,मिठू ठाकुर,विनय गिरी,पंकज राम उपस्थित थे।

# प्रवासी मजदूरों की मौत का नहीं थम रहा सिलसिला, अब चैन्नई में डुमरी के मजदूर की गई जान

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह(झारखंड) 16 नवम्बर 2023:- गिरीडीह,बोकारो और हजारीबाग जिले में एक के बाद एक लगातार हो रही प्रवासी मजदूरों की मौत व विदेशो में फंसने का सिलसिला नहीं थम रहा है।इसी कड़ी में अब गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जामताड़ा निवासी स्वर्गीय रामेश्वर महतो के 35 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार महतो की चैन्नई में गुरुवार सुबह को मौत हो गई।इसकी सूचना सुबह मिलते ही यहां स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।वह चैन्नई में कृष्णा पॉवर नामक कंपनी में पॉवर ग्रीड का काम कर रहा था। उनकी पत्नी सावित्री देवी,पुत्र प्रेम कुमार(17) और राहुल कुमार(14) सभी के बीच मातम पसर गया है। परिजनों को यह भी नहीं पता कि कैसे उनकी मौत हो गई।प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।सरकार मजदूर हित में कुछ पहल नहीं कर रही है। मजदूरों का पलायन तेजी से हो रहा है। ऐसे में सरकार को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि चैन्नई से पैतृक गांव शव लाने के लिए हरसंभव मदद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# चारोंधाम की तीर्थ यात्रा कर अठारह दिनों के बाद 80 श्रद्धालु गुरुवार को लौटे घर।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा( झारखंड)16नवंबर2023:- जिले के इटखोरी प्रखण्ड के विभिन्न गांव मोहल्ले के गुरुवार को 80 की संख्या में श्रद्धालु चारोधाम की यात्रा कर लौटे घर। सभी श्रद्धालुओं को गाजे बाजे के साथ किया गया भव्य स्वागत। जत्थे में शामिल लोरम गांव के श्रद्धालु सालेंद्र सिंह व उनकी धर्मपत्नी मीना देवी ने बताया की ऋषिकेश, मथुरा, वृंदावन, काशी, प्रयागराज, मंगला गौरी ,अष्टभुजी दर्शन, इलाहाबाद प्रयागराज, चित्रकूट, छैवत दर्शन,सती अनसूया



,गोदावरी, हनुमान धारा, जय मां तारा , मां वैष्णो देवी, संगम स्नान, बनारस के बाद तीन धर्मों का संगम स्थल मां भद्रकाली मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर 18 दिनों के बाद घर वापस लौटे।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निरंजन कुमार सिंह, गोपाल सिंह, अजीत कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, साकेत कुमार सिंह,सोनल कुमार सिंह, मुंशी भुइया, सतीश सिंह, नारायन राणा, कुंदन कुमार सिंह, सौरव सिंह, बुटू राणा, समेत सैकड़ो महिला पुरुष शामिल थे।

# धनबाद में अलेप्पी एक्सप्रेस शंटिंग के दौरान हुई बेपटरी

**दैनिक समाज जागरण**

धनबाद : धनबाद-अलेप्पी एक्सप्रेस ट्रेन शंटिंग के दौरान बरमसिया रेलवे फाटक के पास पटरी से उतर गई। घटना की जानकारी मिलते ही रेल कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे।

वरीय अधिकारियों के निर्देश पर राहत-बचाव कार्य तुरंत शुरू कराया गया।

डेढ़-दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पटरी से उतरे रेल इंजन को वापस ट्रैक पर लाया गया। इस घटना के कारण धनबाद से अलेप्पी एक्सप्रेस ट्रेन लगभग दो घंटे विलंब से खुलने की सूचना जारी की गई। बदले समय के बाद यह ट्रेन दोपहर 1:35 बजे रवाना की गई।



घटना को लेकर बताया गया कि यार्ड से धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म-6 पर ले जाने के लिए अलेप्पी एक्सप्रेस को शंटिंग किया जा रहा था। इसी दौरान ट्रेन पटरी से उतर गई। खाली रैक होने से उस पर यात्री सवार नहीं थे।

डीआरएम ने दिए जांच के निर्देश

प्रारंभिक जांच में घटना का कारण अलेप्पी एक्सप्रेस के इंजन (पावर कार) के बफर में तकनीकी गड़ब्ड़ी बताया गया है। डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने जांच का निर्देश जारी कर दिया है।

# गंभीर मरीज को रांची के रिम्स अस्पताल में समर्पण एक नेक पहल संस्था के पहल पर समाजसेवी विद्याभूषण कुमार ने कराई रक्त की पूर्ति

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

दिवाली पर्व के दिन संस्था को यह दूसरा ब्लड डिमांड केस के बारे में संस्था के संरक्षक मनोज मंडल जी के द्वारा सूचित किया गया कि रांची के रिम्स अस्पताल में एक अट्ठाइस वर्षीय मरीज विक्रम कुमार सिंह को तत्काल एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता हैं, घर वाले धनबाद से रांची गए हैं इसलिए इन्हें रक्त की व्यवस्था नहीं हो पा रही हैं और बहुत परेशान हैं, संस्था से अनुरोध हैं कृपया इनकी मदद करें

सूचना प्राप्त होते ही संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष श्री दिपेश चौहान जी ने इसकी सूचना समाजसेवी विद्याभूषण जी को दिया उन्होंने रिम्स अस्पताल में ईलाजरत मरीज विक्रम कुमार सिंह के लिए माँ राम प्यारी ब्लड सेंटर प्रबंधक से बात कर तत्काल एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त उपलब्ध कराया, संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने बताया कि समाजसेवी विद्याभूषण जी के द्वारा दिवाली पर्व के दिन यह दूसरी मदद एक जरूरतमंद मरीज को रक्त उपलब्ध करा कर पूरा किया गया और इस नेक कार्य का पूरा श्रेय विद्याभूषण जी एवं संस्था के सक्रिय सदस्य मनोज मंडल जी को जाता हैं '

# पुरेंद्र ने किया 1000 छठव्रतीयों में चुनरी साड़ी,लौकी, आम की लकड़ी का वितरण

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 16 नवंबर 2023:झपिछले कई बरसों की भांति इस वर्ष भी रोड नं- 15, आदित्यपुर-2 स्थित मैदान में आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति द्वारा आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में जन सहयोग से 1000 छठव्रती माता- बहनों के बीच आज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम सरायकेला सुबोध कुमार, एसडीएम सरायकेला श्रीमती पारुल सिंह, विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी गम्हरिया गिरेंद्र टूटी, थाना प्रभारी आदित्यपुर राजन सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेश कुमार, थाना प्रभारी फ्क्ळ सागर महथा, युवा समाजसेवी आदित्य सिंह, असिस्टेंट सेक्रेटरी नितेश राज के कर कमलो द्वारा चुनरी साड़ी, लौकी एवं आम की लकड़ी का वितरण कूपन के माध्यम से किया गया ' एडीएम सरायकेला सुबोध कुमार एवं एसडीएम सरायकेला श्रीमती पारुल सिंह ने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर छठ घाटों की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी, ताकि छठव्रतियों को कोई परेशानी ना हो' पदाधिकारीद्वय ने समिति के कार्यों कि सराहना करते हुए कहा कि उगते और डूबते सूर्य की आराधना हमें जीवन में यह संदेश देती है कि जीवन के अच्छे और विपरीत समय में भी लोगों को अपना व्यवहार सामान बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के कमेटी मेंबर प्रमोद कुमार सिंह वीरेंद्र यादव, युवा राजद जिला अध्यक्ष उदित यादव, कुमार विपिन बिहारी प्रसाद,




देव प्रकाश, प्रमोद गुप्ता, अधिवक्ता संजय कुमार उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी 15 नवंबर से लेकर 18 नवंबर के बीच रोड नंबर- 15, आदित्यपुर-2 स्थित मैदान में आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति द्वारा आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में जन सहयोग से 2000 छठव्रती माता बहनों के बीच चुनरी साड़ी, मिट्टी के चूल्हे, चूल्हा बनाने हेतु इंट, मिट्टी के अलावा लौकी, आटा, आम की लकड़ी, चीनी, चावल इत्यादि का वितरण कूपन के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है। पुरेंद्र नारायण सिंह ने बतलाया कि आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति के कार्यकर्ता चयनित क्षेत्र में छठव्रती माता- बहनों के घर-घर जाकर कूपन का वितरण कर रहे हैं' उन्होंने बतलाया कि 15 नवंबर से लेकर 18 नवंबर तक कूपन में दिए गए स्थान और समय पर पूजन सामग्री का वितरण अतिथियों के कार्यक्रमों द्वारा किया जाएगा। ज्ञातव है कि आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति द्वारा पूजन सामग्री छठव्रती या उनके परिवार के 18 वर्ष या उससे ऊपर के ही सदस्य को कूपन के आधार पर दिया जा रहा है ' कार्यक्रम को सफल बनाने में आशुतोष कुमार गुप्ता, गणेश चौबे, संकेत चौधरी, शुभम तिवारी, धीरज पांडे, सनी तिवारी बैजू यादव, रंजन तिवारी, सौरभ गुप्ता, रोहित कुमार शर्मा, ऋषि गुप्ता, अजय कुमार ठाकुर, अरविंद कुमार सिंह, विवेक राणा, विशाल राणा, अजय यादव, राजेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कालीचरण मुंडा ने खरसावां के पदमपुर प्रसिद्ध मां काली मेला में हुए सम्मिलित,पूजा कर क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए मांगा आशीर्वाद

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

खरसावां प्रखंड क्षेत्र के पदमपुर तेलीसाई में प्रसिद्ध सात दिवसीय काली मेला में खुंटी लोकसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने गुरुवार को मां काली के दरबार में पहुंचकर पूजा अर्चना कर उन्होंने राज्य व खरसावां वासियों की खुशियली सुख शांति व समृद्धि के लिए कामना की। मौके पर श्री मुंडा ने कहा कि इस संसार में मां एक महाशक्ति है। अलग-अलग रूपों में इसके द्वारा हमें सब कुछ प्राप्त होता है। मां काली से हम सभी की प्रार्थना है। कि देश व समाज के अत्याचार दुराचार को समाप्त कर। मानवता की भावना को पैदा करें। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा छोटा राय किसकु प्रखंड अध्यक्ष कोंदो कुंभकार अनिरूद सिंह सुब्रतो सिंह अंकित सिंह सुरज समाड सकारी दोंगो शंकर लोवादा कन्हैया लाल समाड बलभद्र महतो राहुल मोदी वीरेंद्र नायक अजीत कडेयाग सौरव तांती बुधराम दिग्गी ईश्वर बानरा फागु मुंडा बबलू कुमार मासाहिद खान मोहम्मद भुटो आदि उपस्थित थे। आपको बता दें कि सात दिवसीय मेला में दर्शकों को आकर्षक करने के लिए बिजली झूला मौत कुंआ म्यूजिक झूला बुगी बुगी ओड़िया ओपेरा जादुगर जैसे विभिन्न प्रकार की दुकान लगी हुई है ताकि बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक मनोरंजन कर सके।

# एआइएसएमजेडब्ल्यूए ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा मांग पत्र

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल के ऑल इंडिया स्मॉल एण्ड मीडियम जर्नलिस्ट वेल्फेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर गुरूवार को मुख्य मंत्री के नाम अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल को नौ सूत्री मांग पत्र सौंपा।अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपे गए पत्र के माध्यम से एआइएसएमजेडब्ल्यूए ने मुख्य मंत्री झारखंड सरकार से मांग किया है कि 10वर्षो में पत्रकारों पर दर्ज फर्जी मामले की सीआईडी जांच हो।पत्रकार साथियों पर अनुसंधान के नाम पर विभिन्न थानों में दर्ज लंबित मामलों के अनुसंधानकताओं से भी स्पष्टीकरण मांगा जाए। राज्य में पत्रकार सम्मान सुरक्षा योजना लागु हो।विभिन्न जिलों में फर्जी पत्रकार और चैनलों की जांच उस जिले के डीपीआरओ को सौंपी जाए। पत्रकारों को मिलने वाली बीमा योजना की अनुदान राशि 90प्रतिशत कर योजना को शीघ्र लागु की जाए ।पत्रकारों को मिलने वाली एक्रिडेशन सुविधाएं पुनः बहाल हो।एक्रिडेशन कमेटी में हर जिले से एक बुजूर्ग पत्रकार को शामिल किया जाए ताकि सुविधा देने में हो रहे भेदभाव समाप्त हो।राज्य में पत्रकार आयोग का गठन हो।किसी भी पत्रकार पर दर्ज होने वाले मामले की जांच डीएसपी रैंक के अधिकारी से शुरू हो आदि मांगे शामिल है।

# बेलगरिया छठ घाट की सफाई शुरू

**दैनिक समाज जागरण**

बलियापुर : आज बलियापुर प्रखंड के पालानी पंचायत व न्यू टाउन बेलगरिया स्थित छठ तालाब में सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी व भाजपा नेत्री श्रीमती तारा देवी के निर्देशअनुसार स्थानीय ग्रामीण नवयुवकों के सहयोग से छठ तालाबों की साफ सफाई की गई। मौके पर बलियापुर पश्चिम मण्डल अध्यक्ष मंटू रवानी, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, मिथलेश सिंह, नगर मंत्री राहुल मिश्रा, अशोक कुमार महतो मनोहर राय, राजू निषाद गोबिंद कुमार, संतोष राय, दीपक कुमार, पप्पू यादव, दिनेश यादव, अशोक रवानी पप्पू कुमार, पिंकू रवानी आदि मौजूद थे।

# लोकतंत्र के पर्व का आज निर्णायक दिन, ईवीएम में कैद होगा 31 प्रत्याशियों का भविष्य

अनूपपुर। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव शोरगुल समाप्त होने के बाद 17 नवंबर मतदान का दिन है, जहां 31 प्रत्याशियों का भविष्य अनूपपुर जिले की 5 लाख 29 हजार 156 मतदाता तय करेंगे। आज लोकतंत्र का वह पर्व है जहां मध्य प्रदेश की जनता अपने अधिकार का प्रयोग कर अपने लिए सत्ता शासन का चयन करेगी। 2018 में जनता ने अनूपपुर जिले से अपना जनाधार कांग्रेस के पक्ष में दिया था, समय के साथ स्थिति बदली और अनूपपुर जिले से पूर्व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बिसाहू लाल सिंह ने पाला बदल लिया और उपचुनाव में जीत हासिल कर अनूपपुर जिले में भाजपा का खाता खोल दिया था। 2018 से इस बार परिस्थितियों बिल्कुल विपरीत है। तीनों ही सीट पर कांटे की टक्कर देखी जा रही है। किस करवट बैठेगा इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सका है मतदाता साइलेंट तरीके से अपना मत तय कर चुके हैं जिसे आज मतदान पेटी के माध्यम से प्रत्याशियों के भविष्य पर मोहर लगा दी जाएगी जिसका परिणाम 3 दिसंबर को अनूपपुर पॉलिटेक्निक ग्राउंड से प्रसारित होगा।

अनारक्षित सीट पर 15 प्रत्याशियों के भविष्य तय करेगी कोतमा की जनता

अनूपपुर जिले के कोतमा विधानसभा एकमात्र ऐसी विधानसभा क्षेत्र है जहां सर्वाधिक प्रत्याशी अपना भविष्य और किस्मत आजमा रहे हैं। अनारक्षित कोतमा विधानसभा सीट से 15 प्रत्याशी मैदान पर खड़े हैं वहीं कोतमा विधानसभा क्षेत्र 01 लाख 50 हजार 365 मतदाता अपना मतदान देकर किसी एक प्रत्याशी को कोतमा की अनारक्षित सीट पर विजय घोषित 3 दिसंबर को करेगी। कोतमा विधानसभा सीट में 75 हजार 907 पुरुष तथा 74 हजार 452 महिला मतदाता तथा 6 अन्य मतदाता आज के दिन मतदान करेंगे। कोतमा दो पंचवर्षीय से कांग्रेस की सीट रही है देखना यह है कि इस बार सीट से बदलाव की स्थिति बनती है या फिर कांग्रेस दोबारा सीट पर काबिज होगी। 2013 विधानसभा चुनाव में मनोज अग्रवाल ने कांग्रेस पार्टी की तरफ से 38319 मत प्रप्त कर स्वर्गीय राजेश सोनी को हराया था, जिसमे जीत हार का अंतर 1500 के आस पास था। 2018 की विधानसभा चुनाव में सुनील सराफ ने कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर 48249 मतदान प्राप्त किए थे और दिलीप जायसवाल को लगभग 11हजार से अधिक वोटो से मात देकर विधायक बने थे। देखना यह है कि इस बार कोतमा की जनता किस पर अपनी मोहर लगती है।

पुष्पराजगढ़ में निर्दलीय प्रत्याशी पर होगी जनता की नजर

पुष्पराजगढ़ विधानसभा सीट में दो पंचवर्षीय चुनाव से कांग्रेस काबिज रही है इस बार भारतीय जनता पार्टी ने युवा प्रत्याशी चुनकर कांग्रेस के प्रत्याशी को कड़ी टक्कर दी है। लेकिन इस बार पुष्पराजगढ़ सीट से निर्णायक मतदान या फिर कहा जाए तो निर्दलीय प्रत्याशी निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा किए गए मुख्य पार्टियों को नुकसान के भरोसे दोनों ही पार्टियों बैठी हुई है निर्दलीय प्रत्याशी और गोंगपा प्रत्याशी के बटोरे गए मत के अंतर से कांग्रेस और भाजपा में जीत हार का अंतर तय होगा। पुष्पराजगढ़ विधानसभा सीट से 2 लाख 480 मतदाताओं द्वारा मतदान कर 11 प्रत्याशियों का भविष्य तय करेंगे।

कांग्रेस और भाजपा में कड़ी टक्कर पर लगेगी आज जनता की मोहर

अनूपपुर विधानसभा अंतर्गत 1 लाख 78 हजार मतदाताओं द्वारा अनूपपुर जिले से मंत्री बने हुए विशाल लाल और कांग्रेस के



प्रत्याशी रमेश सिंह के बीच हो रहे कांटे की टक्कर के मुकाबले में आज जनता की मोहर लगना तय हो गया है। जनता के द्वारा लोकतंत्र पर्व की अंतिम अवसर पर अपना मतदान देकर सशक्त प्रशासन बनाए जाने के लिए अपना योगदान दे रही है अनूपपुर जिले के तीन विधानसभा सीट पर जनता का रुख किसी और होगा यह तो स्पष्ट 3 दिसंबर को होगा लेकिन वर्तमान स्थिति में सभी पार्टियों में कांटे की टक्कर देखी जा रही है जो की जनता की जागरूकता की एक झलक है। देखना होगा कि निर्णायक समय पर जनता किसे अपना शासन सौंपती है।

सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच होगा मतदान

कोतमा, अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई हैं। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम भी किए गए हैं। जिले के 699 मतदान केन्द्रों में से 404 मतदान केन्द्रों की वेबकास्टिंग की जाएगी। जिनमें 137 संवेदनषील मतदान केन्द्र भी शामिल हैं। निर्वाचन मतदान के सुचारू संचालन के लिए 70 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिले के विधानसभा क्षेत्रों में 26 आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। जहां मतदाताओं के सुविधाओं के साथ ही आकर्षक साज-सज्जा की गई है। इसी प्रकार 45 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ बनाए गए हैं। 235 मतदान केन्द्रों में 2 महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था की गई है। जिले के 137 मतदान केन्द्रों में माइक्रो आब्जर्वर की तैनातगी भी की गई है। उल्लेखनीय है कि 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए जिले के 5 लाख 29 हजार 156 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जिनमें 2 लाख 66 हजार 291 पुरुष तथा 2 लाख 62 हजार 855 महिला मतदाता तथा 10 अन्य मतदाता शामिल हैं।

निर्वाचन को सुव्यवस्थित संपन्न कराने सख्त रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

विधानसभा निर्वाचन में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सुरक्षा की सख्त व्यवस्था रहेगी। जिले के सभी मतदान केन्द्र स्तर पर सुरक्षा बलों की तैनातगी की गई है। 70 निर्वाचन सेक्टरों में सेक्टर अधिकारियों के साथ 2 पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त निर्वाचन की शुचिता को बनाए रखने के लिए केन्द्रीय सुरक्षा बल की 10 कम्पनियां जिले में तैनात की गई है। 620 बिहार पुलिस के जवान भी जिले की सुरक्षा की कमान संभालेंगे। निर्वाचन के दौरान कार्यपालिक दण्डाधिकारियों के साथ पुलिस बल के साथ ही क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) थाना स्तर पर बनाई गई है। कन्ट्रोल रूम स्थापित कर विशेष सुरक्षा दस्ता तैनात किया गया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों का सतत भ्रमण कर चप्पे-चप्पे पर नजर रखेंगे। जिले में बनाए गए 699 मतदान केन्द्रो में विशेष पुलिस अधिकारियों की तैनातगी की गई है। एसएसटी में 27 व एफएसटी में 9 पुलिस अधिकारी की ड्यिूटी सुनिश्चित की गई है।

# पुलिस अधीक्षक ने मतदाताओं से की मतदान करने की अपील

अनूपपुर

विधानसभा निर्वाचन के लिए अनूपपुर जिले के सभी तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह पवार ने जिले के सभी मतदाताओं से निर्भय होकर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए कड़े प्रबंध किए गए हैं। मतदाता स्वयं मतदान करने के साथ अन्य मतदाताओं को भी मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित करें। सभी मतदाता निर्भय होकर तथा दबावमुक्त होकर निष्पक्षता से मतदान करें।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

उमरिया-कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुध्देश कुमार वैद्य व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता वॉलिंटियर्स के द्वारा नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम आयोजित कर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया तथा 17 नवंबर को मतदान करने की अपील भी की गई ।



मतदाता जागरूकता वॉलिंटियर हिमांशु तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने का अधिकार है। राजकुमार शर्मा ने कहा कि महिलाएं भी सबसे पहले वोट डालें और उसके बाद भोजन व अन्य काम करें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति वोट डालने से वंचित न रह जाए। मतदान के महत्व को समझाया और इसमें सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। मंच के माध्यम से संदेश दिया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब का दायित्व है कि देश में स्वच्छ एवं निष्पक्ष सरकार चुनने के लिए अपने मत का प्रयोग करें। जनसामान्य से आग्रह किया गया कि वे मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान अवश्य करें, जिससे लोकतंत्र मजबूत हो।इस दौरान मतदाता जागरूकता वॉलिंटियर हिमांशु तिवारी,खुशी सेन, शिखा बर्मन ,स्वाति त्रिपाठी, वैष्णवी बर्मन, अक्षत त्रिपाठी,रागिनी बर्मन, मिराज नियाजी,प्रियंका बैगा,प्रिया बैगा,सानिया बर्मन, रामरती बैगा,ज्योति कोल एवं सभी उपस्थित रहे।

# सशक्त लोकतंत्र के लिए प्रत्येक नागरिक 17 नवम्बर को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे- मिश्रा

अनूपपुर। चिंतक उमाकांत मिश्र ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि 17 नवंबर 2023 को नई सरकार बनाने के लिए मध्यप्रदेश सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का दिन बेहद महत्वपूर्ण दिनों में शुमार होने जा रहा है। मध्यप्रदेश की सभी 230 सीटों के लिए भी मतदान होना है,प्रदेश के 5 करोड़ 60 लाख मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे और प्रदेश का भविष्य तय करेंगे।प्रदेश में इस बार पुरुष एवं महिला मिलाकर लगभग पच्चीस लाख मतदाता बढ़े हैं।भारत का संविधान सभी देश के नागरिकों को मतदान का अधिकार देता है,इस अधिकार का प्रयोग हम सभी को अपना पहला कर्त्तव्य मानते हुए पूरा करना चाहिए।

सशक्त लोकतंत्र के लिए इस पर्व में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। चिंतक उमाकांत मिश्रा ने प्रदेश के सभी लोगों खासकर अपने जिले के लोगों से अपील व आग्रह किया है कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी लोग अपने घरों से बाहर निकलें और मतदान कर के लोकतंत्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

एक मत से भी प्रत्याशी की हार-जीत होती है।ऐसे में सभी को अपना बहुमूल्य मतदान जरूर करना चाहिए।कई लोग यह सोचकर वोट डालने नहीं जाते हैं कि हमें चुनाव से क्या लेना देना है। मेरे एक वोट से क्या होगा...? ऐसा नहीं होना चाहिए।हमें चुनाव में पूरी दिलचस्पी दिखानी चाहिए।खास तौर से युवा वर्ग जो 18 साल की उम्र के नौजवान वोटर है,जिन्होंने पहली बार अपने वोट के हक का इस्तेमाल करना है,वे अपने वोट की कीमत समझें और अपने मताधिकार का उपयोग करें।दिव्यांग और बुजुर्ग वोटर भी अपने वोट के हक का इस्तेमाल करते हैं,उनसे प्रेरणा लें। समाज को नई दिशा देने के लिए हमें अच्छी सरकार को चुनना होगा।लोकतंत्र की खूबसूरती मताधिकार में ही है।ऐसे में मताधिकार करना बहुत जरूरी है और वह भी सोच- समझकर।सबसे पहले वोट करें फिर सारे काम करें,मतदान आपका हक है और जिम्मेदारी भी।

# इटावा में 12 घंटे में दो ट्रेन हादसे, हमसफर और वैशाली में लगी आग ,दो दर्जन घायल

सुनील बाजपेई

कानपुर / इटावा / इटावा जिले में 12 घंटे के अंदर दो बड़े ट्रेन हद से हो गए । यह दोनों हादसे ट्रेन की बोगियों में आग लगने की घटना के हैं। जिसमें तकरीबन दो दर्जन से अधिक यात्रियों के घायल होने की खबर है। इनमें से 19 यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से रेलवे प्रशासन में हड़कंप है। वहीं समाचार लिखे जाने तक दिल्ली हावड़ा मार्ग की कई ट्रेनमें घंटों लेट चल रही है। उनका संचालन पहले की तरह अभी तक व्यवस्थित नहीं किया जा सका है। इसे जल्द ही ठीक किए जाने का दावा किया गया है।

इस घटना सेकानपुर सेंट्रल स्टेशन में भी सैकड़ों यात्री बहुत परेशान दिखे ` इनमें सर्वाधिक संख्या उनकी है जिन्हें छठ पूजा में अपने घर पहुंचना है।

घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक उस समय हमसफर एक्सप्रेस नई दिल्ली से दरभंगा जा रही थी। तभी विस्फोट के साथ अचानक उसकी बोगियों में आग लग गई ।

हमसफर एक्सप्रेस में आग लगने के बाद डाउन रेलवे ट्रैक बाधित हो गया। इसके पीछे चल रही सराय भूपत रेलवे फाटक पर विक्रमशिला एक्सप्रेस, बलरई रेलवे स्टेशन पर टूंडला से कानपुर की तरफ जाने वाली मेमो ट्रेन और आसनसोल भावनगर एक्सप्रेस के अलावा भदान रेलवे स्टेशन पर गोमती एक्सप्रेस खड़ी हो गई।

आग लगने की घटना के दौरान कई यात्री चलती ट्रेन से कूदने और आग से भी घायल हो गए। सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू करते हुए घायलों को अस्पताल भिजवाया।

इसी घटना के 12 घंटे बाद आज गुरुवार की सुबह तड़के इटावा में ही वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस की भी एक बोगी में आग लग गई है। ये आग पैंट्री कार के बगल वाली एस-6 बोगी में लगी, जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में को भीमराव अंबेडकर संयुक्त चिकित्सालय में भेजा गया है।

वैशाली एक्सप्रेस में लगी आग के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रेन के पैंट्री कार के बगल वाली बोगी में आग थी। जिसमें 19 लोग घायल हैं।

इनमें से ग्यारह लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। जिन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। आठ लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें कुछ लोगों को बर्निंग है और एक यात्री को चोट लगी है।



19 यात्रियों के घायल होने की खबर हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी में ही बताया गया कि

आज गुरुवार सुबह दिल्ली से सहरसा जा रही वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की एस-6 बोगी में आग लग गई। 12 घंटों में दूसरी ट्रेन में आग की खबर से हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाने के लिए चीखने-चिल्लाने लगे। इस हादसे में 19 यात्री घायल हो गए हैं। इनमें से 11 यात्रियों को सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया और आठ यात्रियों फिलहाल समाचार लिखे जाने तक आग के कारणों को पता नहीं चल पाया है। यही नहीं इससे पहले बुधवार शाम को नई दिल्ली से दरभंगा जा रही दरभंगा एक्सप्रेस की तीन बोगियों में आग लग गई थी, इस हादसे में भी आठ यात्री घायल हो गए, सभी की हालत खतरे से बाहर है। डीएम अवनीश राय के मुताबिक किसी को गंभीर चोट नहीं है। ट्रेन से तीनों जली हुई बोगियों को हटाकर ट्रेन को आगे रवाना कर दिया गया है। ट्रेन में आग कैसे लगी रेलवे इसकी जांच कर रही है।

# कानपुर : पुलिस कमिश्नर के गहन निरीक्षण में पास हुई इंस्पेक्टर देवेंद्र दुबे की कर्मठता

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां के पुलिस कमिश्नर डॉ .आर स्वर्णकार ने चुनौती पूर्ण थाना गोविंद नगर का गहन निरीक्षण किया। जिसमें अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ितों की सहायता के मामले में प्रभारी निरीक्षक की कार्यशैली भी संतोषजनक पाई गई। गोविंद नगर के इस निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर आरके स्वर्णकार ने वहां की साफ, सफाई, कार्यालय, दस्तावेजों का रखरखाव, महिला हेल्प डेस्क आदि को देखा। साथ ही विवेचनाओं को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से शीघ्र निस्तारित किये जाने आदि के आदेश निर्देश भी दिए। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नर डॉक्टर आरके स्वर्णकार द्वारा इस गहन निरीक्षण के दौरान थाना गोविंद नगर लगभग आल इज वेल पाया गया।



अवगत कराते चलें कि पुलिस कमिश्नर डॉ. आरके स्वर्णकार द्वारा जिस गोविंद नगर थाने का निरीक्षण किया गया। उसकी कमान आजकल तेज तर्रार और व्यवहार कुशल इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार दुबे के हाथ में है। जहां तक प्रभारी निरीक्षक गोविंद नगर के रूप में इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार दुबे की चुनौतीपूर्ण नियुक्ति का सवाल है , उसे उनकी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा के साथ करना ही माना जा रहा है। निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा और भगवान तथा भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले जुझारू थाना प्रभारी देवेंद्र दुबे अपनी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने के साथ ही पीड़ितों की सहायता के मामले में भी अव्वल रहे हैं।

# बड़ी तुम्मी पहाड़ से नीचे गिरी कार,परिवार के कई जख्मी

पाली थाना अंतर्गत घुनघुटी के पहाड़ पर मौजूद बड़ी तुमी में बड़े हादसे की खबर है।बताया जाता है कि शहडोल निवासी एक परिवार बडी तुमी पर्यटन स्थल सुबह घूमने आया था,वापसी के दौरान चार पहिया वाहन क्रेटा अनियंत्रित हुई और करींब 200 फिट पहाड़ से नीचे चली गई,हादसे में पूरा परिवार वाहन में फंस गया था,परन्तु संजोग से किसी के हताहत होने की खबर नही है।हालांकि घटना की जानकारी पर घुनघुटी पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार के सभी घायलों को वाहन से बाहर निकालकर शहडोल अस्पताल भेजा गया है,जहाँ फिलहाल सभी उपचारार्थ है।हादसे में शहडोल के विपुल रजवानी, पिता अजय रजवानी, नितिन रजवानी, बेटी कशिश रजवानी, सूती लालवानी,आयुषी लालवानी, खुशी जेठानी घायल बताए जा रहे है।इस हादसे में क्रेटा चार पहिया वाहन एमपी 20 सीके 4777 भी क्षतिग्रस्त बताई जा रही है।

# लोकतंत्र को सशक्त बनाने अवश्य करें मतदान- कलेक्टर श्री दुबे

रायसेन

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने रायसेन जिले के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 में अपनी सहभागिता निभाते हुए मतदान करने का आव्हान किया है। कलेक्टर श्री दुबे ने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व होता है। दिनांक 17 नवम्बर को अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर शत-प्रतिशत मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। मतदान केन्द्रों पर सहज, सुगम और समावेशी मतदान के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रदेश में पहली बार मतदान में मुख्य रूप से दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिये विशेष सुविधायें प्रदान की गई हैं। इन मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गयी थी। सक्षम एप के माध्यम से कोई भी दिव्यांग मतदाता अपने लिये व्हीलचेयर या अन्य सहायक उपकरण के लिये अनुरोध कर सकते हैं। बुजुर्गों को कतार में न लगाना पड़े, इसके लिए उन्हे पहले मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। सभी मतदान केंद्रों पर छाया, पीने के पानी एवं शौचालय की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।

# मतदान दल निर्वाचन सामग्री के साथ बसों से मतदान केंद्रों तक पहुंचे, जिला एवं पुलिस प्रशासन हुआ अलर्ट

रायसेन।मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 कार्यक्रम अनुसार जिले की चारों विधानसभाओं में 17 नवंबर को प्रातः 07 बजे से शाम 06 बजे तक मतदान होना है। मतदान संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निदेर्शानुसार चारों विधानसभाओं में निर्धारित स्थलों पर 16 नवम्बर को मतदान दलों को सामग्री प्रदान कर बसों के माध्यम से मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। मतदान केन्द्रों पर पहुंचने पर मतदान दलों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। सांची विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को स्वामी विवेकानन्द शासकीय महाविद्यालय रायसेन में निर्वाचन सामग्री प्रदान कर बसों के माध्यम से मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने स्वामी विवेकानन्द शासकीय महाविद्यालय रायसेन पहुंचकर मतदान सामग्री वितरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दलों से संवाद कर उन्हें निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। साथ ही शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल, सांची विधानसभा की रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया भी उपस्थित रहीं कलेक्टर श्री दुबे ने बताया कि रायसेन जिले की चारों विधानसभाओं में सभी 1226 मतदान केंद्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां की गई हैं। होटलों, धर्मशालाओं आदि की जांच की जा रही है। एसएसटी दल, एफएसटी दल तथा पुलिस बल द्वारा भी सघन जांच की जा रही है। निर्वाचन प्रचार-प्रसार हेतु जिले में आए ऐसे नागरिक जो रायसेन जिले के मतदाता नहीं हैं, उन्हें भी जिले की सीमाओं से बाहर जाने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान दलों को आज मतदान सामग्री प्रदान कर बसों से मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जा रहा है। जिले की चारों विधानसभाओं में 10-10 आदर्श मतदान केन्द्र, पिंक बूथ बनाए गए हैं। इनके अतिरिक्त महिला मतदान केन्द्र भी बनाए गए हैं, जिनमें मतदान दल के सभी सदस्य महिलाकर्मी हैं।

मप्र विधानसभा निर्वाचन हेतु रायसेन जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1226 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। रायसेन जिले में कुल 1007875 मतदाता हैं, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 525474 है तथा महिला मतदाताओं की संख्या 482373 है। अन्य मतदाताओं की संख्या 28 है।

क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के भीतर लगाए गए हैं सीसीटीवी

जिले में विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। जिले में लगभग 6000 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही 4300 से अधिक पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिले की चारों विधानसभाओं में कुल 645 क्रिटिकल मतदान केन्द्र हैं। इनमें विधानसभा क्षेत्र उदयपुरा में 186, भोजपुर में 155, सांची में 166 तथा सिलवानी में 138 क्रिटिकल मतदान केन्द्र हैं। इन सभी 645 क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के भीतर सीसीटीवी लगाए गए हैं। इनके अतिरिक्त कुल 44 जगहों पर भी कैमरे लगाए गए हैं।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 140-उदयपुरा



मप्र विधानसभा निर्वाचन हेतु रायसेन जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-140 उदयपुरा में 308 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 186 क्रिटिकल/50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों के भीतर सीसीटीवी लगाए गए हैं। उदयपुरा विधानसभा में 130 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं तथा मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने 339 मतदान दल बनाए गए हैं। इन 339 दलों में कुल 1356 अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उदयपुरा विधानसभा में कुल 262082 मतदाता हैं, जिनमें 136690 पुरूष मतदाता, 125387 महिला मतदाता और 05 अन्य मतदाता शामिल हैं।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 141-भोजपुर

मप्र विधानसभा निर्वाचन हेतु रायसेन जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-141 भोजपुर में 310 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 155 क्रिटिकल/50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों के भीतर सीसीटीवी लगाए गए हैं। भोजपुर विधानसभा में 83 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं तथा मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने में 341 मतदान दल बनाए गए हैं। इन 341 दलों में कुल 1364 अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। भोजपुर विधानसभा में कुल 255838 मतदाता हैं, जिनमें 133131 पुरूष मतदाताए 122693 महिला मतदाता और 14 अन्य मतदाता शामिल हैं।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 142-सांची

मप्र विधानसभा निर्वाचन हेतु रायसेन जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-142 सांची में 332 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 166 क्रिटिकल/50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों के भीतर सीसीटीवी लगाए गए हैं। सांची विधानसभा में 100 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं तथा मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने 365 मतदान दल बनाए गए हैं। इन 365 दलों में कुल 1460 अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सांची विधानसभा में कुल 264582 मतदाता हैं, जिनमें 137657 पुरूष मतदाता, 126918 महिला मतदाता और 07 अन्य मतदाता शामिल हैं।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-143 सिलवानी

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-143 सिलवानी में 276 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 138 क्रिटिकल/50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों के भीतर सीसीटीवी लगाए गए हैं। सिलवानी विधानसभा में 86 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं तथा मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु 304 मतदान दल गठित किए गए हैं। इन 304 मतदान दलों में कुल 1216 अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सिलवानी विधानसभा में कुल 225373 मतदाता हैं। जिनमें 117996 पुरूष मतदाता, 107375 महिला मतदाता और 02 अन्य मतदाता शामिल हैं।

# भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने बाजार में पैदल चलकर किया जन संपर्क, व्यापारियों ने किया स्वागत

रायसेन। सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा नेता नरेंद्र सिंह कुशवाह, जमना प्रसाद सेन, बृजेश चतुर्वेदी, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, राजकुमार यादव, भूपेंद्र वर्मा, भैया लाल कुशवाहा के साथ शहर के बाजार में घूम कर व्यापारी वर्ग से जनसंपर्क किया एवं उनसे आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उनका व्यापारी वर्ग के लोगों ने पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर चौधरी ने जनसंपर्क की शुरूआत गंज बाजार स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात बाजार में भ्रमण किया एवं व्यापारियों से मिलकर उनसे आशीर्वाद मांगा, उन्होंने गंज बाजार, भोपाल मार्ग, भोपाल सागर चौराहा, रामलीला गेट के सामने, महामाया चौक, सांची मार्ग, माता मंदिर चौराहा होते हुए रामलीला मार्केट में व्यापारी वर्ग के लोगों से जनसंपर्क कर आशीर्वाद प्राप्त किया व्यापारी वर्ग के लोगों ने उत्साह के साथ उनका पुष्प हारो के साथ जोरदार स्वागत किया।

## एसपी संग कलेक्टर ने मतदान स्थल का किया निरिक्षण,मतदान कर्मियों से पूछा हालचाल

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट। (17 नवम्बर )जिला निर्वाचन अधिकारी ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और एसपी समीर सौरभ सिंह गुरुवार को मतदान दलों के मतदान केंद्रों पर पहुँचने के बाद व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुँचे। दोनों ही अधिकारियों ने कटंगी विधान सभा के अगारी मतदान केंद्र क्रमांक 152, लखनवाड़ा मतदान केंद्र क्रमांक 151, आगासी मतदान केंद्र क्रमांक 133 व 134 तथा उमरी के मतदान केंद्र क्रमांक 169 का जायजा लिया। डीईओ ड़ॉ. मिश्रा ने इस दौरान दलों से प्रशन्नता पूर्वक हाथ मिलाते हुए सभी से परिचय प्राप्त किया। साथ ही मेडिकल किट मांगते हुए बताया कि इसमें मच्छरों से बचाव के लिए ऑइंटमेंट तथा ऑडोमास दोनों रखें गए है। मतदान केंद्र लखनवाड़ा के पीठासीन अधिकारी श्री कार्तिक गिरी गोस्वामी ने बताया कि मैंने अब तक 4 बार मतदान कराया है। सबसे अच्छी व्यवस्थाओ के साथ मतदान केंद्रों पर पहुँचे है। इसके अलावा मतदान केंद्रों पर पहुँचने पर आज से पहले कभी स्वागत नही हुआ। डीईओ ड़ॉ. मिश्रा ने दलों से मतदान सामग्री, सेक्टर अधिकारी के नम्बर, पोस्टल बैलेट से मतदान करना,100 मीटर व 200 मीटर के दायरे आदि की जानकारी प्राप्त की